

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorcha.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 79 | शनिवार, 02 मई 2026 | बैशाख शुक्ल शषटी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया

## एक नजर



### जेवर से 15 जून से उड़ेगी कमर्शियल फ्लाइट

**नोएडा।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (एनआईए) 15 जून से वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन शुरू करेगा। एनआईए ने शुक्रवार को यह घोषणा की। हवाई अड्डा संचालक के बयान के अनुसार, पहली यात्री उड़ान का संचालन इंडिगो करेगी, जिसके बाद अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी जल्द परिचालन शुरू करेंगी। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन और नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से हवाई अड्डा सुरक्षा कार्यक्रम (एएसपी) की मंजूरी मिलने के बाद यह कदम उठाया गया है। इस मंजूरी से यह पुष्टि होती है कि हवाई अड्डे की सुरक्षा प्रणाली, ढांचा और परिचालन प्रक्रियाएं वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करने से पहले नियामकीय मानकों के अनुरूप हैं। कंपनी ने कहा कि उड़ानों के समय, गंतव्यों और यात्री सुविधाओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी जल्द जारी की जाएगी।

### मजदूर दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने सुल्तानपुर कार्यालय में शुक्रवार को एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान 1886 के शिकागो आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और वर्तमान रेल नीतियों के खिलाफ एकजुटता का संकल्प लिया गया। शाखा अध्यक्ष ज्योति श्रीवास्तव ने सभी रेलकर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि मजदूर दिवस केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं, बल्कि पूर्वजों के बलिदान और अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष का प्रतीक है।

## बहन के कंकाल ने दिलाया हक

**भुवनेश्वर/ केंदुझर।** व्यवस्था की संवेदनहीनता ने एक आदिवासी भाई को अपनी मृत बहन की लाश नुमाइश करने पर मजबूर कर दिया। हालांकि अब सरकारी और निजी मदद की झड़ी लग गई है, लेकिन यह घटना बैंकिंग सिस्टम की खामियों पर गहरे सवाल छोड़ गई है।

ओडिशा के केंदुझर जिले से आई एक हृदयविदारक तस्वीर ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। एक भाई को अपनी मृत बहन के पैसे निकालने के लिए उसका कंकाल लेकर बैंक जाना पड़ा। अब इस मामले में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन जागा है। पीड़ित जीतू मुंडा को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने लगा है और निजी स्तर पर भी बड़ी मदद पहुंच रही है।

यह घटना 27 अप्रैल की है। 50 वर्षीय जीतू मुंडा की 56 वर्षीय बहन कालरा मुंडा की मृत्यु जनवरी में हो गई थी। जीतू अपनी बहन के खाते में जमा राशि निकालने के लिए ओडिशा ग्रामीण बैंक की मालीपोसी शाखा के चक्कर काट रहा था। जीतू का आरोप है कि बैंक अधिकारियों ने उससे कहा कि पैसे तभी मिलेंगे जब वह अपनी बहन को हस्ताक्षर के लिए लेकर आएगा। मजबूर होकर जीतू ने अपनी बहन की कब्र खोदी और कंकाल को एक झोले में भरकर तीन किलोमीटर पैदल चलकर बैंक पहुंचा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। मामला गहराते ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन सक्रिय हुआ। राजस्व मंडल आयुक्त एसके महापात्रा ने जीतू के गांव दियानाली का दौरा किया। इसके कुछ ही घंटों के भीतर जीतू और उसके भाई के घर में बिजली कनेक्शन लगा दिया गया। उसे राशन कार्ड जारी किया गया है, जिसके तहत अब उसे हर महीने 35 किलो मुफ्त राशन मिलेगा। इतना ही नहीं, सरकार ने 24 घंटे के भीतर मृत्यु प्रमाण पत्र और कानूनी उत्तराधिकारी के दस्तावेज तैयार करवा दिए।

## देश भर के 7 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कराएगी 'भारत गौरव' ट्रेन

**मुंबई।** महाराष्ट्र में इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने देशभर में हेरिटेज और तीर्थयात्रा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस महीने विशेष '07 ज्योतिर्लिंग यात्रा' सर्किट पर भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन चलाने का ऐलान किया है। यह यात्रा दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से शुरू होगी, जिसमें तीर्थयात्रियों को 12 दिनों की अवधि में भारत के कुछ सबसे पवित्र धार्मिक स्थलों की एक खास यात्रा करायी जायेगी। इस यात्रा कार्यक्रम की परिकल्पना आध्यात्मिक महत्व और हेरिटेज यात्रा के मेल के रूप में की गयी है।




इसका आरंभ उज्जैन में शिप्रा नदी के तट पर स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग से होगा, जहां भगवान शिव की पूजा समय और मृत्यु के देवता के रूप में की जाती है। इसके बाद यात्रा नर्मदा नदी में मान्धाता द्वीप पर स्थित ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की ओर बढ़ेगी, जो अपनी खास 'ओम' के आकार की बनावट के लिये जाना जाता है। इसके बाद तीर्थयात्री द्वारका के पास नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करेंगे, जिसे इसके सुरक्षात्मक आध्यात्मिक महत्व के लिए पूजा जाता है।

इस सर्किट में बेट द्वारका की यात्रा भी शामिल है, जिसे भगवान कृष्ण का मूल निवास माना जाता है और जहां ओखा प्रायद्वीप से नाव द्वारा पहुंचा जा सकता है। इसके बाद ऐतिहासिक द्वारकाधीश मंदिर के दर्शन होंगे, जिसका पारंपरिक रूप से भगवान कृष्ण के प्राचीन राज्य से संबंध माना जाता है। तीर्थयात्रा वेरावल में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की ओर जारी रहेगी। यह एक ऐसा मंदिर है जो पौराणिक कथाओं से भरा हुआ है और माना जाता है कि इसे अलग-अलग युगों में कई चरणों में फिर से बनाया गया था। इसके अलावा यह यात्रा नासिक में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराएगी, जो ब्रह्मा, विष्णु और शिव के तीन मुखों वाले अनोखे स्वरूप के लिए प्रसिद्ध है। इसके बाद पुणे में भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन होंगे, जिसका संबंध भगवान शिव द्वारा राक्षस भीमा को हराने की कथा से है।

## बंगाल में 15 बूथों पर आज फिर से होगा मतदान : चुनाव आयोग

**कोलकाता:** चुनाव आयोग ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में शनिवार को डायमंड हार्बर और मगराहाट में 15 पोलिंग बूथों पर फिर से मतदान कराया जाएगा। वहीं 144-फाल्टा विधानसभा क्षेत्र से संबंधित शिकायतों पर रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। मगराहाट विधानसभा क्षेत्र में 11 केंद्रों पर तो डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र में 4 पोलिंग बूथों पर फिर से वोटिंग होगी। वहीं फाल्टा में भी फिर से मतदान कराए जाने की संभावना है। हालांकि बीजेपी ने जिस फाल्टा विधानसभा को लेकर चुनाव आयोग को शिकायत की थी, अभी उस पर फैसला नहीं हुआ है। आयोग कुछ देर में इस पर भी फैसला लेगा।



पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को हुए दूसरे चरण के चुनाव के बाद दक्षिण 24 परगना जिले की चार विधानसभा सीटों के 77 बूथों को लेकर निर्वाचन आयोग के पास पुनर्मतदान की मांग आई थी। आयोग को पुनर्मतदान के लिए कुल 32 शिकायतें फाल्टा से मिलीं थी. इसके बाद डायमंड हार्बर से 29, मगरहाट से 13 और बज बज से तीन शिकायतें मिली थी। आम तौर पर राजनीतिक दल, उम्मीदवार, मतदान एजेंट या पर्यवेक्षक इलेक्टॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की खराबी, बूथ पर कब्जा, धमकी या मतदान की गोपनीयता के उल्लंघन जैसी अनियमितताओं का हवाला देते हुए पुनर्मतदान की मांग करते हैं।

चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुधवार को मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद सामने आई शिकायतों में ईवीएम से छेड़छाड़, मशीनों पर संदिग्ध पदार्थों के इस्तेमाल और निगरानी कैमरों को बाधित करने के प्रयासों के आरोप शामिल थे। शिकायतों की संख्या और प्रकृति को देखते हुए, चुनाव आयोग इस पर फैसला करता है।

शिकायत के बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता को पुनर्मतदान की मांग वाले बूथों पर निरीक्षण कराने के निर्देश दिए थे। गुप्ता ने कई मतदान केंद्रों पर संभावित पुनर्मतदान के संबंध में निर्णय लेने के लिए जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया. साथ ही अन्य पर्यवेक्षकों के साथ भी बातचीत की।उनके निरीक्षण के बाद आयोग ने पुनर्मतदान पर अंतिम निर्णय लिया है. अधिकारियों ने बताया कि अब उन केंद्रों पर शनिवार को पुनर्मतदान कराया जाएगा।एक विशेष रूप से गंभीर आरोप डायमंड हार्बर क्षेत्र के मगराहाट पश्चिम से सामने आया था, जहां दावा किया गया था कि मतदाताओं के वोटिंग पसंद पर नजर रखने के लिए उनकी शर्ट की जेबों में जासूसी कैमरे लगाए गए थे।

## जर्मनी के बाद इटली और स्पेन से भी अपने सैनिक वापस बुला सकता है अमेरिका : ट्रंप

**नई दिल्ली।** इटली और स्पेन ने ईरान में अमेरिकी अभियानों की आलोचना की है, जिससे ट्रंप ने इन देशों से नाराजगी जताई हैट्रंप ने जर्मनी में अमेरिकी सैनिकों की संख्या कम करने पर विचार किया है, जहां लगभग पचास हजार सैनिक तैनात हैं अमेरिका नाटो सहयोगियों को दंडित करने पर विचार कर रहा है, जिनका ईरान युद्ध में समर्थन कमजोर या नकारात्मक रहा है।



इटली और स्पेन उन देशों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिनसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूरोप में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति की व्यापक समीक्षा के तहत अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने की धमकी दे रहे हैं। एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा कि वह "शायद" ऐसा कदम उठाने पर विचार करेंगे, और इसका संबंध ईरान में अमेरिकी अभियान की इन दोनों देशों द्वारा की गई आलोचना से जोड़ा। द गार्जियन के अनुसार ट्रंप ने कहा, "देखिए, मैं ऐसा क्यों न करूं? इटली ने हमारी कोई मदद नहीं की है और स्पेन का रवैया बेहद खराब रहा है, बिलकुल ही खराब।

दोनों देशों ने ट्रंप के मध्य पूर्व युद्ध की खुलकर आलोचना की है, और अमेरिकी राष्ट्रपति ने बार-बार इन देशों के नेतृत्व पर इस संघर्ष में शामिल होने से इनकार करने के लिए निशाना साधा है. इटली की जार्जिया मेलोनी पहले ट्रंप की एक करीबी सहयोगी थीं, मगर रोम के ईरान संघर्ष में साथ नहीं होने के फैसले के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति से अब अनबन हो गई ह।. ट्रंप ने कहा कि उनमें "साहस की कमी" थी - साथ ही पोप लियो के बारे में ट्रंप की "अस्वीकार्य" टिप्पणियों की उनकी आलोचना के कारण भी। मेलोनी ने अमेरिका द्वारा आवश्यक प्राधिकरण प्रक्रिया का पालन नहीं करने के बाद, ईरान युद्ध के लिए हथियार ले जा रहे अमेरिकी सैन्य विमानों को सिसिली में एक हवाई अड्डे का उपयोग करने से भी इनकार कर दिया।29 अप्रैल को ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका जर्मनी में अपने सैनिकों की संख्या कम करने पर विचार कर रहा है।

## कर्नाटक सीएम पर सोनिया गांधी लेंगी अंतिम निर्णय : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि कर्नाटक में CM पद के नेतृत्व परिवर्तन की कोई तारीख अभी तय नहीं हुई है। निर्णय पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी, राहुल गांधी और स्वयं उनके सामूहिक विचार से लिया जाएगा। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस में निर्णय लेने से पहले वरिष्ठ नेताओं से सलाह ली जाती है।



कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी अटकलों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्पष्ट किया है कि नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर फैसला पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी, राहुल गांधी और वह स्वयं सामूहिक रूप से लेंगे।

कलबुर्गी में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान खड़गे ने कहा, 'जब तक तारीख तय नहीं होती, मैं कैसे कह सकता हूं कि बदलाव होगा या नहीं? जब हम तीनों मिलकर तारीख तय करेंगे, तब उचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने मीडिया से उनके बयानों की गलत व्याख्या न करने की अपील भी की। खड़गे ने बताया कि कांग्रेस में निर्णय लेने की प्रक्रिया परामर्श आधारित है. उन्होंने कहा, 'हाई कमान में हम आपस में विस्तृत चर्चा करते हैं, वरिष्ठ नेताओं से सलाह लेते हैं और राज्य के हितों को देखते हुए फैसला लेते हैं,' पार्टी अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि जो भी निर्णय होगा, वह राज्य के हित में होगा और सभी को उसका समर्थन करना होगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के बीच कथित सत्ता-संतुलन को लेकर अटकलें तेज हैं. चर्चा है कि कांग्रेस सरकार के नवंबर 2025 में आधा कार्यकाल पूरा होने के बाद नेतृत्व परिवर्तन हो सकता है, हालांकि सिद्धारमैया पहले ही कह चुके हैं कि वे पूरा पांच साल का कार्यकाल पूरा करना चाहते हैं, साथ ही पार्टी नेतृत्व के फैसले का सम्मान करेंगे.

## कमर्शियल सिलेंडर के दाम 993 रुपये बढ़ने पर बरसे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** आज 1 मई से कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 993 की भारी बढ़ोतरी हुई है। 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में लगातार तीसरे महीने बढ़ोतरी हुई है। इसने होटल और रेस्टोरेंट चलाने वालों की टेंशन बढ़ा दी है। अब इसे लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से लेकर अखिलेश यादव और आप नेता आतिशी तक सभी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है।



राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "कह दिया था कि चुनाव के बाद महंगाई की गर्मी आएगी। आज कमर्शियल गैस सिलेंडर 993 रुपये महंगा। एक ही दिन में सबसे बड़ी बढ़ोतरी, यह चुनावी बिल है। फरवरी से अब तक 1,380 रुपये की बढ़ोतरी, सिर्फ़ 3 महीनों में 81% का इजाफा। सिलेंडर के दाम बढ़ने से चायवाला, ढाबा, होटल, बेकरी, हलवाई, हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ा है। इसका असर आपकी थाली पर भी पड़ेगा। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि पहला वार गैस पर, अगला वार पेट्रोल-डीज़ल पर।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट में कहा, सिलेंडर महंगा नहीं होता, रोटी-थाली महंगी होती है। ये बात वही जानता है जो ख़ुद । ख़रीदकर खाता है, वो नहीं जो दूसरों के यहां जाकर खाता है या दूसरों की थाली से चुराता है।" उन्होंने कहा कि सिलेंडर महंगा करना था तो सीधे 1000 रूपये महंगा कर देते। 1000 में 7 रुपये कम करके ये बीजेपी वाले किस पर एहसान कर रहे हैं?वहीं दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी नेता आतिशी ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में 993 रुपये की बढ़ोतरी पर कहा कि चुनाव के वक्त जो कीमतें थमी हुई थीं, वो अब आसमान छू रही हैं। ये बीजेपी का जनता को 'रिटर्न गिफ्ट' है। दिल्ली में अब एक सिलेंडर 3071.50 रुपये का मिलेगा। सरकार पर हमलावर आतिशी ने कहा कि यही है भाजपा का 'अच्छे दिनों' का असली चेहरा।

बता दें कि दाम बढ़ने के बाद दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत बढ़कर 3,071।5 रुपए हो गई है। हालांकि, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए राहत जारी रहेगी, क्योंकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को स्थिर रखा गया है।सरकारी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने बयान में कहा कि देश में मौजूद 33 करोड़ घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## 15 दिन टोल मुक्त रहेगा गंगा एक्सप्रेस-वे : सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात देते हुए गंगा एक्सप्रेसवे को कमर्शियल ऑपरेशन डेट (सीओडी) से 15 दिनों तक टोल-फ्री रखने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत आमजन उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे और आधुनिक एक्सप्रेसवे पर बिना किसी शुल्क के यात्रा कर सकेंगे।



मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 15 दिनों तक टोल वसूली स्थगित रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इस अवधि में किसी भी वाहन से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह फैसला उस समय प्रभावी हुआ जब इंडिपेंडेंट इंजीनियर द्वारा कंसेशन एग्रीमेंट के तहत प्रोविजनल सर्टिफिकेट जारी किया गया, जिससे एक्सप्रेसवे की कमर्शियल ऑपरेशन डेट निर्धारित हो गई।

इसके साथ ही एक्सप्रेसवे को आम जनता के उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार घोषित कर दिया गया। करीब 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे पर टोल-मुक्त यात्रा का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इसकी गुणवत्ता, गति और सुविधाओं से परिचित कराना है। सरकार का मानना है कि इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि एक्सप्रेसवे के प्रति जनता का विश्वास भी मजबूत होगा।

**लापरवाही** | जीवित बची महिला ने सुनाई हादसे की खौफनाक कहानी

## मध्य प्रदेश में बरगी बांध हादसा : क्रूज पलटने से 7 लोगों की मौत

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में जबलपुर जिले के बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे में बाल-बाल बचीं दिल्ली निवासी संगीता ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि लापरवाही और तैयारियों की कमी के कारण यह दुर्घटना हुई तथा अंतिम समय में 'लाइफ जैकेट' बांटने के दौरान अफरा-तफरी मच गई। संगीता ने बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि नाव में क्षमता से अधिक करीब 40 लोग सवार थे, जिनमें बिना टिकट लिए बैठे कुछ बच्चे भी शामिल थे।



उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों की चेतावनी के बावजूद चालक ने नाव को सुरक्षित स्थान की ओर नहीं मोड़ा। अधिकारियों ने बताया कि 29 यात्रियों और दो चालक दल के सदस्यों को लेकर जा रही क्रूज नाव बृहस्पतिवार शाम अचानक आए तूफान के कारण जलाशय में पलट गई थी। संगीता ने कहा, ''हम छह लोग दिल्ली से जबलपुर घूमने आए थे। हमने शाम करीब चार बजे अचानक बरगी बांध जाने का कार्यक्रम बनाया। जब क्रूज शाम करीब छह बजे लौट रहा था, तभी तेज हवाएं चलने लगीं और क्रूज में पानी भरने लगा।''

उन्होंने आरोप लगाया कि पर्याप्त तैयारी नहीं होने और लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। संगीता के अनुसार, ''किसी भी यात्री ने 'लाइफ जैकेट' नहीं पहन रखी थी। उन्हें अंदर कहीं रखा गया था।

जब पानी भरने लगा तो उन्हें बांटने की कोशिश की गई जिससे अफरा-तफरी और धक्का-मुक्की मच गई। कुछ ही पलों में नाव पलट गई।'' उन्होंने बताया कि अफरा-तफरी के बीच उन्होंने किसी तरह 'लाइफ जैकेट' पकड़कर अपनी जान बचाई।

संगीता ने आरोप लगाया कि क्रूज संचालक ने यात्रियों की सुरक्षा से ज्यादा पैसे कमाने को प्राथमिकता दी। उन्होंने बताया कि उनके परिवार के तीन सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए, जबकि एक की मौत हो गई और दो अब भी लापता हैं। उन्होंने कहा, ''किनारे पर मौजूद स्थानीय लोग चिल्लाकर और इशारे करके चालक को नाव सुरक्षित दिशा में ले जाने के लिए कह रहे थे, लेकिन उसने उनकी बात नहीं सुनी। वह अनुभवहीन लग रहा था। अगर समय रहते नाव मोड़ दी जाती तो यह हादसा टल सकता था। मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी बांध में पलटे क्रूज पर सवार तीन और लोगों के शव बरामद होने के बाद इस हादसे में मारे गए लोगों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर सात हो गई।

## कनाडा में लॉरेंस गैंग का आतंक, इस बार घर पर बरसाई दनादन गोलियां

**नई दिल्ली।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य मुन्ना ब्राम्पटन ने कनाडा में हुई फायरिंग की जिम्मेदारी ली हैमुन्ना ब्राम्पटन ने सोशल मीडिया पर ब्रैम्पटन में प्रोस्टार टोइंग वाले के घर फायरिंग का वीडियो साझा किया हैफायरिंग का कारण बताया गया कि शिकार राणा विरोधी समूहों का समर्थन करता है और उसे चेतावनी दी गई है।



लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने कनाडा में एक बार फिर से फायरिंग का दावा किया है. ये दावा एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए लारेंस बिश्नोई के गुर्गे मुन्ना ब्राम्पटन ने किया है। उसने फायरिंग का वीडियो भी शेयर किया है। हालांकि एनडीटीवी इस पोस्ट की पुष्टि नहीं करता है। बता दें कि लॉरेंस के गर्गे ने अपने पोस्ट में लिखा है, ब्रैम्पटन में (प्रोस्टार टोइंग) वाले के घर पर जो फायरिंग हुई है, उसकी जिम्मेदारी मैं (मन्ना ब्रैम्पटन) और (लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप) लेते हैं। यह राणा हमारे विरोधियों का साथ देता है। जो भी हमारे खिलाफ जाएगा, उसका भी यही हाल होगा। आगे लिखा है-इंतजार करो और देखो।

लॉरेंस गैंग के गुर्गे मुन्ना ब्राम्पटन ने रात के अंधेरे का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक कार पर गोलियों की गड़गड़ाहट सुनाई दे रही है। इसके साथ ही कुछ रोशनी भी दिखाई दे रही है। बता दें कि ये पहली बार नहीं है जब लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने कनाडा में गोलीबारी की है।

## एक नजर

### महिलाओं व छात्राओं को किया गया जागरूक

**ठाकुरद्वारा।** नगर में मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के तहत महिला सुरक्षा दल द्वारा शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से जुड़े अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध एवं महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा दल ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया। इनमें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, साइबर हेल्पलाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं एम्बुलेंस सेवा 108 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थानों की हेल्प डेस्क तथा राष्ट्रीय और राज्य महिला आयोग के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर मुफ्त सफर कर रोमांचित हो उठे यात्री

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** योगी सरकार में अब हाइवे पर सफर की नई शुरुआत हो चुकी है। मेरठ से प्रयागराज तक दौड़ने वाला 594 किमी लंबा गंगा एक्सप्रेसवे से बरेली, शाहजहांपुर और बदायूं के लोगों का प्रयागराज हाईकोर्ट जाना, त्रिवेणी पर गंगा स्नान बहुत आसान हो गया है। मुख्यमंत्री के15 दिनों के टोल फ्री की घोषणा से लोग खासे गदगद हैं। दो दिनों में पांच हजार से ज्यादा लोगों ने मुफ्त हाई-स्पीड सफर का आनंद लिया है।

इंडिपेंडेंट इंजीनियर द्वारा प्रोविजनल सर्टिफिकेट जारी होते ही एक्सप्रेसवे की कमर्शियल ऑपरेशन डेट (सीओडी) तय हुई और उसी के साथ यूपीडा ने टोल वसूली रोकने का आदेश जारी कर दिया। इस दौरान सड़क पूरी तरह चालू रहेगी, लेकिन जेब से एक रुपया भी नहीं कटेगा। गंगा एक्सप्रेसवे सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक धड़कन बनने जा रहा है। मेरठ से प्रयागराज तक फैला यह हाईवे 12 जिलों को जोड़ता है। तेज रफ्तार, चौड़ी लेन, आधुनिक सुविधाएं सब कुछ यहां मौजूद है। सरकार चाहती है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका अनुभव करें, इसलिए शुरुआती दिनों में टोल फ्री कर दिया गया है।

### एक्सप्रेस वे पर दो दिन में पांच हजार से ज्यादा गाड़ियों ने भरा हाइवे पर फर्राटा

आशोक सक्सेना ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे को 15 दिन टोल फ्री रखने का फैसला दूरदर्शी कदम है। इससे आम लोग बिना किसी आर्थिक दबाव के सफर का अनुभव ले सकेंगे। पहले प्रयागराज जाने के लिये पहले से तैयारी करनी पड़ती थी। समय बहुत लगता था। पूरा दिन सफर में ही बरबाद हो जाता था। इस बार एक ही दिन में पहुंच गये और कोर्ट का काम भी निपटा लिया। बरेली में स्टेट बैंक कालोनी के रहने वाले अमित आनंद ने बताया कि लंबी दूरी का सफर अब आसान और सस्ता हो गया है। टोल फ्री से बड़ी राहत मिलेगी। पहले ही दिन से जेब पर बोझ नहीं पड़ेगा और एक्सप्रेसवे की सुविधाओं को समझने का मौका मिलेगा, जो आगे के सफर को और सुविधाजनक बनाएगा। सीबीगंज के रहने वाले सर्वेश सिंह ने बताया कि ट्रांसपोर्ट सेक्टर के लिए यह एक्सप्रेसवे बेहद अहम है। 15 दिन की टोल छूट से हमें नए रूट को समझने और ट्रैफिक पैटर्न को परखने का मौका मिलेगा। इससे भविष्य में लागत और समय दोनों कम होंगे, जिससे कारोबार को सीधा फायदा मिलने की उम्मीद है। बरेली से प्रयागराज जाने वालों की संख्या काफी है। इस एक्सप्रेस वे से उन लोगों को काफी लाभ मिलेगा। माडल टाउन के रहने वाले इंद्रप्रीत सिंह ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के विकास की नई रीढ़ साबित होगा। टोल फ्री शुरुआत से लोगों में सकारात्मक माहौल बनेगा और युवा उद्यमियों को नए अवसर मिलेंगे। बेहतर कनेक्टिविटी से निवेश बढ़ेगा और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे, जिससे पूरे प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

### बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर के लोगों को हाईकोर्ट और गंगा स्नान हुआ आसान

# उर्स से लौट रहे मौलाना की रहस्यमयी मौत पर देशभर में बवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उर्से ताजुश्शरिया में शामिल होकर बिहार लौट रहे जायरीन मौलाना तौसीफ रजा की ट्रेन से गिरकर हुई मौत अब बड़ा विवाद बनती जा रही है। शुरुआत में पुलिस ने इसे हादसा बताया, लेकिन अब परिजनों के गंभीर आरोपों और सियासी हस्तक्षेप के बाद मामला तूल पकड़ चुका है। परिवार का दावा है कि मौलाना के साथ ट्रेन में मारपीट हुई और उन्हें फेंका गया, जबकि पुलिस अभी भी जांच की बात कह रही है।

घटना 27 अप्रैल की है। बरेली के पालपुर रेलवे फाटक के पास ट्रैक किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान बिहार के किशनगंज जिले के पठावारी निवासी मौलाना तौसीफ रजा के रूप में हुई। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि सफर के दौरान झपकी लगने से वह ट्रेन से गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। उस समय परिजनों ने भी इसे हादसा ही माना था। मामले ने उस वक्त नया मोड़ ले लिया, जब मृतक की पत्नी तबस्सुम खातून ने चौंकाने वाला आरोप लगाया। उनका कहना है कि 26 अप्रैल की रात तौसीफ से उनकी आखिरी बार बात हुई थी। फोन पर उन्होंने बताया था कि ट्रेन में कुछ लोग उनके साथ मारपीट कर रहे हैं और वह काफी डरे हुए हैं। इसी आधार पर परिवार अब हत्या की आशंका जता रहा है और आरोप लगा रहा है कि मारपीट के बाद उन्हें ट्रेन से फेंका गया।मामला सामने आने के बाद राजनीति भी गरमा गई है। एआईएमआईएम के नेताओं ने इसे गंभीर बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। बिहार एआईएमआईएम के अध्यक्ष अख्तरुल ईमान के बाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी सवाल उठाते हुए कहा कि सच्चाई सामने आनी चाहिए। सियासी दबाव बढ़ने के बाद अब पुलिस भी मामले को गंभीरता से लेने की बात कर रही है।

### परिवार बोला- मारपीट कर फेंका गया

### एसपी सिटी बोले- तहरीर मिलने पर होगी कार्रवाई

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया था और उस समय तक परिवार इसे हादसा ही मान रहा था। हालांकि अब परिजनों ने मारपीट की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि परिवार से बातचीत की गई है और तहरीर मिलने पर मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि 24 और 25 अप्रैल को बरेली में उर्से ताजुश्शरिया आयोजित हुआ था। मौलाना तौसीफ रजा इसमें शामिल होने किशनगंज से बरेली आए थे और 26 अप्रैल को घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रमाण पत्रों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्री। -जागरण मोर्चा

**बरेली।** रॉकेट लर्निंग की टीम द्वारा जनपद बरेली में वार्षिक समीक्षा बैठक का सफल आयोजन किया गया, जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविका आदि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन, प्री-प्राइमरी गतिविधियों, प्रशिक्षण प्रगति, आंगनवाड़ी अभिभावक बैठकों तथा समूहों की सक्रियता की विस्तृत समीक्षा की गई।

साथ ही प्री-प्राइमरी समूहों से जुड़े सुपरवाइजरों की सक्रियता पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि रॉकेट लर्निंग जनपद बरेली में बहुत ही उत्कृट एवं जनपद में आंगनवाड़ी के बच्चों के समग्र विकास पर कार्य कर रही हैं जिसमें समस्त हितधारकों को सहयोग करना चाहिए । इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, सीडीपीओ एवं सुपरवाइजरों द्वारा रॉकेट लर्निंग के कार्यों की सराहना की गई तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन हेतु सहयोग एवं प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। कार्यक्रम का आयोजन रॉकेट लर्निंग संस्था के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर सलिल श्रीवास्तव,जिला समन्वयक अदिति एवं शैलेन्द्र द्वारा किया गया। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी बहेड़ी मनोज कुमार वर्मा बाल विकास परियोजना अधिकारी शेरगढ़ भानु प्रताप सिंह मुख्य सेविका राजकुमारी, केशलता, स्वाति, सुनीता, कौशिकी शर्मा आदि मुख्य सेविका मौजूद रहीं।

# मिलों की राख ने छीना नगर का चैन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा और काशीपुर क्षेत्र की पेपर मिलों से निकलने वाली जहरीली राख नगरवासियों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़कों पर बिना ढके दौड़ रही राख भरी ट्रालियों से उड़ने वाले कण राहगीरों की आंखों में संक्रमण और गंभीर बीमारियों का कारण बन रहे हैं। स्थानीय निवासी प्रदीप पाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बताया कि इस प्रदूषण के कारण घरों की छतों पर बैठना और कपड़े सुखाना तक दूभर हो गया है।कई बार प्रशासन को ज्ञापन देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोग जहरीली राख का उपयोग भूमि भराव में कर रहे हैं, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँच रहा है। नागरिकों ने ट्रालियों पर तत्काल रोक लगाने और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# पुरानी रंजिश में किसान की हत्या, गांव में सनसनी

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र के रायपुर हंस गांव में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। गांव के ही आम के बाग में एक किसान को गोलियों से भूनकर मौत के घाट उतार दिया गया। उसका शव चारपाई के पास खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने जब यह मंजर देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान गांव निवासी इंद्रपाल के रूप में हुई है, जो बाग की रखवाली के लिए अक्सर वहीं रुकते थे। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण टहलने और खेतों की ओर जा रहे थे, तो उन्होंने चारपाई के पास इंद्रपाल का शव पड़ा देखा। पास जाकर देखने पर शरीर में कई जगह गोलियों के निशान मिले—सीने, पेट और पैर में गोलियां धंसी थीं। खून चारों ओर फैला हुआ था, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि हमलावरों ने बेहद करीब से ताबड़तोड़ फायरिंग की। परिजनों ने हत्या के पीछे पुरानी रंजिश को वजह बताया है। उनका कहना है कि इंद्रपाल की भतीजी को गांव के ही एक युवक द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया था, जिसके बाद से दोनों पक्षों में तनाव चल रहा था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते गांव के ही रिशिपाल, सर्वेश, विकास और संगम ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। स्वजन के अनुसार, इंद्रपाल गुरुवार रात एक शादी समारोह में शामिल होकर लौटे थे। इसके बाद वह रोज की तरह अपने आम के बाग में सोने के लिए चले गए। सुबह जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटे और ग्रामीणों ने उनका शव देखा, तब घटना की जानकारी परिवार को मिली। खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया और गांव में मातम पसर गया।

### मौके पर पहुंची पुलिस, गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज

घटना की सूचना पर फरीदपुर पुलिस के साथ एसपी साउथ अंशिका वर्मा मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने नामजद आरोपियों की तलाश में दबिश शुरू कर दी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान भगदड़, फड़ विक्रेता की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कुतुबखाना चौराहे पर गुरुवार को नगर निगम की कार्रवाई ने बाजार का माहौल अचानक बदल दिया। अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम को देखते ही फड़ विक्रेताओं में भगदड़ जैसे हालात बन गए। लोग अपना सामान समेटकर भागने लगे, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

उद्योग बंधु की शिकायत पर नगर निगम की टीम अवैध साप्ताहिक बाजार हटाने पहुंची थी। दोपहर में जैसे ही टीम ने कार्रवाई शुरू की, सड़क किनारे फड़ लगाने वालों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार जल्दबाजी में अपना सामान समेटते नजर आए, जबकि कुछ लोग बिना सामान लिए ही भाग खड़े हुए। इसी अफरा-तफरी के बीच शास्त्री मार्केट क्षेत्र में बर्तन का फड़ लगाने वाले 52 वर्षीय फैयाज पुत्र रियाज की अचानक तबीयत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आसपास के लोगों का कहना है कि फैयाज को ब्रेन हेमरेज हुआ था। फड़ विक्रेता की मौत की खबर फैलते ही बाजार में खलबली मच गई। हालात बिगड़ते देख नगर निगम की टीम ने अपना अभियान बीच में ही रोक दिया और वापस लौट गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और बेचैनी का माहौल बना रहा। वहीं, राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी तरह की कहासुनी या झड़प नहीं हुई।


# मुनाफे के लिए जहर परोस रहे मिलावटखोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

### बरेली में 72 में से 35 नमूने फेल, 5 खतरनाक घोषित

**बरेली।** होली के त्योहार पर रंगों के साथ खाने-पीने की चीजों में भी मिलावट का काला खेल सामने आया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जांच रिपोर्ट ने शहर के बाजारों की हकीकत उजागर कर दी है। जांच में 72 में से 30 नमूने अधोमानक और 5 नमूने सीधे तौर पर असुरक्षित पाए गए हैं, जिनमें खतरनाक केमिकल और रंगों की मिलावट मिली है। यह स्थिति साफ बताती है कि मुनाफे के लिए लोगों की सेहत से खुला खिलवाड़ किया जा रहा है।

विभाग ने 16 से 28 फरवरी तक विशेष अभियान चलाकर 46 प्रतिष्ठानों से 72 खाद्य नमूने लिए थे। जांच रिपोर्ट आने के बाद अब कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो गई है।




असुरक्षित पाए गए पांच नमूनों के मामले में दुकानदारों को नोटिस जारी किए जाएंगे और 30 दिन में जवाब मांगा जाएगा। इसके बाद सहायक आयुक्त की स्वीकृति से एसीजेएम प्रथम कोर्ट में मुकदमा दायर किया जाएगा। जिन 30 नमूनों को अधोमानक पाया गया है, उनके मामलों की सुनवाई एडीएम सिटी कोर्ट में होगी। इन मामलों में अधिकतम पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। विभाग की इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मचा हुआ है। जांच में शीशगढ़ के नूरी ट्रेडर्स और परसाखेड़ा की एक दुकान से ली गई सौंफ में ब्रिलिएंट ब्लू जैसे हानिकारक रंग की मिलावट पाई गई। वहीं करगियाना गौटिया, सुभाषनगर से लिए गए सरसों के तेल में बटर यलो रंग मिला, जो सेहत के लिए बेहद खतरनाक माना जाता है। शाहदाना के एनडी इंटरनेशनल से लिए गए रिफाइंड पाम ऑयल में आयोडीन की मिलावट सामने आई। वहीं नवाबगंज के बरौर स्थित एक प्रतिष्ठान से लिए गए बेसन में पीले रंग की मिलावट पाई गई, जिससे इसकी गुणवत्ता पूरी तरह प्रभावित हो गई।

### स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा, कैंसर तक का जोखिम

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. वैभव शुक्ला ने चेतावनी दी है कि खाद्य पदार्थों में सिंथेटिक और केमिकल रंगों की अधिकता शरीर के लिए बेहद खतरनाक है। इससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वितीय अक्षय गोयल ने बताया कि होली के दौरान लिए गए नमूनों की रिपोर्ट हाल ही में आई है। पांच नमूने असुरक्षित और 30 अधोमानक पाए गए हैं। सभी मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर जुर्माना लगाया जाएगा।

# श्रीराम गायत्री ज्ञान मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा पर विचार गोष्ठी

जागरण मोर्चा कार्यालय


**ठाकुरद्वारा।** श्रीराम गायत्री ज्ञान मंदिर परिसर में शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री यज्ञ और एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन को वर्तमान वैश्विक अशांति और युद्धों के समाधान के लिए एकमात्र मार्ग बताया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज दुनिया के विभिन्न कोनों में छिड़े युद्धों के कारण तीसरे विश्व युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। टी.वी. और समाचार पत्रों के माध्यम से युद्धों की भयावहता सामने आ रही है। ऐसे समय में न केवल देशों के बीच के संघर्ष, बल्कि समाज, राजनीति, व्यापार और परिवारों में व्याप्त वैमनस्य को भी बुद्ध के मार्ग पर चलकर ही समाप्त किया जा सकता है। बुद्ध का दर्शन शांति, सद्भावना और आपसी सहयोग का आधार है। मानवता के कल्याण का मार्ग वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के 'अप्प दीपो भव' (अपने दीपक स्वयं बनो) के संदेश को रेखांकित करते हुए कहा कि ईश्वर मनुष्य के भीतर ही व्याप्त है, उसे बाहर खोजने की आवश्यकता नहीं है। बुद्ध ने मोह-माया, क्रोध, ईर्ष्या और अहंकार को मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु बताया है। उनका ज्ञान व्यक्ति को धर्म के संकुचित घेरे से निकालकर मानवता के कल्याण की ओर ले जाता है। यज्ञ में दी आहुतियां कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री यज्ञ के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दीं।

# जिला अस्पताल के रैनबसेरा में आग से हड़कंप, टला बड़ा हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बरेली।** जिला अस्पताल में शुक्रवार शाम अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। रैनबसेरा में धुआं उठता देख मरीजों और तीमारदारों में दहशत फैल गई, लेकिन अस्पताल स्टाफ की तेजी ने बड़ा हादसा होने से बचा लिया। राहत की बात रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

घटना कोतवाली क्षेत्र के जिला अस्पताल यूनिट-2 की है, जहां शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे रैनबसेरा के जीने में रखे फोम के गद्दों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते धुआं पूरे हिस्से में फैल गया। वहां मौजूद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और हर कोई बाहर निकलने की कोशिश करने लगा।

आग की खबर फैलते ही वार्डों और आसपास मौजूद मरीजों व उनके परिजनों में दहशत फैल गई। कुछ लोग अपने सामान छोड़कर ही बाहर की ओर दौड़ पड़े। हालांकि स्थिति ज्यादा बिगड़ने से पहले ही कर्मचारियों ने मोर्चा संभाल लिया और लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना शुरू कर दिया।

अस्पताल के कर्मचारियों ने बिना समय गंवाए मौके पर लगे अग्निशमन उपकरणों का इस्तेमाल किया और तेजी से आग बुझाने में जुट गए। उनकी सतर्कता और हिम्मत की वजह से आग फैलने से पहले ही काबू में आ गई। अगर कुछ मिनट की भी देरी होती तो आग रैनबसेरा के बाकी हिस्से तक फैल सकती थी।

सूचना मिलते ही फायर स्टेशन सिविल लाइन से दो दमकल गाड़ियां मौके के लिए रवाना हुईं। हालांकि जब तक दमकल टीम पहुंची, तब तक अस्पताल स्टाफ आग पर पूरी तरह काबू पा चुका था। इसके बाद दमकल कर्मियों ने मौके का जायजा लेकर स्थिति पूरी तरह सुरक्षित होने की पुष्टि की।

सीएफओ मनु शर्मा ने बताया कि रैनबसेरा की सीढ़ियों में रखे फोम के गद्दों में आग लगी थी, जिसे कर्मचारियों ने तुरंत बुझा दिया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# शादी का झांसा देकर तीन साल तक शोषण, विरोध पर घर में घुसकर मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र सेनिवासी एक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर करीब तीन वर्षों तक शारीरिक शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि शादी का दबाव बनाने पर आरोपी और उसके परिजनों ने न केवल इंकार किया, बल्कि उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी।

कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़िता ने इस संबंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन आरोप है कि कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने प्रेम संबंध के दौरान शादी का भरोसा दिलाकर उसका विश्वास जीता और लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। आरोप है कि आरोपी उसे लगातार ब्लैकमेल करता रहा, जिससे वह मानसिक और सामाजिक रूप से परेशान रही। पीड़िता ने बताया कि 22 अप्रैल को आरोपी पक्ष के कुछ लोग उसके घर पहुंचे और शादी से इंकार करते हुए अभद्र व्यवहार किया। विरोध करने पर गाली-गलौज की गई और उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद 29 अप्रैल की रात आरोपी अपने कुछ साथियों के साथ उसके घर में घुस आया और पीड़िता के साथ मारपीट की तथा गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद वह थाने पहुंची, जहां पुलिस ने केवल जांच का आश्वासन दिया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। दोबारा शिकायत लेकर पहुंचने पर भी कथित रूप से उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। न्याय न मिलने पर पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए मामले में रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर

7906815587, 9758444242

## एक नजर

### शादी रोकने के लिए दी जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**मिलक।** 1 मई 2026 को बेटी की शादी रुकवाने के लिए एक युवक ने दूल्हे को गोली मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना शहजादनगर निवासी बलवीर सिंह ने थाना मिलक में तहरीर दी है। बलवीर ने तहरीर देते हुए बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी मिलक कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तय की। 1 मई 2026 को बारात जानी थी आरोप है कि थाना शहजाद नगर के नदीम पुत्र शदीक मिलक कोतवाली क्षेत्र के गांव पहुंचा।दूल्हे को धमकी दी कि अगर बारात लेकर आओगे तो गोली मारकर हत्या कर दूंगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना हल्का प्रभारी के द्वारा कराई जा रही है।

### महिलाओं को किया जागरूक

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शुक्रवार को सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन 181 इत्यादि के बारे में बताया।

# घरेलू कलह के चलते महिला ने खाया जहर, हुई मौत

## भोट थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम


जिला अस्पताल में खड़े मृतक के परिजन। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** घेरलू कलह के चलते महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जहां अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। जहां सभी का रो रोकर बुरा हाल है। भोट थाना क्षेत्र के गांव कजराई का मझरा निवासी 45 वर्षीय सावित्री का किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हो गया था। जिसके चलते सुबह के समय महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसको अस्पताल ले गए थे। जहां कुछ देर के बाद उसकी मौत हो गई।

जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया था। सूचना के बाद पुलिस भी आ गई थी। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया था। उसके बाद परिजन शव को घर ले गए थे। जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया। महिला के जहर खाने की स्थिति साफ नहीं हो सकी है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर गर्भवती महिला से मारपीट

**सैफनी।** दहेज की मांग को लेकर गर्भवती महिला से मारपीट की गई। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है।थाना क्षेत्र के ग्राम छितौनी में दहेज की मांग को लेकर गर्भवती महिला हिना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष 5 लाख रुपये की मांग की गई।जिसके बाद मायके पक्ष द्वारा 2 लाख रुपये दे दिए गए थे। रुपये देने के बाद भी प्रताड़ना किया जाता रहा। आरोप है कि शुक्रवार सुबह पति ने गर्भ में पल रहे बच्चे की जांच के बहाने ले जाने की बात कही और बेटी होने पर गर्भपात कराने की धमकी दी। विरोध करने पर मारपीट की गई और मोबाइल के डाटा केबल से गला दबाने का प्रयास किया गया, जिससे महिला बेहोश हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोग उसे थाने लेकर पहुंचे और मामले की तहरीर दी।

### आढ़ती व परिवार को जान से मारने की धमकी का आरोप

**बिलासपुर।** एक आढ़ती ने अपने ही पड़ोस में रहने वाले व्यक्तियों पर जान से मारने की धमकी देने आदि का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है।साथ ही उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की गुहार लगाई है।कोतवाली के नगर के मौहल्ला टांडा हुरमतनगर के रहने वाले पीड़ित आढ़ती मेहंदी हसन ने बताया उनका पड़ोस के ही रहने वाले तीन व्यक्तियों के साथ तहसीलदार न्यायालय में एक मुकदमा विचाराधीन है। आरोप है कि इस मुकदमेबाजी के कारण विपक्षीगण उन्हें और उनके परिवार को लगातार परेशान कर रहे हैं।आरोप है कि उक्त व्यक्ति आए दिन उनके दरवाजे के सामने से गुजरते समय उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी नवीन मंडी में आढ़त है,और आना जाना लगा रहता है, लोगों ने उसे गाड़ी चढ़ाकर जान ले लेने की धमकियां दी है। उसकी मांग है कि उक्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

## लॉर्ड बुद्ध सिटी इंटरनेशनल स्कूल में मनाई बुद्ध पूर्णिमा

जागरण मोर्चा कार्यालय


भगवान बुद्ध के चित्र के आगे पूजा अर्चना करते लोग।

**मिलक।** लॉर्ड बुद्ध सिटी इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई। कार्यक्रम में भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।प्राचीन ध्यान पद्धति 'विपश्यना' का अभ्यास भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। सभी अध्यापकों ने पुष्प अर्पित कर भगवान बुद्ध के समर्पण का भाव व्यक्त किया।इसके बाद भगवान बुद्ध द्वारा पुनर्जीवित की गई। भारत की प्राचीनतम ध्यान पद्धति 'विपश्यना' का कुछ समय तक अभ्यास किया गया विद्यालय के प्रबंधक कपिल देव कोरी ने कहा कि भगवान बुद्ध ने सारे विश्व को करुणा, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता का सबक सिखाया। उन्होंने बताया कि बुद्ध के विचारों से प्रभावित होकर ही सम्राट अशोक ने कलिंग युद्ध के भीषण रक्तपात के बाद युद्ध न करने की शपथ ली थी। अशोक ने विश्व में शांति स्थापना के लिए बुद्ध धम्म स्वीकार किया और अपने पुत्र महेंद्र व पुत्री संघमित्रा को बुद्ध धम्म के प्रचार-प्रसार के लिए विदेशों में भेजा।प्रबंधक ने कहा कि सिकंदर महान और कनिष्क जैसे योद्धाओं ने भी बुद्ध धम्म को स्वीकार कर युद्ध न लड़ने की सौगंध ली थी। आज भी विश्व भर में 2 हजार साल पुरानी बुद्ध की प्रतिमाएं खुदाई में मिलती हैं, जो बुद्ध के वैश्विक प्रभाव का प्रमाण हैं।इस मौके पर विद्यालय की सह प्रबंधिका पुष्पा देवी,दीप शिखा कश्यप, तान्या गुप्ता, सुरभि पांडे, भावना पांडे, भावना गंगवार, तक्ष प्रीत कौर, प्रतीक्षा गंगवार, वैशाली देवल, अमृतांशी, महक बी, प्राची गुप्ता, शिवानी गंगवार, तनु गंगवार, रमन गंगवार, कल्पना गंगवार, महेंद्र यादव, सुभाष गंगवार आदि उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से सीएचसी की दीवार हुई ध्वस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिलासपुर।** अनियंत्रित कार ने जबरदस्त टक्कर मारने के बाद सीएचसी के मुख्य द्वार की दीवार को ध्वस्त कर दिया। गनीमत रही कि दुर्घटना के समय वहां कोई मौजूद नही था वरना बड़ा हादसा हो सकता है, सुरक्षाकर्मियों ने टक्कर मारने वाले चालक को रोक लिया और खूब खरी-खोटी सुनाई।नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार चालक की लापरवाही का यह दृश्य गुरूवार की रात करीब साढ़े सात बजे सामने आया जब तेज आंधी बारिश हो रही थी। बताया जाता है कि कार में सवार अनट्रेंड चालक ने सीएचसी के मुख्य द्वार की दीवार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दीवार भर-भराकर ध्वस्त हो गई।इससे आसपास के दुकानदारों और सुरक्षा कर्मियों में खलबली मच गई।भागने का प्रयास कर रहे चालक को सुरक्षाकर्मियों ने धर-दबोच लिया और खूब खरी-खोटी सुनाई।नुकसान की भरपाई के आश्वासन पर चालक को बिना किसी कार्रवाई के छोड़ दिया गया।चिकित्साधीक्षक डॉ. पदम सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है,आंधी बारिश के दौरान कार सवार ने गेट में टक्कर मार दी थी,दीवार का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था,गलती की माफी और दीवार बनवाने का आश्वासन पर कोई कार्रवाई नही की गई है।

## राशन डीलर पर होलिका स्थल पर कब्जे का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते लोग।

**बिलासपुर।** अहरो जदीद के ग्रामीणों ने तहसील में प्रदर्शन किया और एसडीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। शुक्रवार को ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे नरेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि गांव में लगभग सौ साल पुराना होलिका दहन स्थल है। इस स्थान पर हर साल होलिका जलाई जाती है और ग्रामीण इसे सामूहिक कार्यक्रमों के लिए भी उपयोग करते हैं। गांव का राशन डीलर इस ऐतिहासिक भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहा है।

वह वहां सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का निर्माण कराना चाहता है। जब ग्रामीण इसका विरोध करते हैं, तो राशन डीलर उन्हें धमकाता है और राशन न देने की भी धमकी देता है। उन्होंने बताया कि सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के लिए ग्राम समाज ने पहले ही प्रस्ताव पारित कर जमीन आवंटित कर दी है और वहां निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। इसके बावजूद, राशन डीलर आवंटित भूमि पर काम रोककर होलिका स्थल को कब्जाना चाहता है। ग्रामीणों ने पहले भी प्रशासन से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने होलिका दहन स्थल को सुरक्षित किया जाए और राशन डीलर के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। नायब तहसीलदार अंकुर अंतल ने ग्रामीणों से ज्ञापन स्वीकार किया और जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह, अमित मौर्य, राहुल मौर्य, शिवम मौर्य, प्रेम मौर्य, पूरनलाल, राजेश मौर्य, अनिल मौर्य, सोमपाल, मनोज मौर्य आदि मौजूद रहे।

## अनदेखी: तेज आंधी से गिरा पुराना गंज में बिजली का खंभा

- खंभा गिरने पर बिजली निगम के अधिकारियों के घनघनाए फोन

जागरण मोर्चा, कार्यालय


पुराना गंज में गिरे पोल को सही करते कर्मचारी।

**रामपुर।** तेज आंधी आने से बिजली निगम के अफसरों की दावों की पोल खुल गई। शहर के अधिकांश मोहल्लों में जर्जर बिजली के पोल लगे हुए है। इनमें से पुराना गंज में लगा खंभा गिर गया। खंभा गिरने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लेकिन खंभा के गिरने से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। खंभा गिरने से बिजली निगम के अधिकारियों के फोन घनघनाने लगे।

गुरूवार की रात आई तेज आंधी से पूरे शहर की बिजली की आपूर्ति बेपटरी हुई। साथ ही चौराहों पर लगे होर्डिंग्स, फ्लैक्स भी उखड़कर गिर गए। बिजली के लाइनों पर पेड़ टूटकर गिर गए।

हवा रूकने के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने जर्जर तारों को सही कराया। पुराना गंज में लगा जर्जर बिजली का पोल भी आंधी आने से गिर गया। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

आनन फानन में कर्मचारियों ने आपूर्ति को बंद कराया। थोड़ी देर बाद खंभे को उठाकर एक तरफ किया। उसके बाद जर्जर पोल को हटवाकर नया मंगवाकर लगवाया गया। एक्सईएन अनुराग सिंह ने बताया कि आंधी की वजह से आपूर्ति को पनवड़िया 132 से बंद करा दी गई। जर्जर पोल हटवाकर नया लगवा दिया है।

## साइबर ठगों ने झांसा देकर महिला से 8 .67 लाख रुपये ठगे

- पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बिलासपुर।** साइबर ठगों ने झासा देकर क्षेत्र की एक महिला से करीब 8.67 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने टेलीग्राम ग्रुप के जरिए महिला को अपने जाल में फंसाया और टास्क के नाम पर अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


क्षेत्र के ग्राम गदेय्या नसीमगंज निवासी किरनदीप कौर को बीती 12 अप्रैल को एक अज्ञात व्यक्ति ने इंटरनेट मीडिया के टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा था। वहां उन्हें आनलाइन काम के बदले अच्छे मुनाफे का आफर दिया गया। महिला जालसाजों की बातों में आ गई और काम शुरू कर दिया। शुरुआत में भरोसा जीतने के बाद ठगों ने उनसे निवेश और अन्य बहानों से पैसे मांगना शुरू किया।

ठगों के दबाव में आकर किरनदीप कौर ने अपने बैंक खाते से 6.08 लाख रुपये और दूसरे खाते से 78,800 रुपये भेज दिए। इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी मां के खाते से 80,000 रुपये और भाई के खाते से भी एक लाख रुपये ठगों द्वारा दी गई यूपीआई आईडी और बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। इस तरह कुल 8,67,691 रुपये की बड़ी रकम ठग ली गई।

धोखाधड़ी का अहसास होने पर पीड़िता ने कोतवाली पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात की और उन्हें तहरीर सौंपी। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक रामवीर सिंह राठी को सौंपी गई है। संदिग्ध खातों की जांच की जा रही है और जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## करंट से मासूम की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला फर्राशान में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना उस समय सामने आई जब महज चार वर्षीय एक मासूम बच्ची घर के अंदर खेलते-खेलते बिजली के करंट की चपेट में आ गई। करंट लगने से बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई।

इस हादसे ने पूरे मोहल्ले को सदमे में डाल दिया और परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला फर्राशान निवासी विक्रम की पुत्री श्रृष्टि (4) घर में खेल रही थी। इसी दौरान बालिका का हाथ बिजली के एक नंगे तार से लग गया। तार में करंट दौड़ रहा था, जिसके कारण श्रृष्टि को जोरदार झटका लगा और वह वहीं गिर पड़ी। आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने जब बच्ची की हालत देखी तो उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुँची और मामले की जाँच शुरू की।

## दो पासपोर्ट मामले में पांच को होगी सुनवाई



- बुद्ध पूर्णिमा को लेकर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से रहते विरत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** स्पेशल कोर्ट मजिस्ट्रेट एवं सेशन कोर्ट में सपा नेता मोहम्मद आजम खां और अब्दुल्ला आजम खां के पासपोर्ट मामले में अपील सहित छह मुकदमों में सुनवाई होना थी। लेकिन बुद्ध पूर्णिमा के चलते सभी मामलों में सुनवाई नहीं हो सकी। सभी मामलों में अलग-अलग तारीख नियत की है।

बता दे कि दिसंबर 25 में अब्दुल्ला आजम को दो पासपोर्ट मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोषी मानते हुए सात साल की सजा और 50 हजार का जुर्माना लगाया था। जिसके बाद से अब्दुल्ला आजम खान जेल में बंद है। सजा के फैसले के खिलाफ अब्दुल्ला के अधिवक्ता ने अपील दाखिल की थी। जिसमें अब्दुल्ला आजम के वकील पिछली तारीख पर बहस हुई थी। जिसमें शुक्रवार को सुनवाई होना थी,लेकिन बुद्ध पूर्णिमा पर सरकारी अवकाश होने के कारण अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई के लिए 5 मई की तारीख नियत की है। इसके अलावा आजम खां से जुड़े कई मामलों में सुनवाई टल गई। जिसमें अलग-अलग तारीख नियत की है।

### आवारा कुत्तों ने 5 बकरियां और 15 मुर्गियों को नोंच कर मार डाला

**रामपुर।** नगर के मोहल्ला नालापार अफरीदीयान में शकील खान की मीट बेचने की दुकान हैं।गुरुवार रात को शकील अपने फार्म मे अपनी बकरियों को मुर्गी फार्म मे बंद करके सोए थे। रात में कुत्ते किसी तरह फार्म के अंदर आ गए। 5 बकरियों मार दी।सुबह जब शकील खां अपने फार्म पर पहुंचे तो देखा कि कुत्ते बकरी खा रहे हैं। इस बीच कुत्तों ने शकील खां पर हमला कर दिया। शकील खां ने जैसे तैसे अपनी जान बचाई। शोर सुनकर लोग आ गए। शकील खां का कहना हैं कि आवारा कुत्ते कभी किसी पर कभी किसी पर हमला कर रहे हैं।मेरा करीबन 50.000 हजार का नुकसान कर दिया हैं।



### किसान नेता से मारपीट मामला

## पूर्व थाना इंचार्ज सहित पांच के वारंट जारी

- अब इस मामले में 18 मई को होगी सुनवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** किसान नेता से थाना केमरी में मारपीट, लूटपाट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोर्ट ने पूर्व थाना इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद सहित पांच लोगों के खिलाफ दायर परिवाद की सुनवाई करते हुए एनबीडब्ल्यू वारंट जारी कर दिए है। अब इस मामले में 19 मई को सुनवाई होगी।

भोट थाना क्षेत्र के गांव सनकरा निवासी सलीम वारसी किसान नेता है उनका आरोप है कि पुलिस वालों ने एक बच्चे को छोड़ने के नाम पर 40 हजार की रिश्वत मांगी थी। जिस पर किसान नेता विरोध जताते हुए पैसे देने से इंकार कर दिया था। उसके बाद थाने में किसान नेता से इंचार्ज और दरोगा ने उनसे गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी थी। जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। उसके बाद किसान नेता सलीम वारसी ने अधिवक्ता रेहान खां से संपर्क किया। उसके बाद कोर्ट में परिवाद दायर किया। जिसमें लगातार सुनवाई चल रही थी। घटना 6 जुलाई 2016 की है। जिसमें शुक्रवार को कोर्ट ने तत्कालीन एसओ राजेंद्र प्रसाद,दरोगा अमित मान,सिपाही रंजीत समेत पांच लोगों के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी कर दिए है। अब 18 मई को सुनवाई होना है।

**लापरवाही** एक माह से खराब है यूनिट के एयर कंडीशनर, मरोजों को आ रहीं परेशानियां

## जिला अस्पताल के डायलिसिस के तीन एसी की गैस हुई खत्म

जागरण मोर्चा, कार्यालय



जिला अस्पताल स्थित डायलिसिस यूनिट। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिला अस्पताल के डायलिसिस यूनिट के तीन एयर कंडीशनर की गैस खत्म हो गई है। जिससे यह एयरकंडीशन कूलिंग नहीं हो पा रही है। भीषण गर्मी में एसी के नहीं चलने से डायलिसिस के रोगियों का हाल-बेहाल है। इसी वजह से रोगियों-तीमारदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। करीब एक माह से यूनिट में लगे एयर कंडीशनर खराब की स्थिति में है।

जिला अस्पताल के डायलिसिस यूनिट में 10 बेड की व्यवस्था है। यूनिट में तीन एयर कंडीशनर भी लगे है। जोकि पॉजिटिव में 1, नेगेटिव में 2 में एयर कंडीशनर लगा हुआ है। लेकिन इन एयर कंडीशन की स्थिति यह है कि पिछले एक माह में इनमें गैस खत्म हो गई है। जिसकी वजह से ऐसे में भीषण गर्मी में रोगियों को डायलिसिस कराने में परेशानियां हो रही है।

### प्रतिदिन 35 होती है डायलिसिस

जिला अस्पताल के डायलिसिस यूनिट में प्रतिदिन 35 डायलिसिस होती है। सुबह 6 बजे से 10 बजे, सुबह 10 से दोपहर 2 बजे, दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक डायलिसिस होती है। इसके अलावा शाम 6 से रात 10 बजे चौथी शिफ्ट में भी डायलिसिस होती है।

डायलिसिस यूनिट में सिर्फ एक एसी का पाइप कट गया है।इसके लिए कोटेशन आ गई है जल्द ही इसे सही करा दिया जाएगा। – **प्रियंका, यूनिट इंचार्ज।**

# श्रमवीरों का सम्मान, बांटे गए हितलाभ व ई-श्रम के प्रमाण पत्र

## अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस : कार्यक्रम में 9 को मिला मातृत्व एवं शिशु हितलाभ, डीएम ने दीं बधाई


बैठक को संबोधित करते सीडीओ। -जागरण मोर्चा


प्रमाण पत्र दिखाते युवक और महिलाएं। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में जिले के श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में, कार्यक्रम में उपस्थित न होने के बावजूद जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने अपना शुभकामना संदेश भेजकर श्रमिकों को विकास की असली रीढ़ बताया। इस खास मौके पर जहां आज 9 श्रमिकों को मातृत्व एवं शिशु हितलाभ योजना के अंतर्गत सहायता प्रदान की गई, वहीं ई-श्रम कार्ड के लाभार्थियों को भी प्रमाण पत्र बांटे गए। मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने संबोधन में कहा कि श्रमिक समाज और अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ नींव हैं।संबंधित विभागों को कड़े निर्देश दिए कि श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के श्रमवीर गौरव समारोह 2026 का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। इसमें उद्योग जगत व व्यापार मंडल के प्रतिनिधि भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।सहायक श्रमायुक्त राजकुमार ने बताया कि जनपद में नए उद्योगों की स्थापना से रोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि गत वित्तीय वर्ष में 972 लाभार्थियों को शिशु हितलाभ योजना तथा 814 लाभार्थियों को कन्या विवाह सहायता योजना का लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान ई-श्रम कार्ड के माध्यम से 25,000 तक के लाभ के प्रमाण पत्र और तीन श्रमिकों को प्रधानमंत्री मानधन योजना के प्रमाण पत्र भी मौके पर वितरित किए गए। पूरे कार्यक्रम का समापन श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा एवं समृद्धि के संकल्प के साथ किया गया।

**मानधन योजना में डीएम की पहल लाई रंग, 9000 श्रमिक हुए पंजीकृत**

श्रमिकों के सुरक्षित भविष्य को लेकर डीएम अजय कुमार द्विवेदी की दूरगामी सोच का असर प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवाईएम) में साफ नजर आ रहा है। कुछ माह पूर्व इस योजना का लक्ष्य मात्र 550 था, जिसे श्रमिकों के हित को देखते हुए डीएम ने बढ़ाकर 10,398 कर दिया था। विभाग की सक्रियता और डीएम की सतत मॉनिटरिंग का ही नतीजा है कि जिले में अब तक 9,000 श्रमिक इस पेंशन योजना से जुड़कर अपना भविष्य सुरक्षित कर चुके हैं।

### क्या है योजना और कैसे लें लाभ

15 फरवरी 2019 को शुरू हुई यह योजना असंगठित क्षेत्र के कामगारों के बुढ़ापे का सबसे बड़ा सहारा है। 18 से 40 वर्ष की आयु के ऐसे श्रमिक जिनकी मासिक आय 15,000 से कम है, वे 55 से 200 का मासिक अंशदान कर इससे जुड़ सकते हैं। 60 वर्ष की आयु के बाद उन्हें 3,000 निश्चित मासिक पेंशन मिलती है, जिसमें सरकार भी अपनी ओर से बराबर का योगदान देती है। पात्र श्रमिक अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र (सीएससी), श्रम विभाग के कार्यालय या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपना आधार कार्ड और बैंक पासबुक ले जाकर इस योजना में अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### श्रमिक ही विकास की आधारशिलाः डीएम का संदेश

जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी ने अपने शुभकामना संदेश में स्पष्ट किया कि श्रमिकों की मेहनत, लगन और समर्पण के बिना राष्ट्र की प्रगति की कल्पना अधूरी है। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि सभी पात्र श्रमिकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए, कोई भी श्रमिक वंचित न रहे।

# वीर खालसा सेवा समिति ने मजदूरों को किया सम्मानित


मजदूरों को सम्मानित करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर वीर खालसा सेवा समिति की ओर से मजदूरों को सम्मानित किया गया। जगह-जगह जहां पर मजदूर कार्य कर रहे थे। वहीं वीर खालसा सेवा समिति के सदस्यों ने पहुंचकर मजदूरों को गिफ्ट वितरण किए।

अवतार सिंह ने कहा कि जिस हिसाब से मजदूरों की मेहनत है। लगता उस हिसाब से आमदनी कम है।

कड़ाके की गर्मी में इन मजदूरों को सम्मानित किया गया। क्योंकि इनका सम्मान भी करना हम सबका कर्तव्य बनता है। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सभी मजदूरों को जगह जाकर बधाई दी। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह, गुलशन अरोड़ा, नारायण सिंह, मनिंदर सिंह, वजीर सिंह, मनजीत सिंह, अमनदीप सिंह, हरीश अरोड़ा मौजूद रहे।

## बच्चों को मजदूर दिवस के बारे में किया जागरूक


कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यालय के संस्थापक दिलीप सक्सेना एडमिनिस्ट्रेटर अर्जित सक्सेना, एवं अन्य लोग।

**रामपुर**। कृष्णा विहार स्थित किड्जी स्कूल में शुक्रवार को लेबर डे मनाया गया। स्कूल में बच्चों ने मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया।

बताया कि हर साल 1 मई को लेबर डे मानाया जाता है। बच्चों ने स्कूल में शिक्षा के साथ मजदूर दिवस का महत्व जाना। जीवन में मजदूरों का भी दैनिक कार्यों में बहुत अधिक महत्व है। हमें उनका सम्मान करना चाहिए। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक दिलीप सक्सेना, एडमिनिस्ट्रेटर अर्जित सक्सेना, कोऑर्डिनेटर अर्शिया खान द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को सम्मानित भी किया।कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यालय के संस्थापक दिलीप सक्सेना एडमिनिस्ट्रेटर अर्जित सक्सेना, एवं अन्य लोग शामिल रहे।

### एक नजर

## ब्राह्मण सभा ने पंडित प्रमोद शर्मा के निधन पर जताया शोक

**मिलक**। श्री ब्राह्मण सभा मिलक द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। बैठक में नगर के मोहल्ला नसीराबाद निवासी पंडित प्रमोद शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।सभा में उपस्थित सभी विप्र बंधुओं ने दिवंगत पुण्य आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में डॉ विवेक शुक्ला, डॉ विकास शुक्ला, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, नवीन कुमार शर्मा, राम कुमार शर्मा, ब्रजेश कुमार शर्मा, भुवनेश भार्गव, गौरव शर्मा, प्रमोद शुक्ला, प्रवेश शुक्ला, शिव शरण शर्मा, डॉ शंकर लाल शर्मा, संजय शर्मा, नंदन प्रसाद शर्मा, संतोष त्रिवेदी, राजीव कुमार गौड़, यतेंद्र अत्री, विशाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधु मौजूद रहे।महिला शक्ति की भी सहभागिता रही। जिसमें गीता शर्मा, ऊषा शर्मा, रत्ना शर्मा, मीना शर्मा, मनोरमा शर्मा, मानसी भार्गव ने भी दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुकेश कौशिक सहित अन्य समाज के लोग भी शोक सभा में शामिल हुए।

# आप के प्रदेश प्रवक्ता ने हज कमेटी के अध्यक्ष को लिखा पत्र

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। आप के प्रदेश प्रवक्ता फैसल लाला ने हज कमेटी के अध्यक्ष को एक पत्र भेजा है। जिसमें कहा कि हज को जाने वाले हाजियों के लिए दी जाने वाली सुविधाओं के नाम पर उनको परेशान किया रहा है जबकि एक हाजी पर 4 लाख का खर्च आ रहा है इतनी रकम देने के बाद भी सुविधाएं सही नहीं दी जा रही है। अजीजिया क्षेत्र स्थित आसफ अल कुरैशी होटल का विडियो साक्ष्य के तौर पेश किया गया है। जिसमें असलियत सामने आई है। हज को गए हाजियों की प्रमुख समस्याओं में परिवार को जबरन अलग किया जा रहा है। रुकने के इंतजाम मानक के अनुरूप नहीं है।

एक कमरे में आठ से 16 लोगों के ठहराया जा रहा है।बॉशरुम की स्थिति खराब है। 16 लोगों पर एक वॉशरूम दिया जा रहा है जोकि गंदा रहता है। इसके अलावा गंदा पानी भी रूम के अंदर आ रहा है। साफ पानी पीने तक को नहीं मिल रहा है। हज जैसे पवित्र कर्तव्य के लिए इतनी बढ़ी रकम देने के बाद भी सुविधाएं नहीं मिल रही है। इस बारें में जांच कराकर लोगों को सुविधाएं दी जाए।

# गौतम बुद्ध धार्मिक प्रवर्तक नहीं, बल्कि समाज-सुधारक थे :महेश

- **मोहल्ला छिपियान में हुई अखिल भारतीय जाटव महासभा की बैठक**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार सागर ने कहा कि गौतम बुद्ध केवल एक धार्मिक प्रवर्तक नहीं थे, बल्कि एक महान चिंतक, मानवतावादी और समाज-सुधारक भी थे। उन्होंने जो जीवन-दर्शन दिया, वह केवल किसी विशेष युग या वर्ग तक सीमित नहीं रहा। आज का समाज जहां मानसिक तनाव, भौतिक लालसा, सामाजिक असमानता और हिंसा से ग्रस्त है, वहां बुद्ध का जीवन-दर्शन और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है।

उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध के जीवन-दर्शन की विशेषता यह है कि वह किसी एक धर्म या समुदाय तक सीमित न होकर सम्पूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है। उनका मार्ग जीवन को अधिक सार्थक, शांत और समरस बनाने की प्रेरणा देता है। आज की भौतिक,अशांत और असमानता से भरी दुनिया में बुद्ध के विचारों को अपनाना ही सच्चे अर्थों में मानवता का उत्थान है। इसलिए यह कहना पूर्णतः उचित है कि गौतम बुद्ध के जीवन-दर्शन आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने वे 2500 वर्ष पहले थे। बैठक में समरपाल सिंह, राकेश सागर, दिनेश सागर, अमित कुमार सागर, जबर सिंह सागर, ओमप्रकाश, आनंद प्रकाश वाल्मीकि, हरिराम प्रधान, विजय प्रकाश, विनय सागर, राजकुमार, अजय कुमार, राजू जाटव, सुरेश सागर, राकेश सागर आदि मौजूद रहे।

# विदाई सम्मान समारोह का हुआ आयोजन


मुनव्वर शाह खां को सम्मानित करती बीएसए। -जागरण मोर्चा

**रामपुर**। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत मुनव्वर शाह खां 31 मार्च को सेवानिवृत हो गए थे उन्होंने लगभग 37 वर्ष की राजकीय सेवा पुरी की उनकी नियुक्ति वर्ष 1989 में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुई थी वर्ष 1999 में है माध्यमिक शिक्षा विभाग में चले गए थे। 30 जून 2022 को पुनः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आए थे। वर्तमान में वह वरिष्ठ सहायक के पद से सेवानिवृत हो गए। पारिवारिक शोक के चलते उनका सम्मान समारोह नहीं किया गया था।30 अप्रैल को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभागार में उनका विदाई सम्मान समारोह किया।जिस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। कहा कि विषम परिस्थितियों में भी अपना धैर्य बनाए रखा वह अपने स्टाफ के प्रति वफादार, व्यवहार कुशल एवं स्पष्टवादी बड़े बाबू रहे, वित्त एवं लेखाधिकारी विकास खंडेलवाल ने उनकी कार्यशैली की तारीफ करते हुए बधाई दी।

इस अवसर पर बबीता सिंह, राहुल सक्सेना,सत्येंद्र शर्मा जानिसार अख्तर, रफत अली खान, सुनील श्रीवास्तव, अंकित सक्सेना, नवीन सिंह बिष्ट, शुभम चौहान, समक्ष सिन्हा, फैसल मसूद, दानिश, राहुल तथा भगवती इत्यादि कर्मचारी मौजूद रहे। बेसिक शिक्षा बिभाग के बड़े बाबू मुनव्वर शाह को जीवन की अगली पारी के लिए बधाई दी।

# कपड़ा मील के खंडहर से पुलिस ने बाइक चोर पकड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते गुरुवार रात को पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी कि इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कपड़ा मिल के खंडहर में चोरी की बाइकों के साथ एक आरोपी खड़ा है। जिसके बाद पुलिस ने उसको घेराबंदी करके पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास तमंचा और कारतूस भी मिला।

इसके अलावा चोरी की गई बाइक भी बरामद की। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी जिला मुरादाबाद के थाना मूढापांडे के गांव गनेश घाट निवासी विशाल है। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया।वहां से वह जेल चला गया।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

## एएसपी ने सुनी समस्याएं

रामपुर।अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिए। ताकि कार्यालय पर आने वाले लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जा सके।

# शाहबाद में पत्रकार संगठन के कार्यालय का उद्घाटन करेंगे डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद**। लंबे समय के इंतजार के बाद शनिवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी शाहबाद में पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। बताते चले कि शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यालय के सौंदर्यकरण का काम पिछले दो माह से चल रहा था। जिसके उद्घाटन के लिए शनिवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा शाहबाद पहुंचेंगे।

दोनों अधिकारियों द्वारा कार्यालय का आज उद्घाटन होगा। बता दें कि पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कड़ी मेहनत कर संगठन के कार्यालय में चार चांद लगाए है। इस कार्यालय में शाहबाद वेलफेयर पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े हुए पत्रकार कवरेज करके लाई हुई खबरों को बैठकर तैयार करेंगे।उसे अपने-अपने प्रतिष्ठान को भी भेजकर दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित भी कराएंगे। इस कार्यालय को चमकाने में अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, संरक्षक बीपी विद्यार्थी, संस्थापक एहसान खान, कार्यकारी अध्यक्ष आकाश शंकर, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार भटनागर कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक शर्मा,संगठन मंत्री विनोद गुप्ता,वरिष्ठ उपाध्यक शराफत हुसैन, कोषाध्यक मुस्तफा अली,विधिक सलाहकार सुहैल खान ,प्रवक्ता अखिलेश रस्तोगी,मार्गदर्शक शाखावत अली, उपाध्यक्ष जहीर खान,उपाध्यक सुमित कश्यप,कनिष्ठ उपाध्यक शावेज़ छोटे,संयुक्त सचिव फैजी खान,सचिव तकरीर अहमद,सचिव शान मोहम्मद,प्रचार मंत्री धर्मेन्द्र सागर,महिला विंग अध्यक्ष नेहा गुप्ता,सदस्य अब्यज,इरफान मालिक सदस्य,शावेज़ खान सदस्य,विकास मुल्तानी सदस्य,तालिब सदस्य,रशीद अल्वी का भी योगदान रहा है।



शाहबाद में पत्रकार संगठन के इसी कार्यालय का आज डीएम करेंगे उद्घाटन।

# दहेज और नशा एक सामाजिक बुराईः मोहम्मद मुस्तकीम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**टांडा**। जामा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले एक बेहद अहम इस्लाही बयान किया। इसमें मशहूर आलिमे दीन मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम पालनपुरी ने खास तौर पर लोगों को खिताब किया।

मौलाना ने समाज में फैली दो बड़ी बुराइयों दहेज की लानत और नशे की तबाही पर बहुत असरदार तरीके से रोशनी डाली। कहा कि दहेज एक गैर-इस्लामी रिवाज है। इसने शादी (निकाह) को बहुत मुश्किल बना दिया है और हजारों घरों को बर्बाद कर दिया है। इस्लाम तो निकाह को आसान बनाने की तालीम देता है, लेकिन दहेज जैसी रस्में इसके बिल्कुल उलट हैं।

नशे के बारे में बोलते हुए मौलाना ने कहा कि नशा सभी बुराइयों की जड़ है। यह इंसान की अक्ल, सेहत और पूरे परिवार को तबाह कर देता है। उन्होंने खासतौर पर युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी और माता-पिता से कहा कि वे अपनी बच्चों की सही तालीम दें।इस दौरान मौलाना ने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे सादी और सस्ती शादी को बढ़ावा दें,दहेज लेने और देने से पूरी तरह बचें,नशे जैसी खतरनाक आदत से दूर रहने का फैसला करें।आखिर में समाज की इस्लाह,नौजवानों की हिदायत और उम्मते मुस्लिमा की भलाई के लिए खास दुआ की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में नमाजियों ने हिस्सा लिया और मौलाना के बयान को निहायत तवज्जोह और संजीदगी से सुना।

**रहें सावधान** चिकित्सक रोगियों को दे रहे एहतियात बरतने की सलाह

# 12 घंटे में डायरिया वार्ड में भर्ती हुए 26 नए रोगी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। जिला अस्पताल में 12 घंटे के भीतर डायरिया वार्ड में 26 नए रोगी भर्ती हुए हैं। शुक्रवार रात 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक के यह आंकड़े है। सभी रोगियों को उपचार के लिए डायरिया वार्ड में भर्ती कराया है साथ ही चिकित्सक भी रोगियों से एहतियात बरतने की सलाह भी दी है।

तापमान में बढ़ोत्तरी, दूषित पानी, गर्मी से खराब भोजन, खुले में बिकने वाले खाद्य सामग्री का सेवन, धूप में बिना बचाव के निकलना, पानी नहीं पीना जैसे कारणों से लोग डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। चिकित्सक उपचार के साथ मरीजों को बचाव के तरीके भी बता रहे हैं साथ ही जिला अस्पताल प्रशासन बेड आदि व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियों में जुटा है। सीनियर कंसल्टेंट डॉ. दशरथ सिंह ने बताया कि इस मौसम में उल्टी, दस्त, बुखार, खांसी-जुकाम, पेट दर्द के रोगी भर्ती हो रहे हैं। शुक्रवार को भी जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में 26 नए रोगी भर्ती हुए हैं।



जिला अस्पताल में बना रोगियों के लिए डायरिया वार्ड। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### शाहबाद में डंपर की टक्कर से टेंपो सवार चार जख्मी, रेफर

**शाहबाद।** शुक्रवार को शाहबाद क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,जिनको एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया , जहां डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सुरेश पुत्र तेजराम निवासी ग्राम पेगुपुरा, मोहन स्वरूप पुत्र तेजराम निवासी ग्राम पेगुपुरा, प्रतीक शर्मा पुत्र अजय शर्मा निवासी ग्राम बरसेर सिरौली, व सचिन कुमार पुत्र कल्याण सिंह निवासी ग्राम हिम्मतपुर सभी लोग टेंपो में सवार होकर रामपुर जा रहे थे, रास्ते में उदयपुर मोड के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में टेंपो में सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद भेजा जहां पर डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया तथा सभी घायलों की हालात को नाजुक देखते हुए जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया।

# भगवान गौतम बुद्ध सभी समाज के प्रेरणास्रोत: कमल तुरैहा

## तीन मई को पास हुए बच्चों को सम्मानित करने के लिए तैयार होगी रणनीति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शुक्रवार को चौकी हजियानी स्थित तुरैहा मछुआ समाज के जिला कार्यालय पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध को याद करते हुए सभी उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा भगवान बुद्ध के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहां की भगवान गौतम बुद्ध के आदर्श—सत्य,अहिंसा और करुणा हम सभी के जीवन में शांति, सद्भाव एवं समृद्धि का संचार करें उन्होंने अपने जीवन काल में सदैव शान्त जीवन स्वीकार करते हुए सभी समाज के लोगों को सुमार्ग को अपनाने का ज्ञान प्रदान किया। इसके साथ-साथ जिला अध्यक्ष ने बताया की 3 मई को संगठन की बैठक में समाज के जो बच्चे अपने अपने विद्यालय में अपनी कक्षा में और हाईस्कूल, इंटरमीडिएट व अन्य उच्च स्तरीय परीक्षा में अच्छे अंक व प्रथम श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्तीर्ण हुए उनको सम्मानित करने व राष्ट्रीय जनगणना आदि विषय पर कार्ययोजना तैयार की जायेगी। इसलिए सभी तहसील व नगरीय क्षेत्र से समाज के साथी बैठक में जरूर अपनी उपस्थिति प्रदान करें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संगठन के जिला महामंत्री राम सिंह तुरैहा एडवोकेट ने भगवान गौतम बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की बिहार राज्य के गया तीर्थ स्थल पर प्राचीन पीपल वृक्ष के नीचे उन्हे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट सभासद ने समाज के सभी साथियों को एकजुट रहने का आह्वान किया। कहां की भगवान गौतम बुद्ध से प्रेरणा लेकर जब तक समाज संगठित होकर एक मंच पर नहीं आएगा। तब तक उसका बिखराव होता रहेगा। राजनीतिक पार्टियां इसी फूट का फायदा लेकर समाज में भ्रम पैदा करती रहेगी।



भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प चढ़ाते कमल कुमार तुरैहा। -जागरण मोर्चा

**यह लोग रहे मौजूद**

अजय कुमार प्रधान, धर्म सिंह, अर्जुन सिंह, रवि तुरैहा, राम सरन तुरैहा, मास्टर अरविन्द कुमार, अर्जुन कुमार, कोमल तुरैहा, राजीव कुमार तुरैहा, पवन कश्यप, हरिशंकर कश्यप, बाल किशोर तुरैहा, नवल किशोर, शिवकुमार, प्रीतम तुरैहा आदि उपस्थित रहे।

## हादसे में घायल हुए युवक की किसी ने बाइक कर दी गायब

- शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** क्षेत्र में एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को बचाने में जुटी भीड़ के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक ही पार कर दी और फरार हो गया। घटना के बाद जहां एक ओर युवक जिंदगी और मौत से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर बाइक चोरी की घटना ने लोगों को झकझोर दिया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम अकबराबाद निवासी सुभान शुक्रवार को बिजारखाता स्थित अपनी ससुराल से बाइक लेकर मसवासी लौट रहा था। जैसे ही वह बिजारखाता तिराहे के पास पहुंचा, उसकी बाइक अचानक स्पीड ब्रेकर से उछल गई। संतुलन बिगड़ने पर वह सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और दुकानदारों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को उठाया और नजदीकी चिकित्सक के पास पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे काशीपुर के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। इसी बीच, जब लोग घायल की मदद में जुटे थे, तभी कोई अज्ञात व्यक्ति मौका पाकर उसकी बाइक लेकर फरार हो गया। काफी देर बाद जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने मामले की सूचना मिलते ही जांच शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में बाइक की तलाश की जा रही है। साथ ही, घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी का सुराग लगाया जा सके।स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे वक्त में जहां लोगों को मदद के लिए आगे आना चाहिए, वहीं इस तरह की हरकत समाज के लिए चिंता का विषय है। पुलिस ने जल्द ही बाइक बरामद करने और आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

## फायजा खान बनीं डाक्टर


फायजा खान को प्रशस्ति पत्र देते आले अहमद खान सुरुर। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** वरिष्ठ समाजसेवी, सहाफी परवेज़ खां की बेटी फायजा खान के डाक्टर बनने पर इल्मों,अदब से जुड़े आले अहमद खान सुरूर ने अंजुमन तरक्की उर्दू (हिंद) कमेटी की ओर से प्रशस्ति पत्र भेंट किया। इस मौके पर आले अहमद खान सुरूर ने कहा कि फायजा खान मेरी शागिर्द रहीं हैं और उन्होंने जो उपलब्धि हासिल की है वो मुबारकबाद की मुस्तहिक हैं। मुझे इस मौके पर बहुत खुशी महसूस हो रही है कि हमारी नई पीढ़ी ऐसे मुकामात हासिल कर रही है जिससे इंसानियत को फायदा पहुंचेगा।

## मिठाई की दुकान से बाइक चोरी, तहरीर

**टांडा।** शुक्रवार को दोपहर बाद नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित सुगंध होटल के बाहर से ग्राहक की मोटरसाइकिल चोरी हो गयी। पीड़ित ने थाने में बाइक चोरी की तहरीर दे दी है।पुलिस जांच कर रही है।नगर के मोहल्ला मनिहारान निवासी मोहम्मद अकील पुत्र मोहम्मद अली शुक्रवार को दोपहर बाद समय 3:25 पर अपनी मोटरसाइकिल सुगंध होटल पर मिठाई लेने गया था। वह अपनी गाड़ी बाहर खड़ी करके अंदर मीठा लेने चला गया। जब वह मिठाई लेकर वापस अपनी गाड़ी के पास आया तो मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। काफी छानबीन करने पर भी बाइक का पता नहीं चला। अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए।पीड़ित ने पुलिस को तेहरीर देकर बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

# गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने से मचा हड़कंप

- अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के चौहद्दा स्थित कोसी नदी किनारे गेहूं के कटे खेत में गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी गई। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है, वहीं बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने भी मौके पर पहुंचकर विरोध जताया।

बताया जाता है गुरुवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि चौहद्दा क्षेत्र में कोसी नदी के पास खेत में एक निराश्रित गोवंशीय पशु के कटे हुए अवशेष पड़े हैं। मौके पर काली पन्नी और रस्सी भी बरामद हुई, जिससे पशु वध की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज सोहन पाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

पुलिस ने मौके से बरामद काली पन्नी और रस्सी को कब्जे में लेकर साक्ष्य के रूप में सुरक्षित कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया गया। इसके बाद पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष राठी को बुलाकर अवशेषों की जांच कराई गई, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके।घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता अर्जुन कुमार गुप्ता भी मौके पर पहुंच गए और पशु वध की आशंका जताते हुए आक्रोश व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उधर, कोतवाली प्रभारी ने भी मौके का निरीक्षण कर पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी गई है।पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।


मसवासी के चौहद्दा कोसी नदी क्षेत्र में गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने पर जांच में जुटी पुलिस। -जागरण मोर्चा

# नयी पीढ़ी को जागरुक करने की जिम्मेदारी हमारी: सूर्य प्रकाश पाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सांस्कृतिक एवं साहित्यिक जागरण मंच के तत्वावधान में राष्ट्र गीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक राष्ट्रीय स्तर की विचार माला का आयोजन शनिवार को उत्सव पैलेस में आयोजित किया जाएगा। विचार माला का विषय उदीयमान भारत एवं भविष्य है ।

भारत के उत्थान के विचारार्थ 2 मई को आयोजित होने वाली विचार माला में पीआईएलमैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध अश्विनी उपाध्याय,आध्यात्मिक विद्वान एवं ज्योतिषाचार्य प्रोफेसर पवन सिन्हा गुरुजी, सनातन वैदिक धर्म की वरिष्ठ प्रचारिका और संस्कृत विदुषी डॉ.अर्चना प्रिय आर्य का भी उद्बोधन प्राप्त होगा। उनके विचारों को सुनने के लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह , राज्य मंत्री बलदेव औलख,मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, नगर विधायक मुरादाबाद रितेश गुप्ता,नगर विधायक आकाश सक्सेना , विधायक राजीव तरारा, डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, कुंवर महाराज सिंह,बाल आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशेष गुप्ता, पधार रहे हैं।

इस कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के निमित्त एक बैठक रेडियंस पार्क होटल में हुई। जिसमें रामपुर सांस्कृतिक साहित्यिक जागरण मंच के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग ने कहा कि भारत माता की हजारों संतानों ने वंदेमातरम के जयघोष के साथ अपने जीवन का बलिदान देकर जिस आजादी को पाया है। उसे बनाए रखने और देश को ताकतवर बनाने के नयी पीढ़ी को जागरुक करने की जिम्मेदारी हमारी है। बैठक में दीपक गोयल, श्रीष गुप्ता, संचित गुप्ता, राजीव मांगलिक, भारत भूषण गुप्ता, महेश जुनेजा, विनोद कुमार, सचिन सिंह सार्थक, विशाल अग्रवाल,रविंद्र सिंह रविंद्र गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, सरदार अवतार सिंह, सरिता सिंघल,अलका जैन, पारुल अग्रवाल, अनीता पाल, नीना साहनी, पूजा शर्मा, प्रीति गुप्ता, सरिता विश्नोई, राजीव अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, सन्दीप अग्रवाल सोनी, रविंद्र सिंह रवि, संजय पाठक, प्रतीक शर्मा, संजय अग्रवाल चांदी वाले, प्रमोद आहूजा, अर्जित सक्सेना, आर के जैन, ऋषभ रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## शिकायत के आधार पर मारा छापा, संचालक फरार

- लगातार मिल रहीं शिकायतों के आधार पर कार्रवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शाहबाद क्षेत्र के खरसौल गांव में बिना पंजीकरण संचालित एक क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया है। इसकी लगातार शिकायतें मिल रही थी।

सीएमओ को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि खरसौल में इंतजार हुसैन झोलाछाप बिना पंजीकरण के मरीजों का उपचार कर रहा है। इस पर टीम ने मौके पर पहुंची। तो संचालक को भनक लगने पर वह मौके से फरार हो गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार छापेमारी के दौरान क्लीनिक के पास संचालन के जरूरी कागजात, पंजीकरण भी नहीं पाया गया। इसके बाद टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्लीनिक को सील कर दिया। सीएमओ ने बताया कि जनपद में बिना पंजीकरण के क्लीनिक, अस्पताल, नर्सिंग होम, पैथोलॉजी लैब का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। अवैध रूप से संचालकों के खिलाफ जनपद में अभियान लगातार जारी रहेगा।

## तेज हवाएं चलने से हाईटेंशन लाइन पर गिरे पेड़ नगर सहित क्षेत्र की बत्ती गुल


33 केवी की लाइन पर गिरा भारी भरकम पेड़। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

मसवासी। गुरुवार शाम को आई तेज आंधी और बारिश ने जहां मौसम को सुहावना बना दिया, वहीं नगर सहित पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। हाईटेंशन लाइन में ब्रेकडाउन हो गया जिसकी वजह से नगर सहित पूरे क्षेत्र बत्ती गुल हो गई पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार हवाओं और बारिश के बीच दढ़ियाल-टांडा के बीच स्थित हाईटेंशन लाइन के ऊपर पेड़ गिरने से फॉल्ट हो गया गया।जिसके चलते मसवासी नगर सहित क्षेत्र के भूबरा,रहमतगंज, सीतारामपुर, कुंदनपुर, अलीगंज, मुकुंदपुर, हसनपुर, उत्तरी पट्टी कला, घोसीपुरा, सेमरा, लाडपुर,मानपुर, महाराजपुर, बब्बरपुरी, लोहार, इनायतगंज,खानपुर, मोतीपुरा, फतेहगंज,धर्मपुर, किशनपुर, मौलागढ़, शिकारपुर, शिवनगर समेत कई गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।करीब एक घंटे तक चली तेज हवाओं ने जनजीवन की रफ्तार थाम दी। बिजली गुल होने से लोगों को रातभर परेशानी झेलनी पड़ी।अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया कि एचटी लाइन की पेट्रोलिंग कराई जारहीहै, जल्द ही आपूर्ति बहाल की जाएगी।हालांकि, तेज हवा और बारिश से तापमान में गिरावट आई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। राहत की बात यह रही कि क्षेत्र में कहीं से भी किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

**समस्या** पाइप लाइन को सही करने के नाम पर सिर्फ खानापूरी

# एक माह में पांच बार फटी पाइप लाइन, जलभराव


चौकी हजियानी क्षेत्र में पाइपलाइन फटने से सड़क पर बह रहा पानी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** चौकी हजियानी के सामने हर दिन सड़क पर हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। मजे की बात यह है कि एक माह में पांच बार पाइपलाइन को सही किया जा चुका है। लेकिन इसके बाद सड़क पर पानी बह रहा है।

पानी बहने के कारण चौकी क्षेत्र हजियानी कीचड़ में तब्दील हो गया है। जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। लगातार पानी बहने से सड़क पर कीचड़ की परत जम गई है और रास्ता भी फिसलदार हो गया है। कई दुपहिया वाहन चालक मजबूरन इसी रास्ते से गुजर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका के अधिकारियों से पाइप लाइन को बदलने के लिए कहा गया है बदलने के नाम पर सिर्फ मरम्मत की जा रही है। अगर नई पाइपलाइन डाल दी जाए तो इस समस्या से लोगों को छुटकारा मिल सकता है। लेकिन जलकल विभाग के जिम्मेदारों को कोई सुध नहीं हैं।

**हर बैठक में लाखों रुपयों के प्रस्ताव होते हैं पारित**

नगर पालिका परिषद की हर बोर्ड की बैठक में जलकल विभाग के लिए लाखों रुपयों के प्रस्तावों पर मोहर लगती है। जिससे कि शहरवासियों को पानी के लिए परेशान न होना पड़े। साथ ही मरम्मत और नई पाइपलाइन डलवाने के कार्य भी शामिल है। लेकिन इसके बाद भी चौकी हजियानी में नई पाइपलाइन नहीं डाली जा रही है, जबकि राधा रोड स्थित वर्कशाप में मेटेरियल भरा पड़ा हुआ है।

### बोले लोग


नगर पालिका के अधिकारियों को चाहिए कि चौकी हजियानी क्षेत्र में नई पाइप लाइन डलवाकर समस्या को खत्म करें। लेकिन सिर्फ मरम्मत की जा रही है। – राजेश कुमार


एक माह में पांच बार पाइपलाइन फट चुकी है संबंधित अधिकारी नई पाइपलाइन डालने के नाम पर सिर्फ खानापूरी कर रहे हैं। सड़क पर पानी बह रहा है। –धर्म सिंह तुरैहा


नई पाइपलाइन डलवाने के बजाए सिर्फ मरम्मत की जा रही है जिससे बार–बार लाइन लीकेज हो रही है। इसलिए पालिका द्वारा सही कराई जाए। – राजाराम


चौकी हजियानी क्षेत्र में एक माह से जलभराव की समस्या बरकरार है। लेकिन इस ओर कोई पालिका के अधिकारियों को ध्यान देने की जरूरत है। – अरविंद कश्यप।

## एक नजर

### पुलिस ने वांछित दबोचा

**चन्दौसी/जुनावई।** जुनावई थाना पुलिस ने वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। थाना क्षेत्र के गांव दुवारी कलां निवासी शाबिर ने गुरुवार को थाने में तहरीर दी कि उसके भाई व भतीजी को युवक ने कार से टक्कर मार दी है। जिसकी हादसे में मृत्यु हो गई है। पुलिस ने आरोपी चांद निवासी गांव जतकी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को थाना क्षेत्र के बैरपुर चितारा से गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गेहूं का लक्ष्य पूरा न होने पर अधिकारियों की बड़ी चिंता

**कांठ।** शासन के द्वारा तहसील स्तर पर 29000 कुंतल गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया था लेकिन बृहस्पतिवार तक 2225 कुंतल गेहूं की खरीद तहसील स्तर पर हो पाई है तहसील क्षेत्र में स्थापित सरकारी क्रिय केंद्रो पर गेहूं खरीद की रफ्तार धीमी होने के कारण अधिकारियों को लक्ष्य पूरा करना हुआ मुश्किल।

# गंगा एक्सप्रेसवे विस्तारः 306 हेक्टेयर अतिरिक्त जमीन अधिग्रहण को मंजूरी

## वेयर हाउसिंग और कोल्ड चेन के लिए 5 नए गांवों में जमीन अधिग्रहण की तैयारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना संभल जनपद के लिए आर्थिक विकास और औद्योगिक क्रांति के नए द्वार खोलने जा रही हैं। जनपद में एक्सप्रेसवे का 38.65 किलोमीटर का हिस्सा 100 प्रतिशत बनकर तैयार हो चुका है। अब इस एक्सप्रेसवे के किनारे विशाल औद्योगिक गलियारा (इंडस्ट्रियल कॉरिडोर) विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए 4 गांवों के 1047 किसानों की 239.1004 हेक्टेयर भूमि को चिंहित कर लगबग 387 करोड़ रुपये के मुआवजे का आंकलन किया गया है। जिसमें से 95 प्रतिशत भूमि की खरीद पूरी हो चुकी है। भविष्य की संभावनाओं और बड़े निवेश को देखते हुए प्रशासन ने अब 5 अन्य गांवों में 306.1572 हेक्टेयर अतिरिक्त जमीन के अधिग्रहण का प्रस्ताव तैयार किया है। इस गलियारे के बनने से न सिर्फ एनसीआर के उद्योगों का विकेंद्रीकरण होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### रियल एस्टेट, पर्यटन और रोजगार में आएगा उछाल

औद्योगिक इकाइयों, लॉजिस्टिक हब और सर्विस सेंटर्स की स्थापना से जिले में क्षेत्रीय विकास तेजी से होगा। इसके साथ ही रियल एस्टेट और प्रॉपर्टी की कीमतों में भारी उछाल आने की उम्मीद है। यह एक्सप्रेसवे संभल को तीर्थाटन और पर्यटन के नए आयामों से भी जोड़ेगा। बाहरी लोगों और व्यापारियों की आवाजाही बढ़ने से होटल उद्योग और स्थानीय व्यापार फलेगा-फूलेगा, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा और जिले की आर्थिक स्थिति बेहद मजबूत होगी।

### उद्योगों का होगा विकेंद्रीकरण, एनसीआर से घटेगा बोझ

गंगा एक्सप्रेसवे का औद्योगिक गलियारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से उद्योगों के विकेंद्रीकरण में अहम भूमिका निभाएगा। पूर्वांचल, पश्चिम और बुंदेलखंड को एक सूत्र में पिरोने वाले इस एक्सप्रेसवे के जरिए माल ढुलाई (लॉजिस्टिक्स) बेहद तेज और सस्ती हो जाएगी। इससे वाहन संचालन लागत और ईंधन की भारी बचत होगी। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण संभल से बंदरगाहों, एयरपोर्ट और बड़े बाजारों तक पहुंच आसान हो जाएगी, जिससे देश-विदेश के लाखों-करोड़ों रुपये के निवेश आकर्षित होंगे। यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए एक्सप्रेसवे को 'जीरो एक्सीडेंट डिजाइन' पर तैयार किया गया है, जिसमें क्रैश बैरियर और सीमित एंट्री-एग्जिट पॉइंट दिए गए हैं।

### अब 306 हेक्टेयर का नया अधिग्रहण

औद्योगिक गलियारे के लिए तहसील संभल के 4 गांवों (खिरनी मोहिउद्दीनपुर, बसला, सारंगपुर व अलावती कुतुबपुर) में 239.1004 हेक्टेयर जमीन चिह्नित की गई थी। इसके एवज में 1047 किसानों को 387 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का वितरण किया जा रहा है। औद्योगिक इकाइयों की बढ़ती मांग को देखते हुए अब ग्राम सारंगपुर, अलावती कुतुबपुर, खरसपा, भमौरी पट्टी और सौधन मोहम्मदपुर में कुल 306.1572 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है। जिले में एक्सप्रेसवे कुल 31 गांवों (संभल तहसील के 17 और चंदौसी के 14) को प्रभावित कर रहा है। लोगों की सुविधा के लिए इसमें दो इंटरचेंज (लहरावन और खिरनी मोहिउद्दीनपुर) भी बनाए गए हैं।

### मेंथा और कृषि उत्पादों को मिलेगी ग्लोबल मार्केट

संभल जनपद मेंथा, आलू, स्ट्रॉबेरी और मोती उत्पादन के लिए जाना जाता है। इसके अलावा यहां से मीट और बोन उत्पादों का भारी मात्रा में अन्य देशों को निर्यात होता है। औद्योगिक गलियारा बनने से यहां खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) से जुड़ी अनेक इकाइयां स्थापित हो सकेंगी। वेयर हाउसिंग और कोल्ड चेन उद्योग की प्रबल संभावनाएं हैं, जिससे किसानों के फल, सब्जी और अनाज की सीधे बड़े बाजारों तक पहुंच सुनिश्चित होगी। मुख्यालय से मात्र 6 किलोमीटर दूर होने के कारण निर्यातकों और निवेशकों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण भी संभव हो सकेगा।



श्रमिकों को सम्मानित करते समिति पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# समिति ने श्रमिकों को किया सम्मानित

### पटका पहनाकर और उपहार देकर मजदूरों का बढ़ाया मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** साक्षी सेवा समिति व साक्षी एडवोकेट यूनिटी की ओर से श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें श्रमिकों को सम्मानित भी किया गया। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ने बताया कि शारीरिक व मानसिक श्रम के बिना कोई भी देश, नगर व गांव उन्नति नहीं कर सकता और न ही उसका विकास संभव है। श्रम करने के लिए श्रमिक की आवश्यकता होती है। किसी भी देश के लिए श्रमिक के कार्य अमूल्य होते हैं। इसी भावना के अंतर्गत समिति की ओर से श्रमिक दिवस पर श्रमिकों को सम्मान देने को उन्हें पटका पहनाकर व उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दीपक राठौर, सफिया कादिर, शिप्रा शर्मा, ललित मोहन सैनी, जितेंद्र कुमार, प्रिया चौहान, प्रियंका, पावेंद्र मौर्य, वीरू मौर्य, राकेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया बुद्ध पूर्णिमा का त्योहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जिला न्यायालय स्थित बार रूम में चन्दौसी बार एसोसिएशन की ओर से बुद्ध पूर्णिमा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता ने एकत्र होकर तथागत भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण किया। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।




भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण करते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि भगवान बुद्ध ने अपने जीवन में शांति, अहिंसा और करुणा का जो संदेश पूरी दुनिया को दिया, वह आज के आधुनिक युग में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सिद्धार्थ ने राजसी सुखों का त्याग कर सत्य और ज्ञान की खोज की और विश्व को अष्टांगिक मार्ग के जरिए दुखों से मुक्ति का रास्ता दिखाया। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बुद्ध ने अपने जीवन में हमेशा समानता और मानवता को सर्वोपरि रखा और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। अध्यक्ष विनोद सिंह ने कहा कि भगवान बुद्ध का मार्ग केवल धर्म नहीं बल्कि जीवन जीने की एक श्रेष्ठ कला है। सचिव तीरथ यादव ने कहा कि अधिवक्ताओं को भी बुद्ध के न्याय और धैर्य के सिद्धांतों को अपने पेशेवर जीवन में उतारना चाहिए। इस अवसर पर विकास कुमार मिश्रा, मलखान सिंह, नेम सिंह, राजीव कुमार शर्मा, विष्णु कुमार शर्मा, कमलेश सिंह, नीरेश, अरुण, विभोर बंसल, सचिन गोयल, पूर्णिमा गुप्ता, उज्ज्वल चौधरी, शिवम सिंह, अमरीश अग्रवाल आदि रहे।

# एसटीएफ व पुलिस ने दबोचा एक लाख रुपये का आरोपी

जागरण मोर्चा कार्यालय

### पुलिस ने एसटीएफ की सहयोग से पठानकोट से दबोचा आरोपी

**चन्दौसी/धनारी।** धनारी पुलिस ने अपहरण के आरोपी व एक लाख रुपये के इनामी वांछित आरोपी को एसटीएफ बरेली के सहयोग से पंजाब के पठानकोट की रघुनाथ कालोनी से गिरफ्तार किया है। जिसे विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

थाना धनारी क्षेत्र के गांव भिरावटी निवासी रामसरन पुत्र विसंबर ने 6 अप्रैल को थाने में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध तहरीर दी थी। जिसमें कहा था कि उसके भाई नरेश व भतीजे भीमसेन को अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर छुपाकर रखा है। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस की विवेचना में संतोष व अरविंद निवासीगण रझैड़ा सलेमपुर थाना कैला देवी, मनोज निवासी गांव चिंजरी थाना मूसाझाग जनपद बदायूं के नाम प्रकाश में आए।

आरोपी संतोष पर अपर पुलिस महानिदेशक एसटीएफ की ओर से एक लाख रुपये का नाम घोषित किया गया था। पुलिस ने एसटीएफ बरेली के सहयोग से आरोपी संतोष को पंजाब के जनपद पठानकोट की रघुनाथ कालोनी से गिरफ्तार कर लिया। अब आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# शादी का झांसा देकर युवक विधवा महिला से बनाता रहा शारीरिक संबंध

जागरण मोर्चा कार्यालय

### महिला ने एसपी के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई युवक के विरुद्ध रिपोर्ट

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी विधवा महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी करने से इंकार करने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में आरोपी युवक के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके पति की मृत्यु 2018 में हो गई थी। पति से तीन संतान है, महिला के पति की परिवार के लिए इकलौते कमाने वाले थे। पति की मौत के बाद आर्थिक तंगी के चलते करीबी रिश्तेदार ने नोएडा बुला लिया। जहां कुछ समय बाद महिला की मुलाकात अनिल कुमार निवासी गांव भगवंत नगर थाना इस्लामनगर जनपद बदायूं से हुई। युवक ने विधवा महिला को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध स्थापित कर लिए और युवक एक वर्ष तक महिला का शारीरिक शोषण करता रहा। जिससे महिला गर्भवती हो गई और युवक ने शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद महिला यहां आकर गर्भपात कराया। इसके बाद महिला ने 19 नवंबर 2025 को उक्त घटना को लेकर कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने 24 नवंबर 2025 को युवक अनिल कुमार व उसके परिवार को कोतवाली बुला लिया और युवक के परिवार के साथ सुलहनामा के आधार पर युवक महिला के साथ उसके घर में रहने लगा। 26 नवंबर 2025 को महिला काम पर चली गई तो युवक महिला के घर से 5400 रुपये कान के टाप्स व अन्य सामान लेकर फरार हो गया। जब महिला घर पहुंची तो घटना की जानकारी हुई। महिला ने युवक के मोबाइल पर रिंग की तो उसने दोबारा फोन नहीं करने की बात कही। इसके बाद महिला युवक का 2 से 3 दिन इंतजार किया। युवक के वापस नहीं आने पर महिला ने कोतवाली में तहरीर दी। मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद महिला ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर कोतवाली में आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सेंट सैफ इण्टर कॉलेज में परीक्षाफल समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** नगर के सेंट सैंफ पब्लिक इण्टर कॉलेज में आयोजित वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पीलीभीत के जनपद न्यायाधीश रामकुशल वर्मा ने कहा कि, शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे मानव सफल हो सकता है। इसीलिए लगन और निष्ठा के पढ़ाई करें।




शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश ने कक्षा 12 में प्रथम रहीं जैनुल, द्वितीय अंकित व तृतीय फिजा सैफी और कक्षा 10 में प्रथम रहीं निदा सैफी, द्वितीय आकांक्षा, तृतीय रहे सौरभ और सना सहित अन्य मेधावी छात्र-छात्रओं को पुरस्कार देकर मनोबल बढ़ाया। कहा कि जिन बच्चों के अंक कम हैं, वे भी हताश न हों, क्यूंकि सफलता के लिए परिश्रम जरूरी है। अपनी कमियों को दूर करें और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ प्रयत्न करें। विशिष्ट अतिथि उच्च न्यायालय के अधिवक्ता इजहार अशरफ ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर संरक्षक इमरान खान , निदेशक डा-अमन नवाज, प्रबंधक इकबाल अहमद, प्रधानाचार्य नीरज चौहान, एकेडमी प्रधानाचार्या संध्या सैनी, सभासद रानी, फुरकान अली, कमल सिंह, तालिब खान, गोपेश अग्रवाल, बबलेश कुमार, राजपाल सिंह, सुधीर चौहान, विजय सिंह, जगवीर सिंह, सलीम अहमद, हैदर अली, मधु शर्मा, रंजना वर्मा, सुनील वर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्थापना दिवस पर केवीके में उमड़ा उत्साह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** गुजरात स्थापना दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), ठाकुरद्वारा द्वारा स्वास्थ्य, स्वच्छता और कृषि से जुड़े विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के प्रसार निदेशालय के निर्देशानुसार आयोजित हुए। इस क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ठाकुरद्वारा में एचपीवी वैक्सीनेशन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और टीकाकरण के लिए प्रेरित किया गया। वहीं, केंद्र के गोद लिए गए ग्राम फैजुल्लागंज में स्वच्छता अभियान चलाते हुए कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

# धूमधाम से निकाली भगवान बुद्ध की शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय बौद्ध संस्कार संघ की ओर से बुद्ध पूर्णिमा के पावर पर्व पर शांति और अहिंसा के अग्रदूत भगवान गौतम बुद्ध के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा कैथल गेट स्थित सिद्धार्थ बुद्ध विहार से आरंभ हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ भंते लक्ष्यदीप व अरविंद आंबेडकर ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में शामिल हुए लोग सफेद वस्त्र धारण कर हाथों में पंचशील के झंडें लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा में पंचशील के झंडों के साथ भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन को दर्शाती मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा ने शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। इस अवसर पर रामरूप रूपी, पुष्पा बौद्ध, हेमराज सिंह, गौरी बौद्ध, पूरन सिंह, कंचन बौद्ध, संध्या बौद्ध, अशोक कुमार, नरेश भारती, बादाम सिंह, भावना सागर, ज्ञान सिंह, जानकी प्रसाद मौर्य, रेवाराम, अजब सिंह, महेंद्र, सर्वेश गौतम, ज्ञानेंद्र गौतम, चंद्रभान सिंह, सरोज कुमारी, श्याम कली, विमल कुमार, पवित्रा गौतम, हिमांशु मौर्य, विपुल सागर, अमन प्रकाश आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा में पंचशील झंडे लेकर शामिल हुए लोग। -जागरण मोर्चा



भगवान बुद्ध की झांकी। -जागरण मोर्चा





शोभायात्रा में शामिल डा. आंबेडकर की झांकी। -जागरण मोर्चा

## श्रीराम कथा
### श्री गीता सत्संग भवन में किया जा रहा श्रीराम कथा का आयोजन

# स्वाभिमान छोड़कर संतों के सानिध्य में ही प्राप्त होगी ईश्वर की भक्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री गीता सत्संग भवन में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा के तीसरे दिन कथा वाचक स्वामी विश्वेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान की कथा और संतों के सत्संग के लिए अभिमान का त्याग आवश्यक है। व्यक्ति को स्वाभिमान छोड़कर संतों के पास जाकर भगवान की कथा श्रवण करनी चाहिए। कहा कि भगवान शंकर-माता सती के साथ कथा श्रवण के लिए कुंभज ऋषि के आश्रम में पहुंचे। वहां कुंभज ऋषि ने भगवान शंकर को विश्व के सर्वेश्वर और माता सती को सर्वेश्वरी जानकर उनके चरण धोए और सम्मान पूर्वक उन्हें आसन पर बिठाया। इससे माता सती के मन में अभिमान जाग गया कि वह और भगवान शंकर ही सर्वोपरि है। कथा वाचक ने कहा कि यदि व्यासपीठ और कथा वक्ता के प्रति श्रद्धा न हो तो कथा में आनंद नहीं आता। यही कारण रहा कि माता सती को कथा में रुचि नहीं आई और कथा श्रवण के बाद भी उनका अभिमान दूर नहीं हुआ। जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें अनिष्ट की प्राप्ति हुई। कथा वाचक ने कहा कि कथा श्रवण के समय अभिमान नहीं, प्रेम और भक्ति भाव की आवश्यकता है। इसलिए भगवान का चरित्र श्रद्धा और प्रेम के साथ सुनना चाहिए। कहा कि जब-जब संसार में धर्म की हानि होती है, तब भगवान अवतार लेकर दुष्टों का नाश और भक्तों का कल्याण करते हैं। त्रेता युग में जब अत्याचार बढ़ा, तब देवताओं ने भगवान की स्तुति की। भगवान ने वाचन दिया कि वह शीघ्र ही राजा दशरथ के पुत्र के रूप में अयोध्या में अवतार लेंगे। देवताओं की प्रार्थना पर राजा दशरथ को लगा कि उनकी आयु बढ़ गई है पर कोई संतान नहीं है। उन्होंने गुरु वशिष्ठ को अपना दुख सुनाया और पुत्रेष्टि यज्ञ कराया। यज्ञ के प्रभाव से भगवान ने राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के रूप में चारों पुत्रों के रूप में अवतार लिया। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार सर्राफ, अनिल कुमार अग्रवाल, जिवेंद्र कुमार अग्रवाल, पराग बंसल, सुधांशु रुस्तगी, विनय अग्रवाल, अमित कुमार, राहुल अग्रवाल, पुनीत, वीरेंद्र गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, प्रमोद कुमार, हर्ष गोयल, डा. हरि प्रकाश आदि मौजूद रहे।



श्री राम कथा का वाचन करते कथा वाचक विश्वेश प्रपन्नाचार्य महाराज।



श्री राम कथा सुनतें श्रद्धालु।

# महिलाओं व बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर किया गया जागरुक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद की महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक करने का कार्य किया जा रहा है। मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में बालिकाओं को जागरुक किया।

इसके अलावा महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने को चौपाल आयोजित की गई। महिलाओं व बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण में अभियान के तहत जनपद की एंटी रोमियों टीम ने प्रमुख बाजार, कस्बा, चौराहों, विद्यालयों, धार्मिक स्थलों पर महिला पुलिस कर्मियों शासन व पुलिस विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही पुलिस विभाग से संबंधित हेल्प लाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, इमरजेंसी काल-पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन 102, एंबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्प लाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के विषय में पंपलेट बांटकर जागरुक किया।



महिलाओं को जागरूक करतीं एण्टी रोमियो की टीम। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### दो सौ साल पुराना पीपल का पेड़ आंधी में गिरा

**नांगल सोती।** क्षेत्र के चमरौला गांव में बृहस्पतिवार को आई तेज आंधी के कारण लगभग 200 साल पुराना एक पीपल का पेड़ गिर गया। यह पेड़ मंदिर परिसर में स्थित था। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और एक बड़ा हादसा टल गया। पुराना पीपल का यह पेड़ बृहस्पतिवार शाम को आई तेज आंधी के दौरान धराशायी हो गया। पेड़ गिरने से मंदिर की कुछ दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि, घटना के समय आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे किसी के चोटिल होने की खबर नहीं है।

### प्राचीन शिव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन

**बिजनौर।** स्थानीय मोहल्ला नई बस्ती में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान पूरा माहौल भक्ति में था। चारों ओर श्रद्धालु धार्मिक उन्माद में झूम रहे थे चारों ओर जयकारे लगा रहे थे अपने आराध्य के प्रति उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। सर्वप्रथम पंडित कौशल किशोर कौशिक द्वारा वर्द्धमान कालेज के पूर्व विभागाध्यक्ष डा0 चद्रप्रकाश आर्य एवं डा0 संतोष कुमारी द्वारा बाबा खाटू श्याम जी का भोग व आरती पूजन करवाया गया।

# तीन निजी स्कूलों के 12वीं के छात्र छात्राओं की एकाउंटेंसी की उत्तर पुस्तिकाएं गायब

जागरण मोर्चा कार्यालय



**नगीना।** सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध नगीना क्षेत्र के तीन निजी स्कूलों के 12 वी के छात्र छात्राओं की एकाउंटेंसी की उत्तर पुस्तिकाएं गायब होने से इन बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। इसका पता चलने पर बच्चे व अभिभावक बेहद चिंतित हैं। अब परीक्षा परिणाम मई के दूसरे सप्ताह तक घोषित होने की संभावना है।

नगीना के गोयल पब्लिक स्कूल, बढ़ापुर का एस एस बाजवा मॉडर्न एकेडमी व कोतवाली देहात के मिलेनियम स्कूल के कॉमर्स स्ट्रीम के बच्चों की एकाउंटेंसी विषय की परीक्षा गया 24 फरवरी को नगीना की एल आर एस एकेडमी के परीक्षा केंद्र पर सम्पन्न हुई थी।तीनों स्कूलों के विद्यार्थियों की कपियों का बंडल सीबीएसई बोर्ड के रीजनल ऑफिस देहरादून भेजा गया था। लेकिन उक्त बंडल अभीतक वहां नहीं पहुंचने से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है जिसकी तलाश जारी बताई जाती है। सीबीएसई बोर्ड देहरादून के रीजनल ऑफिसर ने एस एस बाजवा मॉडर्न एकेडमी बढ़ापुर, गोयल पब्लिक स्कूल नगीना व मिलेनियम पब्लिक स्कूल कोतवाली देहात के प्रधानाचार्यों को फोन द्वारा निर्देशित कर दिया था कि अभिभावकों को बुलाकर अवगत करा दें और उन्हें बोर्ड की तरफ से यह जानकारी भी दे दें कि प्रभावित छात्र छात्राएं री एग्जाम(पुनः परीक्षा)या बेस्ट ऑफ़ थ्री के एवरेज मार्क्स के साथ उत्तीर्ण होने में से कोई एक विकल्प चुन लें। विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों से लिखित सहमति भी प्राप्त कर लें। गोयल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य उपकर गोयल ने बताया कि उन्होंने अभिभावकों को बुलाकर बोर्ड के रीजनल ऑफिसर के निर्देश से अवगत करा दिया है लेकिन अभिभावक बोर्ड की तरफ से लिखित प्रस्ताव की मांग कर रहे हैं।बढ़ापुर की एस एस बाजवा मॉडर्न एकेडमी के प्रधानाचार्य डॉ मोहन चंद्र ठाकुर ने बताया कि उनके स्कूल के सीबीएसई बोर्ड के 12 वी कक्षा के 17 विद्यार्थियों(जिनमें 11 छात्र व 6 छात्राएं शामिल है)की एकाउंटेंसी विषय की उत्तर पुस्तिकाएं गायब हुई हैं। मिलेनियम पब्लिक स्कूल कोतवाली देहात के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने बताया कि उनके स्कूल के 12 वी कक्षा के कुल 12 विद्यार्थियों ने एकाउंटेंसी की परीक्षा दी थी।बोर्ड के निर्देशानुसार उनके अभिभावकों को बुलाकर अवगत करा दिया गया है और विद्यार्थियों व अभिभावकों से लिखित में लेकर सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून भिजवा दिया है। गोयल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य उपकार गोयल ने कहा कि वह बोर्ड परीक्षा से संबंधित सभी जानकारी किसी के साथ शेयर नहीं कर सकते हैं। परीक्षा केंद्र एल आर एस एकेडमी के प्रबंधक संजीव अग्रवाल ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड द्वारा कईं स्कूलों के विद्यार्थियों के परीक्षा केंद्र उनके स्कूल में बनाए जाते हैं।उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल परीक्षा वाले दिन ही पोस्ट ऑफिस से रजिस्टर्ड स्पीड पोस्ट डाक द्वारा सीबीएसई बोर्ड के रीजनल ऑफिस देहरादून भिजवा दिए जाते हैं।24 फरवरी को हुई परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल भी भिजवा दिए गए थे।जिसकी रसीद स्कूल के पास है।यह रसीद भी रीजनल ऑफिस देहरादून भिजवा दी गई है।एकाउंटेंसी की कापियों का बंडल कैसे गायब हुआ?यह तो डाक विभाग ही बता सकता है था जांच का विषय हर। प्रबंधक संजीव अग्रवाल ने यह भी बताया कि बोर्ड के रीजनल ऑफिस देहरादून द्वारा सूचना मिलने के बाद प्रधानाचार्य नूपुर चंद्रा ने ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करा दी थी।



# धूमधाम से मनाई गई भगवान बुद्ध की जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** नगर के हाइवे पर बुद्ध नगर स्थित बोधिसत्व बुद्ध विहार में अनुनायियों ने तथागत बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करके सत्य, अहिंसा, करुणा के रास्ते चल कर महात्मा बुद्ध के संदेशों के अनुरूप देश व दुनिया में शांति स्थापित करने का संकल्प किया गया।

रेडियो मैन राम सिंह बौद्ध ने तथागत बुद्ध के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनकी शिक्षाओं के उद्देश्यों को समझाया। कहा कि भगवान बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग अपनाने से मानव का जीवन उत्कृष्ट हो जाता है। बुद्ध का धम्म मानव के प्रति करूणा, दया, मैत्री का भाव सिखाता है। बुद्ध के नीतियों से ही भारत विश्वगुरू बन सकता है। पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने भगवान बुद्ध के संदेशों की सार्थकता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर संस्था प्रबंधक रविराज सिंह, आंबेडकर युवक संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चंद मौर्य, रेंजर करन सिंह, पूर्व जिंप सदस्य महेश प्रधान, देवेंद्र सिंह, प्रो-ओमकार सिंह, भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह आदि रहे।

# एक ही रात में दो घरों में लाखों की चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में चोरों ने एक ही रात में दो घरों को बनाया निशाना आभूषण नगदी सहित लाखों रुपए की चोरी की घटना को दिया अंजाम सूचना पर पहुंची पुलिस ने किया मौका मुआयना।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा मिलक निवासी हरिओम पुत्र फूल सिंह का घर गांव के बाहरी छोर पर स्थित है। घर के चारों ओर दीवार तो है लेकिन मेन गेट पर फाटक ना होने के कारण गुरुवार की देर रात चोर घर में दाखिल हुए जबकि परिजन बरामदे में सोए हुए थे। चोरों ने सेफ अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे चांदी के दो खड़ुए चांदी का कुल्हा व 18 हजार रुपए रुपए



चोरी की जानकारी देता।

की नगदी पार कर दी। जबकि दूसरे कमरे में चोरों ने संदूक में रखी पाच हजार रुपए की नगदी व कपड़े सहित चोरी कर ली।चोरों के द्वारा मकान के पीछे नकब भी लगाया गया।लेकिन वह उसमें कामयाब

### मेन गेट पर फाटक न होने का उठाया फायदा

नहीं हो सके। पीड़ित ने नगदी व आभूषण सहित गए सामान की कीमत लगभग दो लाख रुपए बताई है।

सुबह होने पर पीड़ित को चोरी की जानकारी हुई वहीं दूसरी ओर गांव निवासी यादराम पुत्र लेखराज के घर से भी चोर एक बिजली का पंखा आठ सौ रुपए की नगदी व कपड़े समेटकर फरार हो गए।शुक्रवार की सुबह परिजनों के द्वारा समान तीतर बीतर देखा तो चोरी की जानकारी हुई। पीड़ितों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया है। पीड़ितो के द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई है।

## ट्रैक्टर रोटावेटर के नीचे आने से 3 वर्षीय बच्ची की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बढ़ापुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में ट्रैक्टर रोटावेटर के नीचे आने से 3 वर्ष की एक बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर अरब निवासी अखलाक अपने ट्रैक्टर रोटावेटर से जमीन जोतने के लिए जंगल जा रहा था कि उसकी 3 साल की बच्ची भी ट्रैक्टर पर जाने की जिद करने लगी बच्चों की जिद को देखते हुए अखलाक अपनी 3 वर्ष की बच्ची को अपने साथ ट्रैक्टर पर जंगल ले गया। जमीन जोत समय अचानक बच्चे पीछे की और रोटावेटर के आगे गिर गई। जिससे बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। मौत का समाचार सुनकर परिजनों में कोहराम मचा है।

# अलीगढ़ मार्ग पर तेज गति कार की टक्कर से वृद्ध की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** अलीगढ़ मार्ग पार कर रहे वृद्ध को गुरुवार शाम तेज गति कार ने टक्कर मार दी। वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।



भगवान दास शर्मा।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के मंगरौला गांव निवासी 80 वर्षीय भगवान दास शर्मा गुरुवार शाम गांव में पैदल सड़क पार कर रहे थे। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि इस दौरान रहरा कि दिशा से आ रही तेज गति कार ने उन्हें टक्कर मार दी। भगवान दास शर्मा टक्कर के बाद कई फीट हवा में उछलते हुए सड़क किनारे कूड़े के ढेर पर जाकर गिरे, उनकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद तमाम लोग मौके पर जुट गए। टक्कर मारने वाली कार को पुलिस ने कब्जे ले लिया जबकि, चालक भाग निकला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि हादसे में वृद्ध की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। उधर, बताया जा रहा है कि वृद्ध के परिवार में पत्नी व चार बच्चे हैं।

## संक्षेप समाचार



भव्य कलश यात्रा का फीताकाटर शुभारंभ करते चेयरमैन राजपाल सैनी।

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आगाज चेयरमैन राजपाल सैनी ने किया शुभारंभ

**हसनपुर।** नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर परिसर में शनिवार, 2 मई से 8 मई तक आयोजित होने वाली सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया।कथा वाचिका सिद्धि पूनम श्रीधाम वृंदावन के सानिध्य में निकाली गई इस यात्रा में 108 महिलाओं ने मंगल कलश धारण किए। भव्य रथ पर कथा वाचिका विराजमान रहीं, वहीं आयोजक मंडल के संदीप अग्रवाल व पुनीत अग्रवाल ने पवित्र श्रीमद् भागवत गीता को शीश पर धारण कर नगर भ्रमण कराया। यात्रा शिवाला मंदिर से शुरू होकर पुराना अस्पताल, डाकखाना, अग्रसेन चौक व होली चौक होते हुए वापिस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में कलश यात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कस्बा इंचार्ज अंकुर मलिक मय पुलिस बल के साथ तैनात रहे। आयोजन को लेकर नगर में भक्ति का माहौल है।

### खाना बनाते समय टोकना पड़ा भारी, पति ने डंडे से पीटकर पत्नी को किया घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद का एक मामला आया सामने। शुक्रवार सुबह घर का काम करने के लिए कहना पत्नी को इतना भारी पड़ा कि पति ने उसे डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसरोली निवासी पीड़िता सुमन पत्नी करन सिंह ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार सुबह खाना बना रही थी। इसी दौरान उसने पति करन सिंह से काम के लिए कहा। पत्नी की यह बात सुनकर पति आगबबूला हो गया और उसने आपा खोते हुए डंडे से सुमन की बेरहमी से पिटाई कर दी। किसी तरह सुमन ने जान बचाकर अपने मायके गांव सिरसा गुर्जर को फोन पर सूचना दी। फोन की सूचना पर पीड़िता के पिता डालचंद व भाई ईश्वर के साथ पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी पति के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उसे मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा, जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### क्रिकेट मैच देखने के दौरान युवक के साथ मारपीट, गंभीर रूप से घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में क्रिकेट मैच के दौरान मामूली बात पर विवाद हो गया। यहां मैच देख रहे एक युवक की कुछ खिलाड़ियों ने बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर मिलक राहुल पुत्र नानक सिंह शुक्रवार की सुबह गांव के पास स्थित एक खाली खेत में हो रहे क्रिकेट मैच को देखने गया था। मैच खेल रहे कुछ युवकों ने राहुल से रनों के बारे में पूछताछ की। इसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद एक युवक ने राहुल पर हमला कर दिया और उसे लात-घूसों से जमकर पीटा। मारपीट में युवक को गुम चोट आई है। गम्भीर हालत में पीड़ित अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराने के लिए उसे नगर के सीएचसी भेजा, जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का स्वागत, पर रालोद नेता ने भाजपा और प्रशासन को घेरा



**हसनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिलाध्यक्ष मुजाहिद चौधरी ने मेरठ-प्रयागराज एक्सप्रेस-वे तथा मंगरौला से बांसका कलां तक औद्योगिक कॉरिडोर स्थापित करने के निर्णय की प्रशंसा की है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि जमीन अधिग्रहण का उचित दाम न मिलने का दुख है, लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए जनता यह कुर्बानी देने को तैयार है। हालांकि, मुजाहिद चौधरी ने भाजपा के स्थानीय संगठन और जिला प्रशासन की कार्यशैली पर कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने आरोप लगाया कि एनडीए गठबंधन में होने के बावजूद सरकारी कार्यक्रमों में रालोद नेताओं को आमंत्रित नहीं किया जाता, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। चौधरी ने तीखे लहजे में कहा कि केवल चुनाव के समय रालोद कार्यकर्ताओं की याद आती है और जीत के बाद उन्हें भुला दिया जाता है। उन्होंने इस भेदभावपूर्ण रवैये की शिकायत पार्टी अध्यक्ष जयंत सिंह और भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व से करने की बात कही है। साथ ही, बेहतर समन्वय के लिए 'कोऑर्डिनेशन कमेटी' बनाने का सुझाव दिया।



# बुद्ध के मार्ग पर चलने का संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के एक वेंकट हॉल में बुद्ध जयंती के अवसर पर एक भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका चेयरमैन राजपाल सैनी ने की, जबकि कुशल संचालन अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष रामवीर सिंह द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग को जीवन में उतारने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता महिपाल सिंह, विपिन सागर एवं चंद्रपाल सैनी ने 'अप्प दीपो भव' के सूत्र पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही बुद्ध के संकल्प को साकार कर सकता है। इस दौरान समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में रामवीर सिंह, विनोद कुमार, अरविंद अन्ना, अंकुर सेठी, करणवीर सिंह, दिनेश कुमार, सुरेन्द्र गौतम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भीषण गर्मी को देखते हुए आगंतुकों के लिए शरबत व प्रसाद का वितरण किया गया। अंत में लता सागर, रजनी, राजकुमारी, पूजा चौधरी, प्रीति सैनी और प्रियंका ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# भव्यता से मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शुक्रवार को नगर के अंबेडकर पार्क पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी एवं हेम सिंह आर्य ने तथागत बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

तत्पश्चात बुद्ध वंदना, त्रिशरण एवं पंचशील का वाचन हुआ। मुख्य अतिथि उदयगिरि गोस्वामी ने बुद्ध के उपदेशों को विश्व की आवश्यकता बताया। हेम सिंह आर्य ने कहा कि बुद्ध ने मानवता में भेद मिटाकर करुणा और मैत्री का मार्ग दिखाया। पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने बुद्ध के विचारों को शांति का आधार बताया। अंबेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य



ने 'मध्यम मार्ग' अपनाने और मास्टर जगत सिंह ने पंचशील के महत्व पर जोर दिया। अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की अध्यक्ष चंचल सागर ने बुद्ध के विचारों को घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुशील भगत, मास्टर रामपाल सिंह, बृजपाल सिंह, अमित टाटा, बाबूराम सिंह, प्रशांत सिंह, राजेंद्र गुड्डू, महेश जाटव, तारा सिंह, रामवती, फतेहचंद, धर्मवीर पंडित, मनोज कुमार, डॉ. राजेश कुमार, उमेश मुखिया, छोटेलाल, बबीता रानी, मीनू रानी, सुषमा रानी, मास्टर जयवीर सिंह, मास्टर ब्रह्म ज्ञान, मास्टर अशोक कुमार, भागेंद्र सिंह, चीनू रानी, कमल कुमार, दारा सिंह, विनय प्रताप, मास्टर वरुण कुमार, मास्टर मंगली सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**भविष्य की उड़ान** — डीआरडीओ वैज्ञानिक डॉ. खरे रहे मुख्य अतिथि

# टीएमयू में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 'आईसीएमसीई-2026' का आगाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में 'मॉडर्न ट्रेंड्स इन कम्प्यूटर्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स' (ICMCE-2026) पर दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआरडीओ के प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. खरे ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग और फोटोनिक्स जैसे विषयों पर प्रकाश डाला।




उन्होंने कहा कि आकाश और ब्रह्मोस मिसाइल जैसी तकनीकें भारत की बढ़ती सामरिक शक्ति का प्रतीक हैं। कॉन्फ्रेंस में कीनोट स्पीकर डॉ. सरत सी. दास और विशिष्ट अतिथि डॉ. वैभव गुप्ता व अतुल जोशी ने भी तकनीकी नवाचारों पर चर्चा की। डीन प्रो. आरके द्विवेदी और प्रो. मंजुला जैन की उपस्थिति में कॉन्फ्रेंस प्रोसिडिंग का विमोचन किया गया। पहले दिन विभिन्न तकनीकी सत्रों में 70 शोध पत्र (रिसर्च पेपर्स) पढ़े गए। डॉ. अलका वर्मा और प्रो. गुलिस्ता खान के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। टीएमयू कॉन्फ्रेंस में स्पायर बिजनेस स्कूल, स्पेन के प्रो. सरत सी. दास ने चेताया कि एआई का गलत इस्तेमाल साइबर अपराध और युद्ध के खतरों को बढ़ा सकता है। उन्होंने मानवीय नियंत्रण को अनिवार्य बताया। वहीं, दूरसंचार विभाग के अतुल जोशी ने भारत की 6जी प्रगति और स्टार्टअप्स हेतु 500 करोड़ की सरकारी सहायता की जानकारी दी। डीआरडीओ वैज्ञानिक डॉ. वैभव गुप्ता ने छात्रों को व्यावहारिक कौशल और 'ड्रीम-डिटेक्ट-डिज़ाइन-डवलप' मंत्र के साथ नवाचार हेतु प्रेरित किया। टीएमयू डीन प्रो. मंजुला जैन ने छात्रों को करोड़ों की सरकारी ग्रांट और स्टार्टअप फंडिंग की जानकारी देते हुए 'जॉब सीकर' के बजाय 'इनोवेटर' बनने हेतु प्रेरित किया। डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस ने एआई और आईओटी जैसे उभरते क्षेत्रों में वैश्विक विशेषज्ञों को जोड़कर नवाचार और शोध सहयोग का नया मंच तैयार किया है। कॉन्फ्रेंस में डॉ. संकल्प गोयल, डॉ. विभोर भारद्वाज, डॉ. दिप्तोनिल बनर्जी, श्रीमती निकिता जैन, श्री अरुण पिपरसेनिया, श्री नीरज कौशिक, श्री उमेश सिंह, श्री अरुण गुप्ता, श्री केबी आनन्द, श्री मयूर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से किसान की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नांगल सोती।** बिजनौर के नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम गौसपुर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहाँ 60 वर्षीय किसान विजय कुमार बीती रात अपने घर के बरामदे में सो रहे थे। तभी आंगन में खड़ा उनका ट्रैक्टर शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक स्टार्ट होकर चल पड़ा। बेकाबू ट्रैक्टर ने चारपाई पर सो रहे विजय कुमार को दीवार के बीच कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।सुबह घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर एएसपी कृष्ण गोपाल सिंह और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुँचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहनता से जाँच कर रही है।

# संपादकीय

## बंगाल में भाजपा का अनुमान

एग्जिट पोल का पहला, महत्वपूर्ण, परिवर्तनकारी अनुमान यह है कि सात में से पांच पोल्स ने पश्चिम बंगाल में भाजपाई सत्ता का अनुमान लगाया है। विभिन्न एग्जिट पोल्स का सार–रूप पोल यह है कि भाजपा को 166 और ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस को 121 सीटें मिल सकती हैं। बंगाल में 294 सदस्यों की विधानसभा है, लिहाजा सामान्य बहुमत का आंकड़ा 148 माना जाता है। इस बार बंगाल में बंपर मतदान हुआ है। दोनों चरणों में कुल मतदान 92 .84 फीसदी हुआ है। अकेले दूसरे चरण में ही 92 .48 फीसदी मतदान किया गया। यकीनन यह अभूतपूर्व और ऐतिहासिक मतदान है। कारण जो भी हो, लेकिन ऐसे मतदान के लिए मतदाता ही बधाई और जागृति के पात्र हैं। ऐसे मतदान का निष्कर्ष कुछ भी हो सकता है। उस निष्कर्ष के लिए 4 मई तक का इंतजार करना चाहिए। वैसे हम भारत में एग्जिट पोल को वैज्ञानिक नहीं मानते, क्योंकि बंगाल में मतदान शाम 6 बजे के बाद भी जारी था, लेकिन एग्जिट पोल के आंकड़े अपराह्न 3 बजे के आसपास ही टीवी चैनलों को भेज दिए गए। इस तरह मतदाताओं का रुझान कैसे आंका जा सकता है? पोल्स का साइज कितना बड़ा था, कितने मतदाताओं से बातचीत की गई, कितने समय बातचीत हुई, उनके ब्यौरे सार्वजनिक नहीं किए जाते, नतीजतन एग्जिट पोल औंधे मुंह गिरते रहे हैं। भारतीय राजनीति के संदर्भ में अक्सर एग्जिट पोल अथवा सर्वेक्षण गलत साबित होते रहे हैं। मसलन–2004 में 'भारत उदय' के मुद्दे पर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की एनडीए सरकार की बरकरारी के अनुमान लगभग सभी पोल्स में लगाए गए थे, लेकिन भाजपा 138 सीटों पर ही ठहर गई और 145 सीटों के साथ कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी। बाद में यूपीए के बैनर तले 'खिचड़ी सरकार' बनी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा–एनडीए को 415 सीटें जीतने की भविष्यवाणी की गई थी। भाजपा 240 सीटों पर और कुल एनडीए 293 सीटों पर ही ठहर गए। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा आदि राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और सहयोगी दलों की सरकारें बनने के अनुमान लगाए गए थे, लेकिन तीनों महत्वपूर्ण राज्यों में भाजपा सरकारें बनीं। ओडिशा में भी भाजपा सरकार बनी। महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी (अजित पवार) के साथ भाजपा के गठबंधन को नया नाम भी दिया गया–'महायुति'। एग्जिट पोल्स के गलत साबित होने के अनेक उदाहरण हैं, लेकिन हम फिर भी उन्हें न तो खारिज कर रहे हैं और न ही पूरी तरह स्वीकार करने की मन :स्थिति में हैं। बेशक असम में भाजपा, तमिलनाडु में द्रमुक गठबंधन, पुडुचेरी संघशासित क्षेत्र में एनडीए और केरलम में कांग्रेस नेतृत्व के यूडीएफ के सत्ता में आने के आसार पर्याप्त थे, लिहाजा पोल्स के अनुमान भी उन्हीं लाइनों पर हैं। केरलम में बीते 10 साल से वामदलों के एलडीएफ की सरकार थी, लिहाजा अब जनादेश यूडीएफ के पक्ष में स्वाभाविक लग रहा था। हालांकि तमिलनाडु में 'एक्सिस माई इंडिया' ने सुपरस्टार विजय की नवजात पार्टी टीवीके को 98–120 सीटें दी हैं। यानी द्रमुक और अन्नाद्रमुक गठबंधन हार रहे हैं। यह बड़ा असामान्य अनुमान लगता है। तमिलनाडु में सामान्य बहुमत 118 सीट का है। यदि तमिल जनादेश यही रहा और बंगाल का जनमत भाजपाई रहा, तो ये चुनावी नतीजे किसी चमत्कार से कम नहीं होंगे। बंगाल में परिवर्तन की भावनाओं का चुनाव था, तो ममता बनर्जी की 15 साल की सत्ता के बावजूद स्वीकार्यता कम नहीं है। कमोबेश 75–80 फीसदी मुस्लिम वोट, महिलाओं और हिंदुओं का बराबर का समर्थन आज भी 'दीदी' के पक्ष में है। आश्चर्य होता है कि ममता किन क्षेत्रों में इतना हार गईं कि सत्ता के बाहर होती लग रही है। यदि बंगाल में ऐसा जनादेश सामने आता है, तो 'जनसंघ' के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मस्थली में 'कमल' खिलेगा और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की अधूरी ख्वाहिश पूरी होगी।

# बंगाल में एग्जिट पोल भाजपा के पक्ष में

भारत में चुनावी रुझानों को समझने के लिए एग्जिट पोल एक अहम उपकरण के रूप में उभरा है। देश में एग्जिट पोल की शुरुआत वर्ष 1957 में दूसरे लोकसभा चुनावों के दौरान हुई थी। इस पहल का श्रेय इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक ओपिनियन (IIPO) को जाता है, जिसने पहली बार मतदाताओं की पसंद को जानने के लिए इस तरह का सर्वेक्षण किया था।

एग्जिट पोल और राजनीतिक चर्चाओं के अनुसार, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी (दीदी) और तृणमूल कांग्रेस (TMC) के लिए चुनावी मुकाबला कांटे का बताया जा रहा है, और कुछ सर्वेक्षणों में उन्हें खतरे के निशान (कड़ी चुनौती) पर दिखाया गया है। पश्चिम बंगाल के अलावा असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा का चुनाव हो चुका है और लोग अब नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। वोटिंग खत्म होने के साथ ही इन सभी विधानसभाओं के अलग-अलग एग्जिट पोल भी सामने आ गए हैं। पश्चिम बंगाल को लेकर आए अलग-अलग एग्जिट पोल्स अलग-अलग कहानियां कह रहे हैं। 294 सीटों वाली पश्चिम बंगाल विधानसभा में बहुमत के लिए 148 सीट चाहिए। पी-मार्क एग्जिट पोल में टीएमसी को 118-138, बीजेपी को 150-175 सीटें और अन्य को 2-6 सीटें दी गई हैं। कई सर्वे पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने का दावा कर रहे हैं। वहीं ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को पिछड़ता हुआ दिखाया जा रहा है। वोटिंग के बाद एग्जिट पोल अक्सर माहौल बना देते हैं। टीवी स्टूडियो में बहस तेज हो जाती है और जनता के बीच नतीजों की तस्वीर बनने लगती है। लेकिन कई बार यही तस्वीर हकीकत से बिल्कुल अलग निकलती है। पश्चिम बंगाल का 2021 चुनाव इसका सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया था। उस वक्त लगभग सभी एग्जिट पोल यह संकेत दे रहे थे कि राज्य में भाजपा बड़ी ताकत बनकर उभरेगी और सत्ता की चाबी उसके हाथ में जा सकती है। 'कमल खिलने' की बात जोर-शोर से कही जा रही थी। लेकिन जब असली नतीजे आए तो पूरा समीकरण बदल गया। मैदान वही था, खिलाड़ी वही थे, लेकिन जीत की कहानी अलग लिखी गई। इसने एग्जिट पोल की विश्वसनीयता पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। इतिहास देखे तो 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कुल 294 सीटें थीं। एग्जिट पोल में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर दिखाई गई थी। कई सर्वे ने भाजपा को बढ़त भी दी थी। लेकिन नतीजों में तस्वीर पूरी तरह उलट गई। ममता बनर्जी के नेतृत्व में टीएमसी ने भारी बहुमत हासिल किया और भाजपा उम्मीद से काफी पीछे रह गई। यह सिर्फ आंकड़ों का फर्क नहीं था, बल्कि जमीन पर वोटिंग पैटर्न को समझने में बड़ी चूक थी। ग्रामीण वोट, महिला



वोटर और स्थानीय मुद्दों को एग्जिट पोल सही तरह पकड़ नहीं पाए। यही वजह रही कि 'कमल खिलने' का अनुमान नतीजों में फीका पड़ गया। असम में 2021 के एग्जिट पोल काफी हद तक सही साबित हुए थे। कुल 126 सीटों वाले राज्य में अधिकांश सर्वे ने भाजपा की वापसी का अनुमान लगाया था। हालांकि सीटों की संख्या में थोड़ा अंतर जरूर रहा, लेकिन नतीजों की दिशा वही रही। इससे यह साफ हुआ कि कुछ राज्यों में एग्जिट पोल बेहतर काम करते हैं, खासकर जहां राजनीतिक समीकरण ज्यादा स्थिर होते हैं। तमिलनाडु में एग्जिट पोल ने साफ संकेत दिया था कि द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम सत्ता में वापसी करेगी। हालांकि सीटों का अनुमान थोड़ा ज्यादा था, लेकिन नतीजों में DMK की जीत पूरी तरह सही साबित हुई। इससे यह भी पता चलता है कि जब माहौल साफ होता है, तो एग्जिट पोल की सटीकता बढ़ जाती है। देखा जय तो भारत में चुनावी रुझानों को समझने के लिए एग्जिट पोल एक अहम उपकरण के रूप में उभरा है। देश में एग्जिट पोल की शुरुआत वर्ष 1957 में दूसरे लोकसभा चुनावों के दौरान हुई थी। इस पहल का श्रेय इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक ओपिनियन (IIPO) को जाता है, जिसने पहली बार मतदाताओं की पसंद को जानने के लिए इस तरह का सर्वेक्षण किया था। एग्जिट पोल जैसा कि नाम से स्पष्ट है मतदान प्रक्रिया के अंतिम चरण के बाद किए जाते हैं। एग्जिट पोल मतदान के बाद वास्तविक मतदाताओं से बातचीत के आधार पर तैयार होते हैं। इसमें मतदाताओं से पूछा जाता है कि उन्होंने किस पार्टी या उम्मीदवार को वोट दिया और उनके निर्णय के पीछे क्या कारण रहे। इन सर्वेक्षणों में आमतौर पर विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले मतदाताओं का नमूना (सैंपल) लिया जाता है। इसके जरिए राजनीतिक दलों के प्रति जनता की सोच और चुनावी प्रदर्शन का आकलन किया जाता है। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि एग्जिट पोल पूरी तरह सटीक नहीं होते, क्योंकि ये सीमित सैंपल और अनुमानों पर आधारित होते हैं। ये सर्वे पोलिंग बूथ से बाहर निकलते समय मतदाताओं से किए जाते हैं। शोधकर्ता तब आंकड़ों और संभाव्यता सूत्रों का उपयोग करके परिणामों का पूर्वानुमान लगाते हैं। पहला ज्ञात एग्जिट पोल 1936 में आयोजित किया गया था जब गैलप नामक एक विश्लेषणात्मक फर्म ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अल्फ लैंडन पर फ्रैंकलिन डेलानो रूजवेल्ट की जीत की सटीक भविष्यवाणी की थी। इसके लिए फर्म ने वैज्ञानिक रूप से कुछ हजार लोगों का सैंपल लिया था।वहीं भारत में, एग्जिट पोल 1980 के दशक के अंत में बढ़े जब राजनीतिक व्यवस्था चरमरा रही थी। मतदाताओं के भीतर कई उपसमूह उभर रहे थे और क्षेत्रीयकरण की एक मजबूत प्रवृत्ति थी। नतीजतन, मतदाता को समझना आसान नहीं रह गया था। ऐसे में रिसर्च फर्म उभरकर सामने आईं, जिन्होंने चुनावी निर्णय लेने की प्रक्रिया के रहस्यों को गहराई से समझने और सुलझाने का वादा किया। पर्यवेक्षकों में प्रणय रॉय भी शामिल थे, जिन्होंने बाद में एनडीटीवी की स्थापना की। (मैं इस अंतर पर जोर देना चाहता हूं, यह एग्जिट पोल नहीं था। इसका उद्देश्य मतदाताओं के मूड का आकलन करना था। उसके बाद ओपिनियन पोल और फिर एग्जिट पोल हर चुनाव में एक मानक बन गए।इसका उद्देश्य सीटों की संख्या का अनुमान लगाना, मतदान को प्रेरित करने वाले मुद्दों को समझना और जैसे कि इस तरह के सर्वेक्षण अधिक परिष्कृत हो गए मतदान के जनसांख्यिकीय विभाजन को जानना था। इसे प्राप्त करने के लिए, शोधकर्ता नमूना सर्वेक्षण करते हैं। यहीं से समस्याएं शुरू होती हैं। 1।4 बिलियन के देश के लिए , नमूना आकार शायद ही कभी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं।कुछ शोधकर्ता लोगों से यह इंगित करने के लिए कहते हैं कि उन्होंने इसे एक चार्ट पर गुमनाम रूप से चिह्नित करके किसे वोट दिया है और यह एक बॉक्स में गिर जाता है। अन्य लोग बिना किसी सीधे मांग के कई सवाल पूछते हैं कि उन्होंने किसे वोट दिया ।कई लोग मतदाता व्यवहार की भविष्यवाणी करने के लिए मॉडलिंग तकनीकों का उपयोग करते हैं, जो समस्याग्रस्त भी है। प्रत्येक राज्य अद्वितीय है और अपने पड़ोसी से अलग है। यहां तक कि सामाजिक आर्थिक रूप से समान क्षेत्रों के बीच, मतदाता अलग-अलग, ऐतिहासिक, राजनीतिक या सामाजिक कारणों से अलग-अलग चुन सकते हैं।

■ अशोक भाटिया

# कामगारों के श्रम सम्मान का दिवस



अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस केवल उन लोगों का दिन ही नहीं है जो काम में लगे हुए हैं, बल्कि उन करोड़ों युवाओं का भी है जो काम से बाहर हैं और रोजगार की तलाश में हैं। इस दिन का नाम भी अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस है न कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस या मई दिवस। (International Labour Day not international workers day or may Day) जिसका नाम बिगाड़ कर अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस या मई दिवस प्रचलन में ला दिया है। आज के दौर में यह समझना और भी जरूरी हो गया है कि श्रम दिवस का सवाल केवल मजदूरी बढ़ाने, सेवा सुरक्षा या सेवा शर्तों से संबंधित ही नहीं बल्कि सबको रोजगार गारंटी और काम करने के दिन की कानूनी अवधि को तय करने के सैद्धांतिक नियम को याद कर लागू करने का दिन भी है जिसका सापेक्ष रूप में संबंध तकनीकी उन्नति व उत्पादकता के साथ होता है जो बेरोजगारी दूर करने और काम के बोझ को घटाने का सूत्र देता है। एक प्राकृतिक दिन में 24 घंटे होते हैं. इनमें से जीवनयापन के लिए मजदूर कितने घंटे अपनी श्रम शक्ति बेचता है, यही"कार्य दिवस" या श्रम दिवस कहलाता है जो कभी भी 24 घंटे नहीं हो सकता तथा शून्य भी नहीं हो सकता। यह सीमा बहुत ही लचीली सीमा होती है जिसको श्रमिक अपने संघर्षों से तय करवाते हैं। इतिहास में यह कार्य दिवस कभी 20, 18, 16, 14, 12, 10 और अंततः 1890 में 8 घंटे तक सीमित करवाया गया था। औद्योगिक क्रांति के बाद जब मशीनों का उपयोग बढ़ा तो उत्पादन भी बढ़ा लेकिन मशीन के विलोमानुपात में श्रमिकों की जरुरत घटने लगी/ बेरोजगारी पहली बार बड़े पैमाने पर सामने आई। इंग्लैंड में कारखानों के बाहर 'श्रमिकों की जरुरत नहीं" जैसे बोर्ड लगाए जाने लगे। इसी दौर में मशीनों के खिलाफ संघर्ष करने वाला "लुडाइट आंदोलन" उभरा, जिनका कहना था कि मशीनें ही मजदूरों की दुश्मन हैं जो इनका रोजगार छीनती हैं लेकिन कार्ल मार्क्स ने सिद्धांत देकर सिद्ध किया कि तकनीकी उन्नति मानव की सहयोगी है उसका स्वागत किया जाना चाहिए उसको रोका नहीं जाना चाहिए और न ही रोका जा सकता है। मजदूरों ने रोजगार तथा फ्री टाइम पाने के लिए संघर्षों के माध्यम से कार्य दिवस अवधि को समय समय पर कम करवाया। 19वीं सदी में यह 12 घंटे, फिर 10 घंटे तथा 8 घंटे तक सीमित करवाया। "कम्युनिस्ट मेनिफेस्टो" के माध्यम से कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एंगल्स ने इन संघर्षों को सैद्धांतिक दिशा दी और 1848 में काम के दिन को 10 घंटे के रूप में जब जीता गया तो इसे अपनी सैद्धांतिक जीत बताया। इसके बाद 1 मई 1886 को शिकागो में मजदूरों ने 8 घंटे के कार्य दिवस के लिए ऐतिहासिक हड़ताल की। इस संघर्ष में कई मजदूरों ने अपनी जान दी, अंतत : 8 घंटे का कार्य दिवस एक वैश्विक मानक बन गया। कार्ल मार्क्स ने अपनी विश्व प्रसिद्ध कृति "दास कैपिटल' में लिखा कि मजदूर के जीवन का स्तर इस बात से तय होता है कि वह एक काम के दिन में कितना समय अपने लिए काम करता है और कितना समय पूंजीपति के लिए। "आवश्यक श्रम'' और "अतिरिक्त श्रम समय" का सवाल मार्क्सवाद के अनुसार कार्य दिवस दो भागों में बंटा होता है- "आवश्यक श्रम समय" : जिसमें मजदूर अपनी मजदूरी के बराबर उत्पादन करता है। "अतिरिक्त श्रम समय" : जिसमें वह पूंजीपति के लिए मुनाफा पैदा करता है। तकनीकी विकास के साथ "आवश्यक श्रम समय' घटता चला जाता है लेकिन "अतिरिक्त श्रम समय' बढता चला जाता है। यही पूंजीवादी शोषण का आधार है। तकनीकी विकास, एआई और बढती बेरोजगारीः- आज तकनीक, ऑटोमेशन और एआई के कारण उत्पादन क्षमता कई गुना बढ़ चुकी है। एक व्यक्ति मशीन की सहायता से पहले के मुकाबले कई गुना अधिक उत्पादन कर देता है लेकिन इस का लाभ समाज को समान रूप से नहीं दिया जाता। परिणामस्वरूप- बेरोजगारी बढ़ जाती है। काम करने वालों पर काम का बोझ बढ़ जाता है। क्रयशक्ति घट जाती है। सामाजिक असमानता बढ़ जाती है जो लक्षण अब अपने चरम पर हैं। आज एक तरफ लाखों युवा बेरोजगार हैं, तो दूसरी तरफ काम करने वाले मजदूरों के पास फ्री टाइम नहीं है। इसलिए आज तकनीकी उन्नति के कारण कार्य दिवस अवधि कानूनी रूप से 8 घंटे से घटाकर 6 घंटे की जरुरत है। इतिहास में 8 घंटे का कार्य दिवस एक बड़ी उपलब्धि थी लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में यह पर्याप्त नहीं है। आज एक आई के दौर में जब उत्पादन क्षमता आश्चर्यजनक रूप से बढ़ चुकी है तो कार्य दिवस अवधि को कानूनी रूप से घटाना ही तार्किक और न्यायसंगत कदम है। इसलिए आज का केंद्रीय नारा होना चाहिएः"काम का दिन 6 घंटे या उससे कम किया जाए' जो बेरोजगारी को खत्म करेगा। रोजगार के अवसर बढ़ाएगा। मजदूरों को फ्री टाईम देगा। सामाजिक जीवन को बेहतर बनाएगा। बेरोजगार युवाओं का सवाल, अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस को केवल काम करने वालों तक, सीमित करना अधूरा दृष्टिकोण है बल्कि यह काम से बाहर बैठे युवाओं को रोजगार में लाने का सैद्धांतिक अवसर भी होता है। आज सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि काम कर रहे लोगों पर काम का इतना बोझ क्यों तथा जो काम करना चाहते हैं, उन्हें काम क्यों नहीं मिल रहा? इस समस्या का सैद्धांतिक उत्तर व समाधान आज के दिन के अवसर पर सैद्धांतिक रूप में काम की अवधि को कानूनी रूप से कम करने में ही है जिसे हमने कई दशकों से तिलांजलि देकर आंखों से ओझल कर रखा है। हालांकि यह सूत्र सबसे कारगर सूत्र है। इसके अलावा कोई भी सूत्र वर्तमान सामाजिक संकट को हल नहीं करता। उदाहरण के तौर पर कार्य दिवस अवधि को कानूनी रूप में 8 घंटे से घटाकर 6 करने पर काम का समय 25% घटेगा और रोजगार के अवसर 33% बढ़ेंगे।

■ सरदूल सिंह

## UAE का OPEC से अलगाव?

मौजूदा ईरान इजराइल अमेरिका युद्ध इकोनॉमिक्स के मेटा प्रभाव के कारण द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से दुनिया की इकॉनमी को रिसेट करने का फिर से एक बड़ा कारण बन गया है. दुनिया फिर से नई सप्लाई चेन का निर्माण कर रही है. होर्मुज नाकाबंदी और उसके बाद ओमान की खाड़ी के नाकाबंदी के कारण ऐसे बदलाव स्वाभाविक दिख रहे हैं . आज इस युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। संयुक्त अरब अमीरात द्वारा ओपेक और ओपेक प्लस से बाहर निकलने का निर्णय केवल एक संस्थागत बदलाव नहीं बल्कि वैश्विक तेल राजनीति और आर्थिक शक्ति संतुलन में एक गहरा संकेत है। यह कदम उस समय आया है जब ऊर्जा बाजार पहले से ही भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति बाधाओं और बदलते आर्थिक समीकरणों के दबाव में है। ओपेक की स्थापना 1960 में इराक, ईरान, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेजुएला द्वारा की गई थी जिसका उद्देश्य तेल उत्पादक देशों के बीच समन्वय स्थापित कर वैश्विक कीमतों को स्थिर रखना था। समय के साथ यह संगठन 13 देशों तक विस्तारित हुआ और वैश्विक तेल बाजार में एक प्रभावशाली कार्टेल के रूप में उभरा। इस संगठन में सऊदी अरब की भूमिका सबसे प्रभावशाली रही है, जिसने उत्पादन और मूल्य निर्धारण में नेतृत्व किया। हालांकि, 2016 के बाद वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में बड़ा बदलाव आया। अमेरिकी शेल ऑयल उत्पादन में वृद्धि से तेल की कीमतें गिर गईं, जिसके जवाब में ओपेक ने रूस सहित अन्य देशों के साथ मिलकर ओपेक प्लस का गठन किया। रूस, जो 2022 में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक था, इस गठबंधन का प्रमुख स्तंभ बनकर उभरा। ओपेक और ओपेक प्लस मिलकर वैश्विक उत्पादन का लगभग आधे से अधिक हिस्सा नियंत्रित करते हैं, जिससे उनकी बाजार पर पकड़ अत्यंत मजबूत रही है। पिछले कुछ वर्षों में, विशेषकर COVID-19 महामारी के बाद, ओपेक प्लस ने उत्पादन कटौती को एक प्रमुख नीति उपकरण और रणनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल किया। समय समय पर तेल उत्पादन की अतिरिक्त कटौती का निर्णय लिया, जिससे बाजार में कीमतों को स्थिर रखने का प्रयास किया गया। यह स्पष्ट करता है कि ओपेक प्लस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि वैश्विक तेल बाजार को नियंत्रित करने वाला एक रणनीतिक तंत्र बन चुका था। ऐसे परिदृश्य में यूएई का इस गठबंधन से बाहर निकलने के कई कारण समझ में आते हैं । इसका सबसे बड़ा कारण यूएई के खुद के उत्पादन स्वतंत्रता और क्षमता का पूर्ण इस्तेमाल करने की इच्छा है। यूएई अपनी बढ़ती उत्पादन क्षमता का पूर्ण उपयोग करना चाहता है, लेकिन ओपेक प्लस के कोटा सिस्टम ने उसे सीमित कर रखा था। इसके अतिरिक्त, सऊदी अरब के साथ नीति संबंधी मतभेद और क्षेत्रीय भू-राजनीतिक तनाव भी इस निर्णय के पीछे प्रमुख कारक हैं। यूएई ने इस बाबत सऊदी अरब से कई बार कहा भी था लेकिन उसकी बातों का कोई परिणाम नहीं निकला। होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी तनाव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ऊर्जा आपूर्ति अब केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामरिक मुद्दा भी है। यूएई के इस कदम का वैश्विक सप्लाई चेन पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। सबसे पहले, ओपेक की सामूहिक शक्ति कमजोर होगी, जिससे उत्पादन अनुशासन में गिरावट आ सकती है।

■ पंकज जायसवाल

## दफ्तर जाने के लिए

दफ्तर जाने के लिए मुझे बहुत सी तैयारियां करनी पड़ती हैं। आखिर दफ्तर जो जा रहा हूं। दफ्तर जाने का मतलब यह तो है नहीं कि साबुन से नहाओ भी मत या रोजाना शेव भी मत बनाओ। दफ्तर में मेरे कई साथी हैं। वे इसे वेस्टेज मानते हैं। उनका तर्क यह है कि दफ्तर कोई निजी कार्य या सगे सम्बन्धी का काम तो है नहीं, जो रोज एक रुपया का ब्लेड खराब करो, साबुन खराब करो, चेहरे को चमकाने के लिए क्रीम लगाओ, बाल काले करो अथवा मूंछों की करीने से कटाई-छंटाई करो। जबकि मेरा मानना है कि दफ्तर से वेतन मिलता है, घर चलता है और वहां महिलाएं काम करती हैं, इसलिए थोड़ा शऊर से ही जाना चाहिए। कपड़े इस्त्री करे हुए पहनता हूं, यहां तक कि कपड़ों की फैशन का भी मैं पूरा ख्याल रखता हूं। मेरे साथी कहते हैं- 'भाई शर्मा, क्या तुम्हें कोई एक्स्ट्रा इन्क्रीमैंट मिलेगा, जो इतने सज-धज कर आते हो। कभी गणतंत्र दिवस या स्वाधीनता दिवस पर भी अभी तक तो सम्मानित नहीं किए गए। क्यों बेकार में धन का अपव्यय और समय जाया करते हो। इससे बढिया तो कोई पार्ट टाइम करते तो समय का सदुपयोग हो।' मैं कहता हूं, 'यारो, क्या मुंह उठाकर सीधे बिस्तर से निकल कर कुर्सी पर आ बैठते हो। कभी मिसेज मलकानी के बारे में भी सोचा है, जो आप लोगों से बात करना तो दूर, पल भर को नजर भरकर भी आप लोगों को देखती तक नहीं। एक मैं हूं जिससे वह घंटों हंस-हंसकर बतियाती हैं।' 'ओह तो शर्मा यह सब मिसेज मलकानी के लिए कर रहे हो। भाभी जी को पता चल गया न तो वे तुम्हारी यह सारी सजावट को तेल लेने भेज देंगी। घर में माथाफोड़ी करते हो और दफ्तर में मिसेज मलकानी को अपनी बत्तीसी दिखाते हो। हम मलेच्छों को देखो जो पांच पैसे अपने ऊपर इस दफ्तर के लिए खर्च नहीं करते और शाम को रिश्वत के तीन सौ रुपए और मार ले जाते हैं। मिसेज मलकानी के हंसकर बोल लेने से तो गृहस्थी की गाड़ी आराम से चलती नहीं। पैसा हो तो भैया हर समस्या का समाधान है। तुम हर छह महीने में पीपीएफ से लोन लेकर अपना घर खर्च चलाते हो और बचत के नाम पर तुम्हारे पास बचती होगी कोई एक फूटी कोड़ी।' एक साथी बोला। मैंने कहा- 'ईमान, धर्म और सिद्धांत भी तो जीवन में कोई मायने रखते हैं। साफ-सुथरे ढंग और सलीके से दफ्तर आना मैं गलत नहीं मानता।

# पानी और आग की कहानी

पानी वह जल है जो मनुष्य को जीवन के साथ श्वास देता है मनुष्य का शरीर ही 75% से ज्यादा पानी से उत्पन्न है। पानी के बिना हमारा जीवन संभव नहीं, इसी यथार्थ को व्यक्त करते हुए एक व्याख्या समक्ष उत्पन्न हुई किसी ने मुझसे कहा की 'पानी बड़ा है कि आग' पानी महान है कि ...? आग की विशाल ज्वाला बड़ी है कि पानी की लहरें बड़ी है कि आग की लपटें बड़ी है ..? मैंने कहा न आग और न पानी, दोनों दिया हुआ काम और उसे करने वाला परमेश्वर बड़ा है। जिसने पानी हवा और आग के महत्व को बताया कि जैसा ज्ञान बड़ा की विज्ञान...? मैंने कहा ज्ञान नहीं होता तो विज्ञान नहीं होता! इसीलिए पानी और आग में उनके दोनों के कार्य बड़े किंतु प्रथम स्थान पहला आग की प्राथमिकता पहली हैं क्योंकि पानी साफ करता है आग नाश और जड़ से भस्म करती है! आग वह है जिसने हमें ईश्वर से जोड़ा और उसकी आराधना उसकी स्मरण और उसकी महिमा ने हमें बताया कि आंख की महत्वता अलग पहचान है जो सिद्धियों को लाती है। पानी अपनी गहराई को दर्शाता है किन्तु आग मार्ग में आए सभी कीटनाशकों को भस्म कर देता है। वहीं पानी की लहरों की गणना कई अधिक किस्से को प्रकट करती है किंतु आग किस्से कहानी जीवन की नई दिशाओं को लाती हैं। यही कारण है भारत के वेद शास्त्रों में भी वेदी में आग से हवन और ईश्वर की साधना भक्ति सिद्धियों को प्राप्त किया गया किंतु पानी का इतिहास किसी भी कहानी किस्से में केवल मिटना साफ करना और जीवन की तूफानों में लड़ने की व्याख्या जीवनशैली में सिखाती है। यही कारण है कि आज भारत के समुद्र में इसी का मिलन जो डेढ़ सौ साल बाद फिर देखने मिल रहा है। जिसकी अपनी अलग पहचान वह जीवन के नए स्रोत ईश्वरी रचना प्रकृति का प्रकोप वह जीवन स्तरीय पर रची नकारात्मक रचनाएं वह प्राकृतिक नाशवान का सबसे बड़ा दंड व ईश्वरीय प्रकोप का दंड भी हमें विज्ञान के ज्ञानीय भंडार वह खोज से देखने मिलता है। ज्ञान ही मार्ग है साथ ही विचार ईश्वर की इच्छा को समझने और धार्मिक जीवन जीने की गहराई है ज्ञान मनुष्य जीवन में गहरा रहस्य है साथ ही जीवन का वह झरना है जिससे जब आप अपनी बुद्धिमत्ता से समझेंगे तभी इसकी तृष्णा से परिपूर्ण हो पाएंगे। साथ ही वह अलौकिक शक्ति का रहस्य है जो जीवन की शोध के साथ फल भी लाता है और जिसके जल का झरना कभी



खत्म न होने की प्रक्रिया है।
पानी बिन न चल पाए,
आग बिन न भस्म हो पाए
और यही कारण है कि पानी आग को बुझाता नहीं हैं बल्कि दोनों मिलकर ज्वालामुखी की प्रचंडता को दर्शाता है यह दोनों की प्रक्रिया वैसे ही है जैसे एक देश की सुरक्षा में आर्मी और नेवी की भूमिका देश की सुरक्षा में दर्शाती है। देश की सुरक्षा में जल और आग का महत्व बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है साथी यह वह दर्शन दर्शाती है जो एक आध्यात्मिक वैज्ञानिक रहस्य को समझने के लिए खोज उत्पन्न करती है जिससे यह ज्ञात हो सके कि आग की भूमिका हमारी आर्मी सैनिक के द्वारा देश की सुरक्षा में कई चीजों को नष्ट और भस्म करती है इस प्रकार पानी के द्वारा हमारे नेवी के कार्यशील देश की गहराई और समक्ष रहस्य को समझ में एक अलग अलौकिक दृश्य के साथ नई चेतना को उत्पन्न करती है या वह चेतना है जो कई रहस्यों को वैज्ञानिक तौर पर हमारे शस्त्रों में मैं लाती है जिसका संगम आध्यात्मिक से लेकर मनोवैज्ञानिक से लेकर वैज्ञानिक की ओर अपनी मार्ग का दर्शन देती है । ज्ञान विज्ञान को उत्पन्न करता है किंतु अध्यात्म बुद्धि को सिद्ध में उत्पन्न करता है यह सिद्ध ही दोनों के संगम से एक महासंगम की गणना को हम अपने जीवन रूपी में कई उदाहरण के रूप में देखते हैं और आज इसका सबसे बड़ा उदाहरण हम पानी के स्तर के नीचे उसे आग की ज्वालामुखी को पनपते और देखते हुए। हम ईश्वरीय कार्य और इसकी वैज्ञानिकता को कई हजार सालों की खोज को रहस्य को अपने जीवन के पड़ाव में देखते हुए उसे आज सतर्क रहने और ईश्वरीय प्रकोप से बचने का सुझाव देते हैं। इससे यह साबित होता है कि ज्ञान से बड़ा विज्ञान नहीं किंतु पानी और आग मैं दोनों की प्रक्रिया में ईश्वरीय शक्ति से बड़ा प्रकृति की महिमा और रचना से बड़ा पृथ्वी के लिए इस जीवन शैली में कुछ भी नहीं क्योंकि ईश्वर यह भक्ति और सिद्धि इन दोनों की सीढ़ी है।

■ दीपा मिश्रा

# श्रमिक दिवस पर सीएम योगी का एलान, कहा- प्रदेश में बनेंगी श्रमिक डॉरमेट्री

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित श्रमवीर गौरव समारोह 2026 में कहा कि राज्य सरकार हर श्रमिक परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच से जोड़ेगी। अब तक 12.26 लाख पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड सुविधा दी जा चुकी है, जिससे उनके परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज उपलब्ध हो रहा है। शेष 15.83 लाख श्रमिकों को भी इस योजना से जोड़ा जाएगा। औसतन एक परिवार में 5 सदस्यों के आधार पर, यह पहल 75 से 80 लाख लोगों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ देगी। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में कम से कम एक करोड़ श्रमिक परिवारों, यानी लगभग 5 करोड़ लोगों तक इस योजना का सीधा लाभ पहुंचाना है।

अटल आवासीय विद्यालय के पहले बैच के मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता के अथक श्रम व पसीने की लाज रखी है। श्रमिकों की मेहनत को नमन करते हुए कहा कि सर्दी-गर्मी, आंधी-तूफान की परवाह किए बिना आप जो पसीना बहाते हैं, उसकी एक-एक बूंद धरती माता को सोना उगलने की शक्ति देती है। पहले जो श्रमिक दूसरों को छत, अन्न और अस्पताल देते थे, स्वयं उनके पास आवास नहीं होता था, उनके बच्चे भूख से तड़पते थे और उन्हें इलाज की सुविधा नहीं मिलती थी। लेकिन अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'श्रममेव जयते' मंत्र के साथ श्रमिकों को सम्मान और गौरव मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महाकुंभ के दौरान श्रमिकों के पैर धोकर और अयोध्या-काशी में पुष्पवर्षा कर उनके श्रम और समर्पण का सम्मान किया। कभी कोई सोच



भी नहीं सकता था कि श्रमिक के पास भी अपना पक्का घर होगा। लेकिन पिछले 12 वर्षों में देश में 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास मिला है, जिनमें उत्तर प्रदेश में 65 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर दिए गए हैं। देश में 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ 61 लाख परिवार शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले आपदा आने पर बटाईदार और खेतिहर श्रमिक कर्ज के बोझ तले दब जाते थे, लेकिन अब आपदा में मुआवजा केवल भूमि स्वामी को नहीं, बल्कि बटाईदार और खेत पर काम करने वाले श्रमिक को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत उन्हें 5 लाख रुपये तक का बीमा कवर दिया गया है और हर वर्ष 700 से 1000 करोड़ रुपये तक की सहायता प्रभावित श्रमिक परिवारों को उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 18 मंडलों में स्थापित अटल आवासीय विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों की तैनाती की गई है, ताकि श्रमिक का बच्चा भविष्य में अधिकारी बने। पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में 18,000 नए उद्योग स्थापित हुए हैं, जिनसे 65 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि 'वन नेशन-वन राशनकार्ड' की सुविधा के तहत श्रमिक देश में कहीं भी अपना राशन ले सकता है। ई-श्रम पोर्टल पर सबसे अधिक पंजीकरण उत्तर प्रदेश के हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े-बड़े शहरों में श्रमिक अड्डे बनते थे। काम करने के बाद ठेकेदार या मालिक मजदूरी देने से मना कर देते थे या कम देते थे। अब सरकार ने साफ कहा है कि काम किया है तो उसका दाम भी मिलना चाहिए। अगर कोई मजदूरी नहीं देगा, तो सरकार उसका काम तमाम करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ठहरने की बेहतर सुविधा के लिए श्रमिक डॉरमेट्री बना रहे हैं। इनमें सस्ती और गुणवत्तापूर्ण कैंटीन भी होंगी। साफ-सुथरे शौचालय, स्नानघर तथा मनोरंजन के साधन भी होंगे। सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षा, कॉमन एरिया, गार्ड की व्यवस्था, ये सब भी श्रमिक डॉरमेट्री में होंगे। इसके साथ ही ईएसआईसी औषधालयों का विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में 41 जनपदों में 116 ईएसआईसी औषधालय संचालित हैं। शेष 34 जनपदों में भी जल्द ही एक-एक ईएसआईसी औषधालय स्थापित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के मानदेय में वृद्धि की गई है। उद्योग और श्रमिक एक-दूसरे के पूरक हैं। औद्योगिक अशांति किसी भी स्थिति में नहीं होने देनी है। जहां औद्योगिक अशांति होती है, वहां अंत में खंडहर के सिवाय कुछ नहीं बचता। जो लोग समृद्धि और विकास के विरोधी हैं, वे उद्योग नहीं चलने देना चाहते। वे लोगों को बहकाने का काम करेंगे, लेकिन हमें बहकना नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रम एवं सेवायोजन विभाग नए वेज बोर्ड का गठन किया जाएगा। औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले सभी श्रमिकों, विशेषकर जिन उद्योगों में 10 या उससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं, को उचित मजदूरी मिलेगी। बीमा कंपनियों और उद्यमियों से बातचीत कर औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों को भी 5 लाख रुपये सालाना का स्वास्थ्य बीमा कवर निःशुल्क देने की तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार,प्रमुख सचिव एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश यूपीबीओसीडब्ल्यू बोर्ड डॉ. एम.के. एस. सुंदरम और श्रम आयुक्त मार्कंडेय शाही मौजूद थे।

## एक नजर



### कार्यक्रम के दौरान अचानक बिगड़ी अजय राय की तबीयत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व विधायक अजय राय की शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिस समय उनकी तबीयत बिगड़ी वह लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे, उन्हें आनन-फानन में मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां इमरजेंसी में डॉक्टरों की टीम ने उनका इलाज शुरू किया। मेदांता के निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने बताया कि बेहोश होने पर अजय राय जी को यहां लया गया था, इमरजेंसी में तत्काल इलाज शुरू किया गया, जांच में सोडियम का स्तर ठीक नहीं था, लेकिन अब घबराने की कोई बात नहीं है, उनको होश आ गया है। दरअसल, अजय राय शुक्रवार को राजधानी स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।

### मातृभाषा के कॉलम में 'उर्दू' दर्ज करने की अपील

**लखनऊ।** शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद कल्बे जवाद नक़वी ने देश में चल रही जनगणना प्रक्रिया में लोगों से सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनगणना फॉर्म में मातृभाषा के कॉलम में 'उर्दू' जरूर दर्ज करें और फॉर्म अपलोड होने के बाद उसे जांच लें, ताकि जानकारी सही दर्ज हो सके। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आबादी की गिनती नहीं, बल्कि भाषाई, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान के संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम है। किसी भी भाषा बोलने वालों की सही संख्या ही उसके शैक्षिक और संवैधानिक अधिकारों की मजबूती का आधार बनती है। लापरवाही से आने वाली पीढ़ियों के अधिकार और पहचान प्रभावित हो सकते हैं। मौलाना ने सामाजिक व धार्मिक संगठनों, विशेषकर इमामों से अपील की कि वे लोगों में जागरूकता फैलाएं और इस संदेश को घर-घर तक पहुंचाएं।

## एंटी रोमियो से लेकर फास्ट ट्रैक कोर्ट तक सपा पर भारी योगी सरकार

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** महिला सुरक्षा अब सिर्फ नीतिगत घोषणा नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर लागू व्यवस्था बन चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति से पिछले नौ वर्षों में सपा सरकार के मुकाबले व्यापक बदलाव देखने को मिला है। वर्ष 2017 से पहले जहां महिला अपराध एक बड़ी चुनौती माने जाते थे, वहीं अब कानून-व्यवस्था के साथ-साथ न्यायिक प्रक्रिया में भी तेजी आई है।

पहले जहां महिला अपराधों के मामलों में देरी और कार्रवाई की कमी थी, वहीं अब त्वरित न्याय, सख्त पुलिसिंग और तकनीकी निगरानी के जरिए सुरक्षा तंत्र अधिक मजबूत हुआ है। प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को केंद्र में रखते हुए कई स्तरों पर ठोस कदम उठाए गए हैं। बीट पुलिसिंग, पिंक बूथ, एंटी रोमियो



स्क्वाड, मिशन शक्ति और फास्ट ट्रैक कोर्ट जैसी व्यवस्थाओं ने सुरक्षा का बहुस्तरीय ढांचा तैयार किया है, जिससे अपराध रोकथाम और त्वरित कार्रवाई दोनों में सुधार हुआ है।

महिलाओं और बच्चियों से जुड़े मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए राज्य में 9 वर्षों में 218 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही सभी 75 जिलों में पॉक्सो विशेष न्यायालय संचालित हैं, जहां मामलों के निस्तारण के लिए छह माह का लक्ष्य तय किया गया है। पहले जहां ऐसे मामलों में लंबित मामलों की संख्या अधिक रहती थी, वहीं अब सुनवाई की गति बढ़ी है। सरकार के अनुसार, न्यायिक प्रक्रिया में तेजी से पीड़िताओं का भरोसा भी बढ़ा है।

2017 में गठित एंटी रोमियो स्क्वाड ने सार्वजनिक स्थानों पर छेड़छाड़ और उत्पीड़न के मामलों में अंकुश लगाने में अहम भूमिका निभाई है। फरवरी 2026 तक इन टीमों द्वारा व्यापक स्तर पर चेकिंग अभियान चलाते हुए हजारों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वर्ष 2020 से संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, जागरूकता और स्वावलंबन को जोड़ते हुए एकीकृत प्रयास किए गए हैं। इस अभियान में 40 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है।

## अखिलेश ने किया मायावती पर कटाक्ष, कहा- उन्होंने महिला आरक्षण बिल नहीं पढ़ा, या भाजपा ने गुमराह किया

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने या तो संसद में लाया गया बिल पढ़ा नहीं, या भाजपा ने उन्हें गलत सूचना दी। इसलिए उन्होंने (मायावती ने) महिला आरक्षण पर यूपी में बुलाए गए विशेष सत्र का स्वागत किया। महिला आरक्षण बिल तो अब कानून बन चुका है और भाजपा के नेता उस एक्ट के खिलाफ बोल रहे हैं।

अखिलेश यादव ने श्रमिक दिवस के अवसर पर नोएडा के श्रमिकों पर लगाए गए मुकदमे वापस लेने और उन्हें पड़ोसी राज्यों के बराबर तनख्वाह दिए जाने की मांग भी की।

अखिलेश यादव ने प्रदेश सपा मुख्यालय पर शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश की महिलाओं



को आरक्षण नहीं देना चाहती है। महिला आरक्षण कानून के खिलाफ बोलकर भाजपा असंवैधानिक काम कर रही है। वो संसद से पास कानून नहीं स्वीकार कर रही है। भाजपा सरकार महिला आरक्षण संशोधन बिल के लिए संसद का सत्र ऐसे समय में बुलाया, जब पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव चल रहे थे। भाजपा विपक्षी दलों के सांसदों को चुनाव से चार-पांच दिन दूर करना चाहती थी।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा लगातार आम जनता के साथ साजिश कर रही है। डाटा भरवा रहे हैं, लेकिन जातीय जनगणना नहीं करवा रहे हैं। महिला आरक्षण पर मुख्यमंत्री पहले क्या बोलते थे, अब क्या बोल रहे हैं। सभी ने देखा है। मुख्यमंत्री की भाषा गिरगिटी है। संसद में भाजपा की साजिश हार गई, इसलिए उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रस्ताव लेकर आए थे। परिसीमन के खिलाफ सभी विपक्षी दल एक हो गए, जिससे भाजपा के धोखे का पर्दाफाश हो गया। अपनी हार को छिपाने के लिए भाजपा महिलाओं को मुद्दा बनाना चाहती है।

अखिलेश यादव ने हरदोई की बेटी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि वर्चस्ववादी और भाजपा के समर्थक लोगों ने उसकी हत्या कर दी। उत्तर प्रदेश सरकार से उस परिवार को न्याय नहीं मिलेगा, इसलिए सीबीआई जांच हो। सरकार परिवार को आर्थिक मदद दे।

अखिलेश यादव ने कहा कि स्मार्ट मीटर के जरिये जनता की जेब काटी जा रही है। इसलिए जनता और महिलाएं आक्रोशित हैं। भाजपा गरीबों के पैसे निकालकर अमीरों की जेब भर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कह रहे थे कि हरदोई में कोई कारखाना नहीं लगाया गया, जबकि सच्चाई यह है कि पेप्सिको का सबसे बड़ा कारखाना समाजवादी सरकार के माध्यम से हरदोई में लगा है। एक सवाल के जवाब में समाजवादी सरकार में धार्मिक यात्राओं में मदद होती थी।

## लखनऊ पहुंचीं सुप्रिया श्रीनेता का भाजपा पर तीखा हमला, कहा- जिनकी डिग्री फर्जी, उनके वादें भी फर्जी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा है कि वह लोग जो अपनी स्वयं की डिग्री नहीं दिखा सकते हैं। हम उनसे शिक्षा को आगे बढ़ाने की उम्मीद नहीं कर सकते हैं। जिनकी डिग्री फर्जी है, उनके वादें भी फर्जी है। उन्होंने कहा कि देश में शिक्षकों के लाखों पद खाली हैं।

वह बुद्ध पूर्णिमा व श्रमिक दिवस पर राजधानी स्थित गांधी भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक व चिकित्सा प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित शिक्षकों व चिकित्सकों के सम्मेलन को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि जहां 3012 डॉक्टरों की आवश्यकता है वहां 812 डॉक्टरों से काम चलाया जा



रहा है। शिक्षकों और चिकित्सकों के खाली पदों को नहीं भरा जा रहा है, जिसका असर आम जनता पर पड़ा रहा है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि शिक्षक और चिकित्सक भविष्य के निर्माता हैं। यह वर्ग भीड़ का हिस्सा नहीं बल्कि भीड़ को सम्बोधित करता है। सामाजिक न्याय के लिए हमें समाज में हर शोषित व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए पूरी ताकत के साथ खडे.रहना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के बाद पुरानी पेंशन बहाल करेगी। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि शिक्षक और चिकित्सक समाज के सजग और जिम्मेदार प्रहरी हैं। एक चिकित्सक शरीर को स्वस्थ्य रखता है। वहीं शिक्षक बेहतर समाज की नींव रखता है। आज सभी स्कूल कॉलेजों आदि शिक्षण संस्थानों को बेचा जा रहा है। उनका निजीकरण किया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। शिक्षा और चिकित्सा को भाजपा सरकार ने व्यवसाय बना दिया है।

## मकान बेचने का झांसा देकर व्यवसायी से ऐंठे 1.25 करोड़

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** मकान बेचने का झांसा देकर जालसाजों ने व्यवसायी से 1.25 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। रजिस्ट्री में टालमटोल देख पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने असलहे के बल पर घर में घुसकर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर-20 निवासी महेश कुमार मौर्य ने बताया कि कुछ समय पहले लक्ष्मी तिवारी ने संपर्क किया। बताया कि एक मकान भरवारा खरगापुर व दूसरा कलवारी बस्ती में है। जिसे वह बेचना चाहती हैं। बातचीत के बाद लक्ष्मी ने दोनों मकान दिखाए। पसंद आने पर सौदा 1.25 करोड़ रुपये में तय हुआ।



जाल में फंसे महेश ने यूपीआई, आरटीजीएस व नकद के माध्यम से रुपये अदा किये। रुपये देने के बाद पीड़ित ने रजिस्ट्री के लिए संपर्क किया तो लक्ष्मी ने टालमटोल शुरु कर दी।

परेशान होकर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि 29 अप्रैल को लक्ष्मी तिवारी, परवेज आलम उनके घर आए और झगड़ा करने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने लक्ष्मी तिवारी, परवेज आलम, हसन हुसैन, शिवसागर व थार सवार अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली-गलौज, धमकी व हमले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कल से ज्येष्ठ माह की शुरुआत, अधिक मास के चलते इस बार होंगे आठ बड़े मंगल; 29 जून तक चलेगा यह मास

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह की शुरुआत दो मई से हो रही है। अधिक मास या पुरुषोतम मास के चलते ज्येष्ठ माह की अवधि 2 मई से शुरू होकर 29 जून तक रहेगी। इसी के चलते इस बार आठ बड़े मंगल की सौगात मिलेगी। बड़े मंगल पर राजधानी में वृहद स्तर पर लगने वाले भंडारों की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। जिला पूर्ति अधिकारी के यहां भंडारों के लिए गैस सिलिंडर की मांग को लेकर आवेदनों में भी तेजी आई है।

बड़े मंगल पर हनुमान जी की उपासना विशेष फलदायी मानी जाती है। बड़ा मंगल को कई स्थानों पर बुढ़वा मंगल के नाम से भी जाना जाता है। राजधानी में बड़ा मंगल का विशेष महत्व है। यहां शहर के हनुमान मंदिरों




में श्रृंगार, पूजा-पाठ और अन्य धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही बड़ी संख्या में भंडारों के आयोजन भी होते हैं। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि काशी पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह 2 मई से शुरू होकर 29 जून तक रहेगा। इस दौरान कुल बड़े मंगल आठ होंगे जो क्रमशः 5, 12, 19 व 26 मई और 2, 9, 16 व 23 जून को पड़ेंगे। इनमें से चार शुद्ध ज्येष्ठ मंगल क्रमशः 5 व 12 मई को और 16 व 23 जून को होंगे। अधिक ज्येष्ठ मास 17 मई से 15 जून तक रहेगा जिसमे अधिक ज्येष्ठ मंगल 19 व 26 मई और 2 व 9 जून को पड़ेंगे।

### इसलिए पड़ता है अधिकमास या पुरुषोत्तम मास

ज्योतिषाचार्य पुनीत वार्ष्णेय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष चंद्र कैलेंडर 354 दिनों का होता है, जबकि सूर्य कैलेंडर 365 दिनों का होता है। अधिक मास 32 महीने और 16 दिन बाद आता है। इन दोनों के अंतर को संतुलित करने के लिए पंचांग में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है। इसे ही अधिक मास या पुरुषोत्तम मास या मलमास कहते हैं।

ज्येष्ठ माह में हनुमान जी की श्रद्धा भाव से पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दौरान भक्तों को दान या जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। बड़े मंगल के दिन व्रत रखने और हनुमान जी की आराधना करने से जीवन के समस्त संकट दूर होते हैं और बजरंगबली की कृपा बनी रहती है।

## रियल एस्टेट कारोबारी ने 11वीं मंजिल से कूदकर दी जान

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** आईपीएल में सट्टा खेलकर लाखों रुपये गंवाने और सट्टे की लत से परेशान रियल एस्टेट कारोबारी प्रबल जैन (32) ने बृहस्पतिवार रात कुर्सी सड़क स्थित जनेश्वर एन्क्लेव अपार्टमेंट की 11वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को प्रबल के फ्लैट से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें सट्टे में नुकसान और उसकी लत से परेशान होने का जिक्र है।

इंस्पेक्टर गुडंबा अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक, प्रबल जैन मूल रूप से सीतापुर के महमूदाबाद के रहने वाले थे। वह पत्नी शिवानी के साथ जनेश्वर एन्क्लेव में ओम प्रकाश श्रीवास्तव के फ्लैट डी-1102 में किराये पर रहते थे।

शिवानी एक मॉल में ग्राउंड फ्लोर की मैनेजर हैं। दोनों का विवाह करीब डेढ़ वर्ष पूर्व हुआ



था। इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रबल बृहस्पतिवार रात आठ बजे फ्लैट पर अकेले थे। रात करीब साढ़े आठ बजे के बीच वह अपने फ्लैट की बालकनी से नीचे कूद गए। प्रबल ने जिस वक्त आत्महत्या की, उस वक्त अपार्टमेंट के ग्राउंड में कई लोग वॉक कर रहे थे। गिरने की जोरदार आवाज सुन लोग भागकर मौके पर पहुंचे तो देखा प्रबल खून से लथपथ हैं और उनके सिर पर गंभीर चोट लगी है। सूचना पर पहुंची गुडंबा प्रबल को एंबुलेंस की मदद से ट्रामा सेंटर लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

**पहल** साप्ताहिक अवकाश और वेतन सुरक्षा पर सरकार सख्त

## आउटसोर्स कर्मियों के लिए नए नियम लागू

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आउटसोर्स और अंशकालिक कर्मचारियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए नए नियम लागू किए हैं। अब साप्ताहिक अवकाश, तय कार्य घंटे, समय पर वेतन और छुट्टियों की सुविधा अनिवार्य होगी। साथ ही डिजिटल भुगतान और न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित कर कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगाने की पहल की गई है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लाखों आउटसोर्स और अंशकालिक (Part-time) कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। यह जानकारी समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने शुक्रवार को 'मजदूर दिवस' के अवसर पर दी।

### अनिवार्य सवेतनिक साप्ताहिक अवकाश

नए नियमों के अनुसार, अब किसी भी आउटसोर्स या अनुबंध कर्मचारी से लगातार सातों दिन काम लेना अवैध होगा।

साप्ताहिक अवकाश: 6 दिन के निरंतर कार्य के पश्चात 1 दिन का सवेतनिक अवकाश देना अनिवार्य है।

कार्य समय: प्रतिदिन कार्य के घंटे 8 से 9 निर्धारित किए गए हैं। इससे अधिक कार्य लिए जाने पर नियमानुसार ओवरटाइम देय होगा।

### छुट्टियों का नया ढांचा

कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक कल्याण हेतु छुट्टियों के नियमों में व्यापक सुधार किया गया है:

आकस्मिक अवकाश: प्रति वर्ष 10 दिन।

बीमारी की छुट्टी: 6 माह की सेवा पूर्ण होने पर 15 दिन।

अर्जित अवकाश: प्रति वर्ष 15 दिन (अगले वर्ष हेतु संचय/Carry forward की सुविधा के साथ)।

प्रसूति अवकाश: महिला कर्मियों के लिए मैटरनिटी लीव के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

### वेतन सुरक्षा और डिजिटल पारदर्शिता

भारत सरकार के नए लेबर कोड्स के अनुरूप उत्तर प्रदेश में वेतन ढांचे को सुधारा गया है।

मूल वेतन: कुल सैलरी (CTC) का कम से कम 50% होगा, जिससे कर्मचारियों के PF और ग्रेच्युटी फंड में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

समयबद्ध भुगतान: पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु वेतन हर माह की 1 से 5 तारीख के बीच सीधे बैंक खाते में जमा करना अनिवार्य कर दिया गया है।

असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नए लेबर कोड्स और'आउटसोर्स सेवा निगम' के गठन के माध्यम से सरकार ने इन कर्मचारियों के लिए छुट्टियों, काम के घंटों और वेतन भुगतान की प्रक्रिया को पारदर्शी और अनिवार्य बना दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब कर्मचारियों का शोषण संभव नहीं होगा और उनके अधिकारों को कानूनी सुरक्षा प्रदान की गई है।

हमारी सरकार का लक्ष्य 'अंत्योदय' है। आउटसोर्सिंग कर्मचारी हमारी व्यवस्था की रीढ़ हैं, और उन्हें सामाजिक सुरक्षा और सम्मान देना हमारी प्राथमिकता है। आज मजदूर दिवस पर यह सुधार उन्हीं के पसीने की कीमत और उनके अधिकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## टेक्नीशियन और फैक्ट्री कर्मी की पत्नी ने की खुदकुशी

एजेंसी समाचार

**रायबरेली।** रायबरेली में रेल कोच फैक्टरी परिसर में एक ही दिन दो लोगों के शव फंदे से लटके मिले, जिससे सनसनी फैल गई। एक महिला की मौत मानसिक बीमारी से जुड़ी बताई जा रही है, जबकि टेक्नीशियन की मौत के कारणों की जांच जारी है। घटनाओं से परिसर में शोक का माहौल है।

रायबरेली के लालगंज स्थित मॉडर्न रेल कोच फैक्टरी के आवासीय परिसर में शुक्रवार को संदिग्ध हालत में रेलकोच फैक्टरी में कार्यरत टेक्नीशियन और एक कर्मचारी की पत्नी के शव संदिग्ध हालत में फंदे से लटके मिले। टेक्नीशियन का शव वर्कर्स क्लब के पीछे जंगल में तो महिला का शव घर की बालकनी में फंदे से लटका मिला। इन दो घटनाओं से रेल कोच फैक्टरी परिसर में हड़कंप मच गया। एक साथ दो लोगों की आत्महत्या से रेल कोच के आवासीय परिसर में रहने वाले लोग सकते में हैं। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने जांच की।रेल कोच कॉलोनी के आवास संख्या 2236 ए में रेलकोच फैक्टरी कर्मचारी पारस परिवार के साथ रहते हैं। पारस के मुताबिक बृहस्पतिवार की रात को वह पत्नी मीरा देवी और बच्चों के साथ आरेडिका में आयोजित एक कार्यक्रम में गए थे। रात में सभी घर लौटे।

सब कुछ ठीक था लेकिन शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे जब वह काम पर जाने के लिए घर से निकलने लगे तो बरामदे पर उनकी नजर पड़ी तो वह चौंक गए। उनकी पत्नी मीरा देवी का शव फंदे से लटक रहा था। उन्होंने मीरा देवी को फंदे से नीचे उतारा और आरेडिका के अस्पताल पहुंचे, जहां पर चिकित्सक ने मीरा देवी को मृत बताया।

**एक नजर**

### धनाराघाट में बारिश से हुई कीचड़ से लोगों की बढ़ी परेशानी

**पूरनपुर।** गुरुवार की देर रात हुई तेज बारिश के बाद धनाराघाट क्षेत्र में कीचड़ की समस्या हो गई। मुख्य मार्गों पर जगह-जगह कीचड़ जमा होने से सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं, जिससे वाहनों के फंसने का खतरा बना हुआ है। शुक्रवार सुबह से ही राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धनाराघाट मार्ग की स्थिति पहले से ही खराब थी। लेकिन बारिश के बाद हालात और बिगड़ गए हैं। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। जबकि कई जगह चारपहिया वाहन भी कीचड़ में धंसते नजर आए। ग्रामीणों ने बताया कि इस रास्ते से रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। लेकिन बारिश में यही समस्या खड़ी हो जाती है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। वहीं, संबंधित विभाग के अधिकारियों का कहना है कि समस्या की जानकारी मिली है और जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# क्षेत्रीय विकास के लिए मुख्यमंत्री से मिले विधायक और चेयरमैन

## सीमा विस्तार, पेयजल और मंदिरों के जीर्णोद्धार समेत विभिन्न योजनाओं के लिए माँगा बजट

जागरण मोर्चा कार्यालय


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते हुए विधायक बाबूराम पासवान व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता।

**पूरनपुर।** संकल्प विकास का, विश्वास पूरनपुर का के भाव के साथ पूरनपुर नगर के विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की गई। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं नगरीय विकास मंत्री ए.के. शर्मा से लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर विधायक बाबूराम पासवान तथा नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पूरनपुर नगर के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों का पत्र सौंपकर अवगत कराया। प्रमुख मांगों में नगर पालिका सीमा विस्तार, अंत्येष्टि स्थल निर्माण हेतु लगभग 150 लाख रुपये की स्वीकृति, पेयजल योजना के लिए धनराशि जारी करना, तथा नगर पालिका को आदर्श नगर के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव शामिल रहा। इसके अलावा वर्ष 2026-27 में वंदन योजना के अंतर्गत मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत धनराशि आवंटन, झील-तालाब एवं पोखर संरक्षण, तथा सीवरेज एवं जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भी बजट जारी करने का अनुरोध किया गया। मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र आवश्यक धनराशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनता की सेवा और शहर के आधुनिक विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

## 36 नए हिस्ट्रीशीटरों पर पुलिस का पहरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अकेले अप्रैल माह में 36 शातिर अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

पुलिस की इस कार्रवाई से जिले के अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस के अनुसार, इन हिस्ट्रीशीटरों में सबसे अधिक 19 अपराधी गोवध के मामलों से जुड़े हैं। इसके अलावा डकैती के 5, लूट के 8, चोरी व नकबजनी के 2, छिनैती के 1 और धोखाधड़ी के 1 अपराधी को सूची में शामिल किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इन सभी अपराधियों की गतिविधियों पर अब 24 घंटे पैनी नजर रखी जाएगी। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन हिस्ट्रीशीटरों का नियमित सत्यापन और चेकिंग करें।


हज के लिए पूरनपुर से रवाना होते आज़मीने हज।

# हज यात्रियों का जत्था रवाना भावुक माहौल में दी गई विदाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मदीना नगर से हज यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। इस अवसर पर मदीना अकैडमी की ओर से इस्तकबाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हज यात्रियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मदीना मस्जिद धनाराघाट के खतीब इमाम मुफ्ती नूर मोहम्मद हसनी ने हाजियों का स्वागत किया, जबकि गोल्ड मेडलिस्ट मुफ्ती साजिद हसनी कादरी ने हज के अरकान और अदायगी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस्लाम में हज एक महत्वपूर्ण फर्ज है, जिसे हर सक्षम मुस्लिम को जीवन में कम से कम एक बार अदा करना चाहिए। मोहल्ला साहूकारा लाइनपार निवासी लईक अहमद और मुबारिक हुसैन अंसारी सहित अन्य हाजी इस पवित्र यात्रा पर रवाना हुए। काफिला लखनऊ से उड़ान भरकर मक्का और मदीना पहुंचेगा। विदाई के दौरान परिजनों और क्षेत्रवासियों ने भावुक माहौल में हाजियों को गले लगाकर अलविदा कहा और उनसे अपने व समाज की खुशहाली के लिए दुआ करने की अपील की। इस मौके पर हाजी हाशिम खान, मुफ्ती नूर मोहम्मद हसनी, मुफ्ती साजिद हसनी कादरी, नजर कुरैशी, इफ्तिखार खान, मोहम्मद रिजवान (पूर्व प्रधान), समेत सैकड़ों रहे।

# 9-10 मई को भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग

जागरण मोर्चा कार्यालय



पूरनपुर में जिला प्रशिक्षण वर्ग की जानकारी देते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत 9 व 10 मई 2026 को जिला प्रशिक्षण वर्ग-1 का आयोजन स्वामी एजुकेशनल महाविद्यालय में किया जाएगा। इसकी जानकारी जिला कार्यालय पर आयोजित जिला योजना कार्यसमिति बैठक में दी गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की और संचालन जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और राष्ट्रीय गीत के साथ हुई। विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जिला कार्यसमिति सदस्य और विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इससे पहले सभी 19 मंडलों में मंडल स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा चुके हैं। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

> ▸ जिला योजना कार्यसमिति की बैठक में बनी रणनीति

## शक्ति की भक्ति से ही लोक कल्याण संभव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला साहूकारा (लाइन पार) स्थित प्राचीन अष्टभुजा महारानी देवी मंदिर के नवनिर्माण के लिए भाजपा विधायक पुत्र रितुराज पासबान नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के साथ उपस्थित रहकर कानपुर से पधारे सुप्रसिद्ध विद्वान पंडित हरिओम द्विवेदी ने अपने मंत्रोच्चार और विद्वतापूर्ण विधान से लोकार्पण कार्य को पूर्ण कराया,जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर नवीन अग्रवाल प्रबंधक, मंदिर कमेटी, राम बहादुर गुप्ता, रवि गुप्ता अध्यक्ष, अंशु गुप्ता, अशोक गुप्ता, सुधांशु गुप्ता (कार्यकारिणी सदस्य) डॉ. सुधाकर पांडेय, पुजारी दिनेश कुमार सहित कई नगर के अन्य गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

# गांधी सभागार में गूंजा मजदूर दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय


गांधी सभागार में मजदूरों को प्रमाणपत्र देते डीएम। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** गांधी सभागार में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह समेत नगर मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी और विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का श्रमिकों के हित में दिया गया संदेश लाइव प्रसारण के माध्यम से दिखाया गया, जिसे उपस्थित श्रमिकों ने ध्यानपूर्वक देखा। इसके बाद श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला ने श्रमिकों के अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं और श्रम कानूनों की जानकारी दी। वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और आयुष्मान कार्ड की पात्रता के बारे में अवगत कराया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में श्रमिकों से अधिक से अधिक पंजीकरण कराकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की और संबंधित अधिकारियों को भी इस दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य अतिथि अजय सिंह गंगवार ने भी श्रमिकों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में 10 पात्र निर्माण श्रमिकों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं के तहत हितलाभ प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## जल संचय से बढ़ेगी किसानों की आमदनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** किसानों की आय बढ़ाने और जल संरक्षण हेतु 'खेत तालाब योजना' संचालित की जा रही है। इसके तहत तालाब निर्माण पर 1.05 लाख की लागत पर 50 प्रतिशत यानी 52,500 का अनुदान मिलेगा। साथ ही, पंपसेट पर 15,000 की सब्सिडी भी देय है। किसान तालाब में मछली पालन और सिंघाड़े की खेती से अतिरिक्त मुनाफा कमा सकते हैं।इच्छुक किसान कृषि विभाग की वेबसाइट पर 1000 टोकन मनी के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयन 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर होगा। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जिले को 12 तालाबों का लक्ष्य मिला है।


पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना सर्वेक्षण करते। -जागरण मोर्चा

# 12 टीमें करेंगी गन्ने का सर्वेक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** दी किसान सहकारी चीनी मिल, पूरनपुर में पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना सर्वेक्षण कार्य शुक्रवार से विधिवत शुरू हो गया। सर्वेक्षण को सुचारु रूप से पूरा करने के लिए 12 टीमें गठित की गई हैं, जो 1 मई से 30 जून तक क्षेत्र में कार्य करेंगी।

मिल क्षेत्र के 169 गांवों के 12,147 गन्ना किसानों के खेतों का सर्वे किया जाएगा, जिसमें गन्ना क्षेत्रफल और किस्म का सही अंकन किया जाएगा। अधिकारियों ने गन्ना पर्यवेक्षकों को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। प्रथम दिन ग्राम नौगवां और हुसैनापुर में सर्वे कार्य का निरीक्षण किया गया और किसानों से सहयोग की अपील की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि गलत सर्वे या गन्ना किस्म के गलत अंकन पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय


आकाशीय बिजली गिरने से घर का पड़ा मलबा। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** गुरुवार की देर रात आई तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। एक टीन शेड पर आकाशीय बिजली अचानक गिर गई। जिससे खलवली मच गई। घरेलू सामान नष्ट हो गया।पीडित ने मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा निवासी बिकास वावू अपनी पत्नी सीमा और मां करुणा परिवार के साथ टीन शेड घर में रहता है। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नही है। गुरुबार की देर रात तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के दौरान अचानक आकाशीय बिजली उसके टीनशेड मकान पर गिर गई। जिससे पूरे परिवार में चीख-पुकार मच गई और लोग जान बचाकर घर से बाहर निकल आए। बिजली गिरने से मकान की टीनशेड और दीवारें क्षतिग्रस्त गिर गईं। साथ ही घर में रखा अनाज, चारपाई, सिलाई मशीन सहित हजारों रुपये का घरेलू सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पीड़ित परिवार की मदद की। पीड़ित परिवार ने तहसील प्रशासन को सूचना देकर नुकसान का सर्वे कराए जाने और मुआवजा दिलाने की मांग की है। लेखपाल ने पहुंच कर छति का आकलन किया। नायब तहसीलदार ने वताया सूचना पर लेखपाल को भेजा गया है। पीडित परिवार को मुआवजा दिलाया जाएगा।


## सचल मृदा परीक्षण वैन का आगमन हुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले की ब्लॉक ललौरीखेड़ा के चांददांडी गांव में मृदा परीक्षण अभियान के अंतर्गत 'सचल मृदा परीक्षण वैन का आगमन हुआ। इस अत्याधुनिक लैब के जरिए किसानों के खेतों की मिट्टी की जाँच सीधे परीक्षण वैन में की गई जिससे किसानों को निम्न लाभ मिलेंगे। किसानों को अब दूर लैब जाने की जरूरत नहीं, मिट्टी का परीक्षण किसानों के द्वार पर हुआ। मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों (नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश आदि) की सटीक जानकारी किसानों को मिली। जाँच रिपोर्ट के आधार पर किसानों को बताया गया कि उतनी ही खाद डालें जितनी जरूरत है। इससे खेती की लागत कम होगी और पैदावार बढ़ेगी।

# आंधी और मूसलाधार बारिश से गुल रही बिजली

जागरण मोर्चा कार्यालय


बिजली फाल्ट ठीक करता कर्मचारी।

**पूरनपुर।** अचानक मौसम बदल गया। तेज आंधी और पानी से गर्मी से राहत मिली। वहीं तेज हवाओं के कारण नगर से लेकर देहात क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। सबसे अधिक नुकसान आम की फसल को होना बताया जा रहा है।

गुरुबार की देर रात अचानक मौसम में परिवर्तन आ गया। कुछ देर बाद तेज हवा चलने लगी। देखते ही देखते हवा ने आंधी का रूप ले लिया। तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इससे नगर से लेकर देहात क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। जिससे लोगों को गर्मी से राहत तो मिली लेकिन रात अंधेरे में काटनी पडी। आंधी-पानी से सबसे अधिक नुकसान आम की फसल को हुआ है। बिजली कर्मचारी आंधी और पानी बंद होने के बाद व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटे रहे। किसानों ने बताया कि इस बारिश से खेतों में पानी वरना नहीं पड़ेगा। खेत में नमी हो जाने से उनकी जुताई आसानी से हो जाएगी। तेज आंधी के चलते घुंघचाई, शेरपुरकला, सबलपुर के बिजली उपकेंद्र ठप हो गए। इसके चलते इन केंद्रों से जुड़े गांवों में बिजली आपूर्ति पूरे दिन बाधित रही।

**श्रमिक-सेवा** गर्मी से बचाव के लिए ओआरएस, फल और कैप वितरित

# मजदूर दिवस पर श्रमिकों को मिला 'सुरक्षा कवच'

जागरण मोर्चा कार्यालय


मजदूर दिवस पर श्रमिकों को फल आदि बांटते वन विभाग के कर्मचारी।

**पीलीभीत।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर पीलीभीत सामाजिक वानिकी विभाग ने भीषण गर्मी में कार्यरत श्रमिकों के लिए सराहनीय पहल करते हुए राहत सामग्री वितरित की। विभाग द्वारा जनपद की 18 नर्सरियों एवं प्लांटेशन स्थलों पर काम करने वाले 150 से अधिक श्रमिकों को लू और डिहाइड्रेशन से बचाव हेतु ओआरएस पैकेट, पानी की बोतलें, ताजे फल और धूप से बचने के लिए कैप प्रदान की गई।

यह कार्यक्रम उपनिदेशक श्री भरत कुमार डी.के. के निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसमें डिप्टी रेंजर शेर सिंह, वन दरोगा दिग्विजय सिंह, सोनी सिंह, नवीन बोरा और शैलेंद्र कुमार सहित विभागीय स्टाफ ने अपनी-अपनी रेंजों में श्रमिकों को सामग्री वितरित की। अधिकारियों ने बताया कि नर्सरी और वृक्षारोपण का कार्य खुले वातावरण में तेज धूप के बीच होता है, जिससे श्रमिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए मजदूर दिवस के मौके पर यह पहल की गई, ताकि श्रमिक सुरक्षित रहकर अपने कार्य को बेहतर ढंग से कर सकें। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को गर्मी के मौसम में पर्याप्त पानी पीने, धूप से बचाव करने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की भी सलाह दी गई।

## सहायक खंड विकास अधिकारी हटाए गए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पूरनपुर ब्लॉक में तैनात सहायक खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र भारतीय को तत्काल प्रभाव से हटाकर जनगणना कंट्रोल रूम से अटैच कर दिया गया है। उनकी जगह ग्राम पंचायत सचिव अवनीश कुमार को अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया है।चर्चा है कि हरिश्चंद्र भारतीय द्वारा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में सख्ती और सचिवों पर कार्रवाई की तैयारी से कर्मचारी नाराज थे। इसी आंतरिक असंतोष के चलते डीपीआरओ ने उनके स्थानांतरण का आदेश जारी किया। फिलहाल, ब्लॉक में इस अचानक हुए बदलाव और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

# खनन और स्मार्ट मीटर पर भाकियू मुखर

जागरण मोर्चा कार्यालय


विरोध प्रदर्शन करते भाकियू भानु गुट कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को अवैध खनन, स्मार्ट मीटर समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। जिसमे कहा गया है कि अब तक दिए गए ज्ञापनो को निकलवाकर कार्रवाई की जाए। गैस कि किल्लत,राशनकार्ड में धांधली की जा रही है। लोगो को गैस,खाद आदि के लिए भटकना पड रहा है। इसपर निस्तारण कराए जाने की मांग की है। जिले में अवैध खनन लगातार जारी है। जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है और किसानों की जमीनों को भी क्षति पहुंच रही है। इसके अलावा स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर भी किसानों में आक्रोश है। उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर से बिजली बिल अधिक आ रहे हैं, जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। इससे नाराज होकर उन्हें प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने, स्मार्ट मीटर की जांच कराने और अन्य स्थानीय समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष भजन लाल क्रोधी,नंद किशोर, रामगोपाल, धर्मेंद्र कुमार, शेखर सहित कई किसान रहे।

## एक नजर

### अनियंत्रित होकर पलटा कंटेनर, पुलिस पहुंची

**पूरनपुर।** हजारा थाना क्षेत्र एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते बच गया। तेज रफ्तार कंटेनर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चालक ने कूद कर जान बचाई ।हादसे को लेकर खलवली मच गई। लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। मामले की सूचना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही हजारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। क्रेन की मदद से कंटेनर को हटाने की कार्रवाई की गई। जिससे यातायात भी कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। पुलिस ने वताया कि मामले की जांच कर रही है। हादसे के कारणों की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

### हरा पेड़ काटने पर लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

**कलीनगर।** तहसील काली नगर क्षेत्र के चांदपुर हल्का लेखपाल अंकित गुप्ता ने बताया संख्या गाटा संख्या 270 हेक्टेयर रक्वा 0 .097 में खड़े हरे पेड़ को 22 अप्रैल की रात्रि में देवीपुर निवासी विष्णु लाल में अपने पुत्र ललित के साथ ठेकेदार शाहिद और अमित की मदद से काट लिए। सूचना पर लेखपाल मौके पर पहुंचे तो पेंड कटे मिले और लकडी गायब थी। हल्का लेखपाल ने माधोटांडा थाना पुलिस को मामले की तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### बहला फुसलाकर युवती को ले गया युवक

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती को बीतीरात माधोटांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक अपने सहयोगियों की मदद से बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। सुवह युवती को घर ना पाकर परिवार के होश उड गए। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नही चल सका। मामले की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया मामले की तहरीर मिली है। जल्द ही लडकी को बरामद कर लिया जाएगा।

# तीसरे दिन भी 'डीजल' जैसा रिसाव

## एसडीएम बिसौली के निर्देश पर जांच टीम पहुंची, लैब रिपोर्ट का इंतजार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ओरछी (बदायूं)।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले गांव खेड़ादास में एक घर के पुराने समरसेबल से डीजल जैसी गंध वाले तरल निकलने के दावे ने पूरे क्षेत्र में हलचल मचा दी है। मामला सामने आने के बाद गांव में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने से चर्चा और तेज हो गई। मामले की जानकारी प्रशासन तक पहुंचने के बाद उपजिलाधिकारी बिसौली के निर्देश पर टीम गांव पहुंची और जांच के बाद तरल के नमूने लैब भेज दिए गए हैं।



गांव में तीसरे दिन फिर से डीजल जैसे तरल निकलने से फिर से गांव में चर्चा हो गई की अतुल कुमार सिंह के सबमर्सिबल से फिर से डीजल निकल रहा है गांव वालों की भीड़ जमा हो गई। गांव वालों ने बताया कि उनके घर पर काफी समय से सबर सिंबल लगा हुआ है। पिछले दिनों जब समरसेबल चलाया गया तो निकल रहे पानी में तेज डीजल जैसी गंध महसूस हुई। शुरुआत में परिवार के लोगों ने इसे सामान्य माना, लेकिन बाद में पानी में लगातार डीजल जैसी गंध आने लगी। उनका कहना है कि आज 65 फीट की गहराई पर समरसेवली चलाया तो फिर डीजल मात्रा में यह तरल निकल रहा है, जबकि 80 फीट पर इसकी मात्रा कम बताई जा रही है। पानी में झाग बनने की बात भी सामने आई है।

आज फिर तीसरे अतुल कुमार ने जब इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। देखते ही देखते उनके घर के बाहर लोगों का जमावड़ा लग गया। आसपास के गांवों से भी लोग इस अनोखे मामले को देखने पहुंचने लगे। कई लोगों ने मौके के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए, जिसके बाद यह मामला तेजी से वायरल हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी बिसौली साईं आश्रित साखमुरी ने जांच के निर्देश दिए। मंगलवार को उनके आदेश पर गांव पहुंची टीम में नायब तहसीलदार बिसौली आनंद रॉय, आपूर्ति निरीक्षक पीयूष गंगवार, जिला स्तरीय ऑयल निरीक्षक समेत अन्य संबंधित अधिकारी शामिल रहे। इसके अलावा क्षेत्र के तीन पेट्रोल पंप संचालकों को भी मौके पर बुलाया गया, ताकि तकनीकी तौर पर भी स्थिति को समझा जा सके। गांव वालों ने बताया की जो जांच की टीम आई थी उसका अभी तक सेम्पल नहीं आया है। जांच टीम ने मौके पर समरसेबल चलवाकर निकल रहे तरल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने तरल के नमूने भरकर सील किए और उन्हें प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेज दिया। अभी जांच होकर नहीं आये हैं। उपजिलाधिकारी बिसौली ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद तत्काल टीम भेजकर जांच कराई गई है। तरल पदार्थ के नमूने जांच के लिए लैब भेज दिए गए हैं।

# हाथी के हमले में महिला की मौत, गांव में दहशत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मंडावली (बिजनौर)।** जनपद बिजनौर के मंडावली क्षेत्र के ग्राम रामपुर चाढा में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया। दूध लेने जा रही 45 वर्षीय महिला पर जंगली हाथी ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम निवासी ब्रह्मवती (45) पत्नी सुंदर सिंह सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव से लगभग 500 मीटर दूर कालू के डेरे पर दूध लेने जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में अचानक हाथी सामने आ गया और उसने महिला पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में भय का वातावरण बन गया। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। आरोप है कि सूचना देने के करीब दो घंटे बाद वन विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। भागूवाला चौकी प्रभारी संजय सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों की आवाजाही बनी हुई है, जिससे लोगों में भय व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि हाथियों की रोकथाम और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। फिलहाल, वन विभाग मामले की जांच में जुटा है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दिलावरपुर में शराबी का उत्पात, युवक पर नुकीली चीज से हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**घुंघचाई।** गांव दिलावरपुर में एक शराबी युवक ने घर में घुसकर मारपीट करते हुए एक व्यक्ति को घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

पीड़ित कपिल कुमार वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार को वह अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव का एक व्यक्ति शराब के नशे में वहां पहुंच गया और गाली-गलौज करने लगा। जब उनकी पत्नी ने उसे ऐसा करने से रोका तो उसने अश्लील इशारे करने शुरू कर दिए। विरोध करने पर आरोपित ने घर में घुसकर कपिल की पिटाई कर दी। आरोप है कि उसने नुकीली वस्तु से चेहरे पर हमला कर दिया, जिससे आंख के नीचे गंभीर चोट आ गई। सूचना पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।



हमले से घायल हुआ कपिल कुमार वर्मा।

## आंबेडकर की फ्लेक्सी फाड़ने पर केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना क्षेत्र के चूका बाजार में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की फ्लेक्सी फाड़ने और अपमानजनक टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। फैजुल्लागंज निवासी राहुल कुमार की शिकायत पर पुलिस ने पचपेड़ा निवासी नीलकंठ के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि गुरुवार रात आरोपी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए फ्लेक्सी फाड़ दी, जिससे स्थानीय लोगों की भावनाएं आहत हुईं और भारी रोष फैल गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# आसफपुर में 24 घंटे में दो चोरी की वारदातें

## दून्दपुर में खेत से केबल-स्टार्टटर चोरी, एक दिन पहले दुकान से अल्टीनेटर पार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर (बदायूं)।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। दून्दपुर गांव में महज 24 घंटे के भीतर दो अलग-अलग चोरी की वारदातों ने पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा घटना खेत में बने ट्यूबवेल से केबल और स्टार्टटर चोरी की है, जबकि इससे एक दिन पहले बाजार में दुकान के बाहर खड़े जनरेटरों से अल्टीनेटर चोरी कर लिए गए थे।



ग्राम दून्दपुर निवासी मान सिंह पुत्र जोगराज ने पुलिस चौकी आसफपुर में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 25 मार्च की रात अज्ञात चोर उनके खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे को निशाना बनाकर वहां घुस गए। कमरे में लोहे की चादर का दरवाजा लगा था और उस पर ताला भी बंद था, लेकिन चोरों ने दरवाजे की चादर को नीचे से तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद वहां से करीब 15 मीटर कॉपर केबल और ट्यूबवेल का स्टार्टटर चोरी कर ले गए। पीड़ित के अनुसार उन्हें घटना की जानकारी 26 मार्च की सुबह खेत पर पहुंचने पर हुई। चोरी गए सामान की कीमत करीब 15 हजार रुपये आंकी गई है। घटना का स्थान पुलिस चौकी आसफपुर के पीछे, शिव मंदिर के पास और शराब के ठेके से लगभग 300 मीटर की दूरी पर बताया जा रहा है। वहीं, इससे एक दिन पहले दून्दपुर स्थित पाराशरी मार्केट में एक जनरेटर की दुकान के बाहर खड़े सेट से चोरों ने करीब 50 हजार रुपये के अल्टीनेटर निकाल लिए थे। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय पुलिस गश्त प्रभावी नहीं होने के कारण चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इस संबंध में नवागत चौकी इंचार्ज जुगेंद्र बालियान ने बताया, "मैं छुट्टी से लौट रहा हूं। प्रार्थना पत्र आया है तो चौकी पर आकर देखा जाएगा। छोटी-मोटी चोरियां होती रहती हैं, किसी का मोबाइल चोरी होता है तो किसी का स्टार्टटर खुल जाता है। पुलिस हर जगह थोड़ी न बैठी है।" पीड़ित ने मामले में मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। वहीं, क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## धूमधाम से मनाया बुद्ध पूर्णिमा का त्यौहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नगीना।** बुद्ध पूर्णिमा का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया, इस मौके पर बोद्ध समाज के लोगों ने भगवान बुद्ध की शोभायात्रा मुख्य मार्गों से निकाली तथा विचारगोष्ठी में समाज के लोगों से भगवान बुद्ध के मार्ग चलने का अआहवान किया। शुक्रवार की सुबह 10:30 बजे बोद्ध समाज के लौंग और महिलाएं नगर के आखिरी छोर पहाड़ी दरवाजा चौक पर एकत्र हुए जहां से भारतीय बौद्ध महासभा के बैनर तले बुद्ध भगवान की सौभाग्य यात्रा शुरू हुई। शोभा यात्रा में सबसे आगे सुसज्जित घोड़ा बगी पर भगवान बुद्ध की पीतल की प्रतिमा, डीजे, एवं चार ई रिक्शाओ पर अलग-अलग डॉ भीमराव अंबेडकर ज्योतिबा फुले, भगवान रविदास जी एवं सावित्रीबाई फुले की पतिमाएं सजी थी।

# अष्टभुजा महारानी देवी मंदिर के नवनिर्माण का लोकार्पण, भक्तिमय हुआ वातावरण



अष्टभुजा महारानी देवी मंदिर के नवनिर्माण के लोकार्पण में मौजूद विधायक पुत्र ऋतुराज व शैलेन्द्र गुप्ता। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला साहूकारा (लाइन पार) स्थित प्राचीन अष्टभुजा महारानी देवी मंदिर के नवनिर्माण का लोकार्पण विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक पुत्र ऋतुराज व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की उपस्थिति में कानपुर से पधारे विद्वान पंडित हरिओम द्विवेदी ने मंत्रोच्चार व विधिविधान के साथ पूजन कराया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रबंधक नवीन अग्रवाल, अध्यक्ष रवि गुप्ता, राम बहादुर गुप्ता, अंशु गुप्ता, अशोक गुप्ता, सुधांशु गुप्ता (कार्यकारिणी सदस्य), डॉ. सुधाकर पांडेय तथा पुजारी दिनेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की।

## देवर-भाभी ने मिलकर पति को पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नगीना।** अवैध संबंधों के चलते एक महिला ने अपने प्रेमी देवर के साथ मिलकर अपने पति को सिर पर भारी चीज से मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित पति की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्राम डेलपुरा निवासी अर्जुन पुत्र रामकुमार ने कहा है कि उसकी पत्नी योगेश के अपने देवर यानी उसके भाई बहादुर पुत्र रामकुमार से अवैध संबंध है उसने 25/26 अप्रैल की रात्रि को जब वह सो रहा था उसके सिर पर भारी चीज से वार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित पति की तहरीर पर नगीना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नन्हे मुन्नों की वेशभूषा प्रतियोगिता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मोहन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, तिरंगा चौक में कक्षा उदय से कक्षा नौ तक के विद्यार्थियों की वेश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक वेशभूषा प्रस्तुत की।

प्रतियोगिता में कक्षा उदय से आरोही, प्रभात से वैष्णवी, अरुण से अंकित सिंह, प्रथम से शिव मिश्रा, द्वितीय से रिद्धि, तृतीय से अरनव अग्रवाल, चतुर्थ से राजवीर प्रजापति, पंचम से आदित्य सक्सेना, सप्तम से अर्पन, अष्टम से आरुष गंगवार तथा कक्षा नौ से विकास सिंह व समर सिंह प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर संस्कृति बाजपेई, आर्यन, अनिकेत, काव्या, अतुल कुमार, माही वर्मा, श्रद्धा सिंह, राज शर्मा व रिद्धि वर्मा रहे, जबकि तृतीय स्थान पर नैना, अनमोल, अचल शर्मा, समक्ष मिश्रा, अंशिका शर्मा, विवेक सिंह, संजना सिंह, शाह हुसैन व पूजा वर्मा रहे। निर्णायक मंडल में जसवंत लोधी, अजय पांडे व दिनेश कुमार ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। अंत में प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं।



वेशभूषा प्रतियोगिता में उपस्थित बच्चे। -जागरण मोर्चा

- आकर्षक परिधानों में सजे छात्र, नन्हे-मुन्नों ने मोह लिया
- विभिन्न कक्षाओं के विजेता विद्यार्थियों का सम्मान

**राहत** पर्यटकों के लिए बड़ी खुशखबरी : सैलानियों की लगी लॉटरी

# टाइगर रिजर्व में बोटिंग, जंगल सफारी और हटों के किराया हुआ कम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म एवं वन निगम ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व आने वाले पर्यटकों को बड़ी राहत दी है। मोटर बोट, जंगल सफारी और विभिन्न हटों के किराए में कटौती कर दी गई है, जिससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नए दर लागू होने के बाद अब सैलानी पहले से कम खर्च में जंगल की खूबसूरती और वन्यजीवों का आनंद ले सकेंगे।



वन निगम के अधिकारी पुलकित निगम के अनुसार, चूका पिकनिक स्पॉट स्थित शारदा सागर डैम में चलने वाली मोटर बोट का किराया पहले 6 लोगों के लिए 4000 रुपये था, जिसे घटाकर 1800 रुपये कर दिया गया है। वहीं वन निगम के वाहन से जंगल सफारी का किराया 4700 रुपये से घटाकर 4500 रुपये कर दिया गया है। इस फैसले से पर्यटकों को सीधा लाभ मिलेगा और अधिक लोग टाइगर रिजर्व की ओर आकर्षित होंगे। पर्यटकों के ठहरने के लिए बनाए गए हटों के किराए में भी कटौती की गई है। चूका बीच के अंदर स्थित थारू हट का किराया 5600 रुपये से घटाकर 4700 रुपये कर दिया गया है। वहीं ट्री हट, जो पहले 9100 रुपये में उपलब्ध था, अब 7900 रुपये में बुक किया जा सकेगा। इस कदम से रात रुककर जंगल का अनुभव लेने वाले सैलानियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। वन निगम द्वारा जारी आदेश पीलीभीत टाइगर रिजर्व के साथ-साथ कर्तनियाघाट वन्यजीव विहार पर भी लागू किए गए हैं। नेहरू पार्क और मुस्तफाबाद बुकिंग काउंटर से टिकट लेने पर पर्यटकों को अतिरिक्त छूट का लाभ भी दिया जा रहा है।

### नई सुविधा से बढ़ी प्रतिस्पर्धा, घटाने पड़े रेट

जानकारों का कहना है कि हाल ही में सेला ईडीसी द्वारा चूका पिकनिक स्पॉट पर मोटर बोट की नई सुविधा शुरू किए जाने के बाद प्रतिस्पर्धा बढ़ी है। इसी कारण वन निगम को अपने किराए कम करने पड़े हैं। इससे पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं और सस्ते विकल्प मिल रहे हैं। किराए में कमी के इस फैसले से आने वाले समय में पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या बढ़ने की पूरी संभावना है। सस्ती दरों के साथ अब यह स्थान प्रकृति प्रेमियों और एडवेंचर के शौकीनों के लिए और भी आकर्षक बन गया है।

## अबैध शराब के 35 पव्वों के साथ महिला गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नगीना।** आबकारी पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम लखनपुर निवासी चर्चित महिला को अवैध शराब के 35 पव्वो के साथ गिरफ्तार कर थाने लाई। शुक्रवार को जहां लोग गुरु पूर्णिमा मना रहे है वहीं आबकारी पुलिस ने नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम लखमनपुर निवासी चर्चित महिला रिंकी को 35 अवैध शराब के पव्वों के साथ गिरफ्तार कर नगीना थाने ले आई। महिला को बचाने के लिए जहां दलाल सक्रिय हो गए वहीं ग्राम की दर्जनों महिलाओं ने थाने पर पहुंच चर्चित महिला को न छोड़ने की गुहार लगाई है क्योंकि यह चर्चित महिला काफी समय से अवैध शराब का धंधा करती चली आ रही है। जिसके कारण कई घर बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गए है और कुछ बर्बाद हो चुके है।



बरसात में चौराहे पर भरा पानी। -जागरण मोर्चा

# पहली बारिश में जलमग्न ओरछी चौराहा

जागरण मोर्चा कार्यालय


**ओरछी (बदायूं)।** कस्बा ओरछी क्षेत्र के मैन चौराहे पर पहली ही बरसात में चौराहे पर पानी भर गया। जिससे आवागमन में परेशानियां हो रही है, जिससे क्षेत्र के लोगों को पानी में होकर निकलना पड़ रहा है।

दुकानों के आगे पानी भरने से कस्बा चौराहे पर नाला ना होने की वजह से पीडब्ल्यूडी विभाग भी ध्यान नहीं दे रहा हैं। क्षेत्र के आसपास के ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है जलमग्न की समस्याओं को दूर की जाये दुकानदार की परेशानी को नहीं समझ रहा है। नेता भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। क्षेत्र के ग्रामीण और दुकानदारों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि बरसात से पहले पानी की समस्या का को दूर किया जाए।

आईपीएल 2026

## रिकेल्टन बने मुंबई इंडियंस के लिए सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज

**मुंबई।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ बुधवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज 44 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। इसी के साथ रिकेल्टन एमआई की तरफ से सबसे तेज आईपीएल शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस लिस्ट में सनथ जयसूर्या संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर हैं। जयसूर्या ने साल 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के विरुद्ध 45 गेंदों में शतक लगाया था। इसके बाद



आईपीएल 2026 में तिलक वर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ इतनी ही गेंदों पर अपना शतक पूरा किया था। कैमरून ग्रीन इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने साल 2023 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 47 गेंदों में शतक पूरा किया था। सूर्यकुमार यादव (49 गेंदें) इस लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं, जिन्होंने आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 49 गेंदों में शतक लगाया था। वानखेड़े स्टेडियम में एसआरएच के विरुद्ध बाएं हाथ के बल्लेबाज रिकेल्टन ने 55 गेंदों में नाबाद 123 रन की पारी खेली। इस दौरान 10 चौके और 8 छक्के लगाए।

इस पारी में रिकेल्टन ने 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो एमआई की तरफ से संयुक्त रूप से सातवां सबसे तेज अर्धशतक है। मुंबई इंडियंस के लिए सबसे तेज आईपीएल अर्धशतक का रिकॉर्ड ईशान किशन के नाम पर है, जिन्होंने 8 अक्टूबर 2021 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ महज 16 गेंदों में इस आंकड़े को छुआ था। इससे पहले रयान रिकेल्टन 29 मार्च 2026 को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 24 गेंदों में अर्धशतक लगा चुके थे।

वानखेड़े स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने 5 विकेट खोकर 243 रन बनाए। इस टीम के लिए रिकेल्टन (नाबाद 123) के अलावा, विल जैक्स ने 22 गेंदों में 3 छक्कों और 5 चौकों के साथ 46 रन की पारी खेली। इनके अलावा, कप्तान हार्दिक पांड्या ने 31 रन, जबकि नमन धीर ने 22 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से प्रफुल हिंगे ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए।


रोहित शर्मा बर्थडेः आईपीएल की सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने

# 'हिटमैन' को खास अंदाज में दी जन्मदिन की बधाई



रोहित शर्मा

**रोहित शर्मा ने अपना 39वां जन्मदिन मनाया। भारतीय क्रिकेट और आईपीएल के सबसे सफल कप्तान और बल्लेबाजों में से एक रोहित को आईपीएल की सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने अलग-अलग अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है।**




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का विजेता बनाने वाले रोहित शर्मा गुरुवार को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। भारतीय क्रिकेट और आईपीएल के सबसे सफल कप्तान और बल्लेबाजों में से एक रोहित को आईपीएल की सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने अलग-अलग अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। मुंबई इंडियंस (एमआई) ने एक्स पर लिखा, 'मुंबई के राजा और एकमात्र हिटमैन को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में मुंबई इंडियंस को पांच बार आईपीएल चैंपियन बनाया है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने लिखा, 'दो आईसीसी ट्रॉफी, एक हिटमैन। जन्मदिन मुबारक हो, रोहित शर्मा।' रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक्स पर लिखा, 'अरे, आज है ना, हिटमैन का वो है। उस आदमी को जन्मदिन की बधाई जो बल्लेबाजी को आसान बनाता है और क्रिकेट को और मजेदार बनाता है। हिट करते रहो, रो-हिट शर्मा।' राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने रोहित शर्मा के साथ रवींद्र जडेजा की दो तस्वीरें साझा करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। गुजरात टाइटंस (जीटी) ने अपने एक्स पर दो तस्वीरें साझा करते हुए को जन्मदिन की बधाई दी है। एक तस्वीर टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली है और दूसरी तस्वीर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद की है। चैंपियंस ट्रॉफी वाली तस्वीर में रोहित के साथ जीटी के कप्तान शुभमन गिल भी हैं।

जीटी ने कैप्शन में लिखा, 'आपको सुपर-हिट जन्मदिन की शुभकामनाएं, रोहित।' दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने अपने कप्तान अक्षर पटेल के साथ रोहित शर्मा की तस्वीर साझा करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने रोहित शर्मा की तस्वीर साझा करते हुए लिखा है, 'खुशी, रन और दिल एक साथ खींच रहे हैं। जन्मदिन मुबारक हो, रोहित शर्मा।' लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने रोहित शर्मा की टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा है, 'ये, वो और एक ही रो, जन्मदिन मुबारक हो हिटमैन।'

सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने लिखा, 'रिकॉर्ड। तारीफ। भारतीय क्रिकेट के एक सच्चे लीजेंड। जन्मदिन मुबारक हो, हिटमैन।' पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने एक्स पर एक वीडियो साझा की है। इसमें रोहित शर्मा टीम के खिलाड़ियों से मिलते हुए दिख रहे हैं। पंजाब ने कैप्शन में लिखा, 'रोहित के जन्मदिन पर क्या बोलेंगे? हैपी बर्थ डे हिटमैन।' भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी रोहित शर्मा को जन्मदिन पर बधाई दी है।

यूईएफए चैंपियंस लीग

## एटलेटिको मैड्रिड और आर्सेनल के बीच मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा

**मैड्रिड।** यूईएफए चैंपियंस लीग 2026 के सेमीफाइनल के पहले लेग में स्पेन के मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में एटलेटिको मैड्रिड और आर्सेनल के बीच मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। फाइनल का टिकट कटाने के लिए अगले सप्ताह दोनों टीमें लंदन में एक-दूसरे के सामने होंगी। मैच में दोनों गोल पेनल्टी से आए। आर्सेनल के लिए यह ड्रॉ थोड़ा निराशाजनक रहा, क्योंकि वीएआर के देर से हस्तक्षेप के कारण उन्हें दूसरे पेनल्टी का मौका नहीं मिल सका, जो शायद मैच का परिणाम बदल सकता था। एटलेटिको मैड्रिड ने अपने घरेलू मैदान पर मजबूत शुरुआत की। टीम ने लेफ्ट विंग पर एडेमोला लुकमैन और गोलपोस्ट के



नीचे जान ओब्लाक को उतारा, जबकि मिडफील्ड में पाब्लो बैरियोस की गैरमौजूदगी में जॉनी कार्डोसो ने जिम्मेदारी संभाली। दूसरी ओर, आर्सेनल के लिए एबेरेची एजे और बुकायो साका पूरी तरह फिट नहीं थे और उन्हें बेंच पर रखा गया। मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमें सतर्क नजर आईं और किसी भी तरह की रक्षात्मक गलती से बचने की कोशिश करती रहीं। आर्सेनल के नोनी मादुके ने दाईं ओर से शानदार दौड़ लगाकर पहला मौका बनाया, जबकि गोलकीपर डेविड राया ने गिउलिआनो शिमोन के प्रयास को नाकाम कर दिया। पहले हाफ के अंतिम मिनट में आर्सेनल को पेनल्टी मिली, जब विक्टर ग्योकेरेस को डेविड हैंको ने बॉक्स के अंदर धक्का दिया। ग्योकेरेस ने खुद ही पेनल्टी लेकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, दूसरे हाफ की शुरुआत में ही एटलेटिको ने वापसी कर ली। 56वें मिनट में बेन व्हाइट के हैंडबॉल के बाद वीएआर की मदद से एटलेटिको को पेनल्टी मिली, जिसे जूलियन अल्वारेज ने गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। 78वें मिनट में आर्सेनल को एक और पेनल्टी मिलने की उम्मीद जगी, लेकिन वीएआर ने रेफरी के फैसले को पलट दिया।

# रियान पर 'वेपिंग' के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया

डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान रियान पराग पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। पराग पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मैच में ड्रेसिंग रूम के अंदर वेप का इस्तेमाल करते दिखे थे। गुरुवार को आईपीएल की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि पराग ने आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 को तोड़ने की बात मान ली है, जिसमें 'ऐसा व्यवहार जिससे खेल की बदनामी हो' शामिल है। आईपीएल की ओर से बयान में आगे कहा गया, 'यह घटना पंजाब किंग्स-आरआर मैच के दौरान आरआर की बल्लेबाजी के दौरान हुई। रियान को ड्रेसिंग रूम के अंदर वेप का इस्तेमाल करते देखा गया था। रियान ने गलती मान ली और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा लगाई गई सजा को मान लिया।'

ऐसा माना जाता है कि पराग के वेप इस्तेमाल करने के विजुअल अधिकारियों के ध्यान में आने के बाद, ऑन-फील्ड अंपायर तन्मय श्रीवास्तव और नितिन मेनन ने मैच रेफरी शर्मा को मामले की जानकारी दी। आईपीएल के कोड में वेपिंग का साफ तौर पर जिक्र नहीं है, लेकिन ड्रेसिंग रूम और खिलाड़ियों के जगह पर डेकोरम बनाए रखने पर जोर दिया गया है।



बयान में यह भी कहा गया है कि आरआर पर सख्त एक्शन लेने की भी तैयारी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) गलती करने वाली टीम, उसके अधिकारियों और खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के लिए दूसरे विकल्प भी देख रहा है ताकि आईपीएल की प्रतिष्ठा बनी रहे।

आईपीएल के आर्टिकल 2.21 का मकसद ऐसे सभी तरह के कामों को देखना है जिनसे खेल की बदनामी होती है।

## मार्टा कोस्त्युक ने करियर के दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाई

**मैड्रिड।** मार्टा कोस्त्युक ने चेक गणराज्य की 13वीं सीड लिंडा नोस्कोवा के खिलाफ 7-6(1), 6-0 से जीत हासिल करते हुए अपने करियर के दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। यूक्रेनी खिलाड़ी अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में जगह बनाने के लिए लकी लूजर अनास्तासिया पोटापोवा से भिड़ेंगी। कोस्त्युक डब्ल्यूटीए टूर लेवल पर पोटापोवा के खिलाफ 2-2 से बराबर हैं, लेकिन उन्होंने अपने पिछले दो मैच सीधे सेटों में जीते हैं, जिसमें पिछले साल मैड्रिड में उनका सबसे हालिया मैच भी शामिल है। दूसरे सेमीफाइनल में मीरा एंड्रीवा और हैली बैप्टिस्ट का मुकाबला होगा। पहले सेट में कुल मिलाकर आठ सर्व ब्रेक हुए। दोनों खिलाड़ियों को मनोलो सैंटाना स्टेडियम के ठंडे तापमान में सर्व पर संघर्ष करते देखा गया। कोस्त्युक ने ब्रेकर में शानदार खेल दिखाया और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।



18वें सीजन में बना रिकॉर्ड टूटा

# आईपीएल 2026 में बना नया कीर्तिमान

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग में बल्लेबाजी ऐसे स्तर पर पहुंच गई है, जहां पहली पारी में बना बड़े से बड़ा स्कोर भी सुरक्षित नहीं रह गया है। आईपीएल 2026 में तो 200 या उससे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का नया रिकॉर्ड बन गया है। आईपीएल 2026 में 29 अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। एमआई पहली पारी में 243 रन बनाकर भी हार गई। इसके पहले अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स को 264 रन बनाने के बावजूद पंजाब किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था। ये दो मैच बस उदाहरण हैं। आईपीएल 2026 में ऐसा 10 बार हुआ है जब दूसरी पारी में 200 या उससे ज्यादा का लक्ष्य हासिल करते हुए टीमों ने जीत हासिल की है। यह आईपीएल का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले किसी भी सीजन में 10 बार 200 या उससे अधिक का लक्ष्य



हासिल नहीं हुआ था। आईपीएल 2026 का लगभग आधा सीजन बाकी है। ऐसे में 200 या उससे बड़े लक्ष्य को हासिल करने वाली संख्या बढ़ती सकती है। पुराना रिकॉर्ड 18वें सीजन (आईपीएल 2025) में बना था, जब टीमों ने 9 बार 200 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल किया था।

आईपीएल 2026 में 200 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल करने वाली टीमों में आरसीबी (2 बार), मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स (3 बार), राजस्थान रॉयल्स (2 बार), और एसआरएच (2 बार) का नाम शामिल है।

आईपीएल में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड पंजाब किंग्स के नाम है। पंजाब ने इसी साल दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 का लक्ष्य हासिल किया है, जो आईपीएल का रिकॉर्ड है। दूसरे नंबर पर भी पंजाब ही है।




# कमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी, दिल्ली में अब 3071.50 रुपये पहुंचा दाम

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली** सरकारी तेल कंपनी आईओसी ने इस कदम को तेल विपणन कंपनियों द्वारा वैश्विक रुझानों के साथ तालमेल बिठाने, घरेलू उपभोक्ताओं की रक्षा करने और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण का प्रतिबिंब बताया है। कमर्शियल सिलिंडर की कीमतों में एक मई यानी आज से बड़ा इजाफा हुआ है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि आज से 19 किलो के कमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी हो गई है। दिल्ली में आज से 19 किलो के सिलिंडर की कीमत 3071.50 रुपये होगी। घरेलू सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों के दाम बढ़ाए जाने के अलावा पांच किलोग्राम के एफटीएल (मुक्त व्यापार एलपीजी) सिलिंडर की कीमत में भी वृद्धि का फैसला लिया गया है। इसके तहत कीमतें तत्काल प्रभाव से 261 रुपये प्रति सिलिंडर बढ़ गई हैं। पांच किलोग्राम का फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलिंडर का उपयोग मुख्य रूप से छोटे प्रतिष्ठानों और सीमित व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है। इसपर सब्सिडी नहीं दी जाती है। इसकी कीमत बाजार दरों के करीब होने की वजह से वैश्विक उतार-चढ़ाव के प्रति अधिक संवेदनशील होता है। वहीं, पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक देश की सरकारी तेल कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बावजूद घरेलू विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। यह निर्णय एयरलाइनों और उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय मूल्य अस्थिरता से बचाने के उद्देश्य से लिया गया है। इसके साथ ही, पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी सिलिंडरों की खुदरा कीमतों को भी स्थिर रखा गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, आम जनता को प्रभावित करने वाले प्रमुख ईंधनों की दरों में कोई संशोधन नहीं किया गया है। एटीएफ की कीमतों में हर महीने की पहली तारीख को इनपुट लागत के आधार पर संशोधन किया जाता है। हालांकि, घरेलू एयरलाइनों के लिए दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वहीं अंतरराष्ट्रीय वाहकों के लिए कीमतों में वृद्धि हुई है। आईओसी ने बताया कि पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें उन उपभोक्ताओं के लिए अपरिवर्तित रहीं, जो कुल खपत का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा हैं। इसी तरह, लगभग 33 करोड़ उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी (14.2-किलोग्राम सिलिंडर) की कीमतों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत वितरित केरोसिन की कीमतों में भी कोई वृद्धि नहीं हुई है। कुल मिलाकर, पेट्रोलियम उत्पादों का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा ऐसा है जिसकी कीमतों में कोई बदलाव नहीं आया है, जिससे अधिकांश उपभोक्ताओं के लिए स्थिरता सुनिश्चित हुई है। तेल कंपनियों ने बताया कि मूल्य संशोधन केवल चुनिंदा औद्योगिक क्षेत्रों तक सीमित हैं, जिनकी खपत में अपेक्षाकृत छोटा हिस्सा है और जो वैश्विक बेंचमार्क के आधार पर नियमित मासिक समायोजन के अधीन हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।